दैनिक
नव प्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 2 | देश विदेश 4 | अभिव्यक्ति 11 | कारोबार/खेल

बिलासपुर, रविवार, 20 अप्रैल 2025 | शुक्ल पक्ष-अष्टमी, विक्रम संवत -2082 / वर्ष-11 अंक- 10 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए | रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित, www.navpradesh.com

आज बेबाक

पाकिस्तानी हुक्मरानों की तरह ही वहां के आर्मी चीफ जनरल मुनीर ने भी बेसुरा कश्मीरी राग अलापते हुए कहा है कि कश्मीर पाकिस्तान के गले की नस है। दरअसल वह पाकिस्तान के गले की हड्डी है, जिसे लेकर पाकिस्तानी सेना प्रमुख भी मुंगेरी लाल की तरह हसीन सपने देखने की बिमारी से ग्रस्त हो गए हैं। जिसका कोई इलाज नहीं है। पाकिस्तान को पता है कि कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है फिर भी जब तब वो कश्मीर पर अपना दावा ठोकते रहता है। हकीकत तो यह है कि पाकिस्तान ने जिस पीओके पर अवैध कब्जा कर रखा है वह भी उसके हाथ से निकलने वाला है।

पाटन में बन रहा 110 एकड़ में लघुवनोपज प्रसंस्करण केन्द्र, वनमंत्री ने कहा-समय पर पूरा हो निर्माण

■ वनमंत्री कश्यप और सांसद विजय बघेल ने लघुवनोपज प्रसंस्करण केंद्र का किया अवलोकन

दुर्ग/नवप्रदेश। प्रदेश के वन मंत्री केदार कश्यप ने दुर्ग जिले के पाटन विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम जामगांव (एम) में केन्द्रीय प्रसंस्करण इकाई का अवलोकन कर अद्यतन कार्यों का जायजा लिया। वनमंत्री ने यथाशीघ्र गुणवत्ता पूर्ण निर्माण कार्य निर्धारित समय सीमा में पूरा करने संबंधितों को निर्देशित किया। इस अवसर पर सांसद विजय बघेल व जिला एवं जनपद पंचायत के प्रतिनिधि भी साथ मौजूद थे। लघु वनोपजों के प्रसंस्करण हेतु लगभग 23 करोड़ की लागत से 110 एकड़ क्षेत्र में विभिन्न प्रसंस्करण इकाई स्थापित किया जा रहा है। वन मंत्री ने इन इकाई में प्रसंस्करण होने वाले उत्पाद तथा गोदामों में भंडारित वनोपज, मिलेट्स फसल, प्रसंस्करण पश्चात् वितरण आदि की भी जानकारी ली। वन मंत्री कश्यप ने सम्पूर्ण इकाई परिसर में स्थानीय जनप्रतिनिधियों को एक पेड़ माँ के नाम पर लोगों से पौध रोपण करने ■ शेष पृष्ठ 6 पर

सुशासन तिहार: जनता से सरोकार बहने लगी खुशियों की बयार

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अगुवाई में प्रदेश में सुशासन तिहार की शुरुआत की गई है, जो सरकार की लोक-कल्याणकारी नीतियों और योजनाओं की व्यापक सफलता का प्रतीक बन चुका है। इस तिहार का उद्देश्य आम जनता तक सरकारी योजनाओं का सीधा लाभ पहुँचाना और उन्हें सशक्त बनाना है। वास्तव में, समस्याओं के त्वरित निराकरण से जनता के दिलों में खुशियों की बयार बहने लगी है। जनता से सरोकार और संवाद करने वाली सरकार नागरिकों के द्वारा प्रस्तुत आवेदनों का गंभीरता से निराकरण कर रही है, जिसका सकारात्मक असर पूरे प्रदेश में स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है। महासमुंद जिले के पिथौरा विकासखंड की ग्राम पंचायत अमलीडीह के आश्रित ग्राम पतेरापाली निवासी श्रीमती युगेश्वरी ध्रुव ने प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत पक्के मकान हेतु सुशासन तिहार के दौरान आवेदन प्रस्तुत किया।

दिल्ली में चार मंजिला इमारत ढहने से छह की मौत

नई दिल्ली (वार्ता)। उत्तर-पूर्वी दिल्ली के दयालपुर थाना क्षेत्र में शनिवार को एक चार मंजिला इमारत के ढहने से छह लोगों मृत्यु हो गयी, जबकि 20 से अधिक लोग घायल हो गए। मलबे में कई लोगों के दबे होने की आशंका है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि घटना की सूचना करीब रात करीब तीन बजे मिली। इस आधार पर दिल्ली पुलिस के अलावा दिल्ली फायर ब्रिगेड और एनडीआरएफकी टीम शक्ति विहार गली नंबर एक स्थित घटना स्थल पर पहुंच गई। घायलों को तत्काल जीटीबी अस्पताल भर्ती कराया गया। जहां बाद में छह लोगों को मृत्यु घोषित कर दिया गया। सूत्रों ने बताया कि मलबे में कई लोगों के फंसे होने की आशंका है। इसके मद्देनजर राहत और बचाव कार्य जारी है।

मोदी कल लोक सेवकों को करेंगे संबोधित

नई दिल्ली (वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 17वें लोक सेवा दिवस के अवसर पर सोमवार को यहां लोक सेवकों को संबोधित करेंगे। वह लोक प्रशासन में उत्कृष्टता के लिए प्रधानमंत्री पुरस्कार भी प्रदान करेंगे।

वंचितों की भागीदारी सुनिश्चित होने तक न्याय अधूरा: राहुल

नयी दिल्ली(वार्ता)। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि जब तक वंचित और पीड़ित वर्ग की भागीदारी तय नहीं होगी तब तक न्याय सुनिश्चित नहीं किया जा सकता है। श्री गांधी ने कहा जब तक वंचित वर्गों की असल हिस्सेदारी और भागीदारी सुनिश्चित नहीं होगी न्याय अधूरा रहेगा। उन्होंने कहा अगर आप महिला, दलित, महादलित, पिछड़े, अति पिछड़े, पसमांदा, इडब्लूएस या अल्पसंख्यक वर्ग से हैं, या इन वर्गों का नेतृत्व करते हैंक्ष् तो हमारे 'संविधान लीडरशिप प्रोग्राम' से जुड़ें अपने अधिकारों की रक्षा, जाति जनगणना से सामाजिक न्याय और अपनी भागीदारी की लड़ाई को मज़बूत करने के लिए साथ आएं।

अफगानिस्तान में भूकंप के तेज झटके, दिल्ली, जम्मू-कश्मीर और पाक भी हिला

काबुल (वार्ता)। अफगानिस्तान में शनिवार को भूकंप के तेज झटके महसूस किये गये। भूकंप के झटके पाकिस्तान, जम्मू-कश्मीर और दिल्ली तथा राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में भी महसूस किए गए। राष्ट्रीय भूकंपीय निगरानी केंद्र ने बताया कि रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 5.8 मापी गयी। केंद्र ने बताया कि अफगानिस्तान में शनिवार को दोपहर बाद 12:17 बजे (भारतीय समयानुसार) यह भूकंप आया।

गृहमंत्री अमित शाह ने युवाओं को दिया फिटनेस मंत्र, बोले...

शरीर के लिए दो घंटे और दिमाग के लिए छह घंटे की नींद रिजर्व करें

नई दिल्ली/ए.। विश्व लिवर दिवस पर इंस्टिट्यूट ऑफ लिवर एंड बिलियरी साइंसेज द्वारा आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पहली बार अपनी फिटनेस के राज खोले हैं और युवाओं को स्वस्थ जीवनशैली का मंत्र भी साझा किया है। गृह मंत्री शाह ने कहा, मेरे जीवन में मैंने बहुत बड़ा परिवर्तन किया है। शरीर को जितनी चाहिए- उतनी नींद। शरीर को जितनी चाहिए- उतना पानी और शरीर को जैसा चाहिए, वैसा आहार और नियमित व्यायाम से मैंने मेरे जीवन में बहुत कुछ हासिल किया है।

उन्होंने आगे कहा, हमारे देश के युवाओं को अभी अगले 40-50 वर्षों तक जीना है और देश के विकास में योगदान देना है। मैं उनसे अनुरोध करता हूं कि वे प्रतिदिन अपने शरीर के लिए दो घंटे और अपने दिमाग के लिए छह घंटे की नींद जरूर दें। यह अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगी। यह मेरा स्वयं का अनुभव है। आज मैं यहां इसी अनुभव को आपसे साझा करने आया हूं। ''अगर चार साल पहले डॉक्टर शिव सरीन मुझे यहां बुलाते तो मैं नहीं आता, क्योंकि मैं यहां बात करने लायक ही नहीं होता। महात्मा बुद्ध के जीवन का एक प्रसंग है। एक मां एक बच्चे को लेकर महात्मा बुद्ध के सामने उपस्थित हुई। उसने कहा- महात्मा जी बेटा बहुत ■ शेष पृष्ठ 6 पर

आहार और नियमित व्यायाम बहुत जरूरी

'मैं एक मेरे जीवन का अनुभव साझा करने के लिए यहां आया हूं। 2020 के मई महीने से आज तक मेरे जीवन में मैंने बहुत बड़ा परिवर्तन किया है। शरीर को जितनी चाहिए- उतनी नींद। शरीर को जितनी चाहिए- इतना पानी और शरीर को जैसा चाहिए, वैसा आहार और नियमित व्यायाम से मैंने मेरे जीवन में बहुत कुछ हासिल किया और ये अनुभव को साझा करने के लिए मैं आया हूं। मैं आपको बता सकता हूं कि ये साढ़े चार साल के समय में मैं आज करीब करीब सभी एलोपैथिक दवा और इंसुलिन से मुक्त होकर आपके सामने खड़ा हूं। और आज विश्व यकृत पर भी मैं देशभर के विशेषकर सभी युवाओं को जिनको अभी 40-50 साल तक अपना जीवन व्यतीत करना है। इस देश के विकास में योगदान देना है। और देश के विकास के माध्यम से हम सब इच्छा करते हैं, ऐसे विश्व का निर्माण करना है, वो युवाओं को मैं जरूर कहना चाहूंगा कि अपने शरीर के लिए दो घंटा और दिमाग के लिए कम से कम छह घंटे की नींद एक बार रिजर्व कर लीजिए।।। अनेक गुना उपयोगिता इसकी बढ़ जाएगी। और ये मेरा अनुभव है।''

पूर्वोत्तर को लेकर बंगलादेश की टिप्पणी निंदनीय : खरगे

नई दिल्ली (वार्ता)। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बंगलादेश में हिंदुओं के बड़े नेता भाबेश चंद्र राय की निर्मम हत्या और पूर्वोत्तर को लेकर बंगलादेश के मुख्य सलाहकार की टिप्पणी को निराशाजनक बताते हुए कहा है कि वहां अल्पसंख्यकों पर जारी हमलों से साफहै कि दोनों मुल्कों के बीच हुई बातचीत विफल रही है। खरगे ने शनिवार को कहा कि श्री मोदी और बंगलादेश के मुख्य सलाहकार की भले ही मुस्कुराते हुए फोटो सामने आई हो लेकिन सच यह है कि यह बातचीत विफल रही है। बंगलादेश में बड़े स्तर पर अल्पसंख्यक हिंदू मारे जा रहे हैं लेकिन कोई सकारात्मक पहल कहीं से नजर नहीं आ रही है।

कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, बंगलादेश में लगातार धार्मिक अल्पसंख्यकों ख़ासकर हमारे हिंदू भाई-बहनों पर अत्याचार हो रहा है। हिन्दू समुदाय के एक बड़े नेता भाबेश चंद्र रॉय की क्रूरतापूर्ण हत्या इस बात का सबूत है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बंगलादेश के मुख्य सलाहकार के साथ मुस्कुराने वाली बैठक विफ़ल रही।

उन्होंने कहा,संसद में दिए गए भारत सरकार के उत्तर के अनुसार इससे पहले दो महीनों में ही हिन्दुओं पर 76 हमले हुए जिसमें 23 हिन्दू मारे गए। अन्य धार्मिक अल्पसंख्यकों ■ शेष पृष्ठ 6 पर

41 आईएएस अफसरों का ट्रांसफर

बिलासपुर, गरियाबंद, दंतेवाड़ा समेत कई जिलों के बदले कलेक्टर

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ सरकार ने 41 आईएएस अफसरों का ट्रांसफर किया है। इनमें से कई को अतिरिक्त प्रभार पर अलग-अलग विभागों का जिम्मा दिया गया है। इसके अलावा दंतेवाड़ा, गरियाबंद, रायगढ़ और बिलासपुर समेत कई जिलों के कलेक्टर बदले गए हैं। लिस्ट के मुताबिक कुणाल दूदावत को दंतेवाड़ा का कलेक्टर बनाया गया है। मयंक चतुर्वेदी रायगढ़ जिले के नए कलेक्टर होंगे। संजय कन्नौजे सारंगढ़ बिलाईगढ़ के कलेक्टर होंगे, नूपुर राशि पन्ना को कोंडागांव जिले का कलेक्टर बनाया गया है। कुंदन कुमार को मुंगेली जिले का कलेक्टर बनाया गया है ।

वहीं इंद्रजीत चंद्रावल को खैरागढ़ छुईखदान गंडई जिले का कलेक्टर बनाया गया है। संजय अग्रवाल को बिलासपुर जिले का कलेक्टर बनाया गया है। दिव्या उमेश मिश्रा को बालोद जिले का कलेक्टर बनाया गया है। जन्मेजय महोबे को जांजगीर जिले का कलेक्टर बनाया गया है। सर्वेश्वर भुरे को राजनांदगांव जिले का कलेक्टर ■ शेष पृष्ठ 6 पर

एग्रो घोटाला मामले में ईडी की बड़ी कार्रवाई, पीड़ितों को लौटाई 1200 करोड़ की संपत्ति

नई दिल्ली/ए.। प्रवर्तन निदेशालय ने एक बड़ा कदम उठाते हुए आरईआई एग्रो लिमिटेड केस में पीड़ितों को 1200 करोड़ रुपये मूल्य की संपत्तियां वापस लौटाई हैं। यह कार्रवाई प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के तहत की गई है। 16 अप्रैल 2025 को साकेत कोर्ट ने इसको लेकर आदेश दिया था। इस मामले में जांच की शुरुआत सीबीआई द्वारा दर्ज की गई एफआईआर के आधार पर हुई थी, जो 26 अक्टूबर 2015 को आरईआई एग्रो लिमिटेड, संदीप झुनझुनवाला, संजय झुनझुनवाला और अन्य के खिलाफकई धाराओं के तहत दर्ज की गई थी। आरईआई एग्रो लिमिटेड और इसके निदेशकों ने कोलकाता स्थित सीओ बैंक की कॉर्पोरेट शाखा समेत कई बैंकों के कंसोर्टियम से फर्जी तरीके से क्रेडिट सुविधा हासिल की और फिर इन फंड्स का गलत उपयोग करते हुए बैंकों को भारी नुकसान पहुंचाया। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

अगले हफ्ते सऊदी जाएंगे पीएम मोदी कई समझौतों पर होंगे हस्ताक्षर

नई दिल्ली/ए.। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अगले हफ्ते सऊदी अरब की यात्रा पर जाएंगे। यह दौरा सऊदी क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान के निमंत्रण पर हो रहा है। प्रधानमंत्री 22 और 23 अप्रैल को जेद्दा शहर में होंगे। विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ने शनिवार को विदेश मंत्रालय की एक विशेष प्रेस वार्ता में इस यात्रा की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह यात्रा भारत और सऊदी अरब के संबंधों के लिए बहुत अहम है। मिस्त्री ने कहा, सऊदी अरब इस्लामी दुनिया में एक प्रमुख आवाज है और वह अब क्षेत्रीय मामलों में भी बड़ी भूमिका निभा रहा है। उन्होंने यह भी कहा, प्रधानमंत्री मोदी और क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान के बीच अच्छे और गर्मजोशी भरे संबंध हैं। इनकी आपसी समझ और उच्च स्तर की रणनीतिक सोच से दोनों देशों के संबंध और मजबूत हुए हैं। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

इन समझौतों पर बन सकती है बात

इस दौरे में दोनों देशों के बीच कई समझौतों पर हस्ताक्षर हो सकते हैं। समझौते अंतिम मंजूरी के चरण में हैं और यात्रा के दौरान पूरी जानकारी साझा की जाएगी। उन्होंने बताया कि करीब 27 लाख भारतीय सऊदी अरब में रहते और काम करते हैं। भारतीय प्रवासियों का दूसरा सबसे बड़ा समूह है। भारत और सऊदी अरब के बीच 1947 में राजनयिक संबंध स्थापित हुए थे। 2010 में दोनों देशों के संबंधों को 'रणनीतिक साझेदारी' के स्तर पर बढ़ाया गया।

गरमा-गरम

मुर्शिदाबाद | बंगाल के गवर्नर सीवी आनंद बोस ने हिंसाग्रस्त इलाके का किया दौरा, बताया-स्थिति भयावह

पीड़ितों से मिले बिना जा रहे थे राज्यपाल, हंगामा हुआ तो मिलने लौटे

■ 'मुर्शिदाबाद में जमीनी हालात विकट और भयावह, हिंसाग्रस्त इलाके का दौरा कर बोले गवर्नर

कोलकाता/ए.। बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस मुर्शिदाबाद के हिंसा प्रभावित इलाकों का दौरा कर रहे हैं। राज्यपाल सीवी आनंद बोस हिंसा से मारे गए पिता-पुत्र के घर गए। घर वालों से बात की। पीड़ितों से मिले बिना ही वापस जा रहे थे राज्यपाल तब पीड़ितों ने हंगामा करना शुरू कर दिया उसके बाद कार से उतर कर पीड़ित परिवारों से राज्यपाल ने हिंसा पीडितों से बात की। राज्यपाल ने मालदा में शेल्टर होम जाकर हिंसा के बाद मुर्शिदाबाद से पलायन करने वाल लोगों से मिले थे। राज्यपाल ने हिंसा प्रभावित मुर्शिदाबाद का दौरा करने के बाद वहां की स्थिति को 'अजीब और बर्बर' बताया।

राज्यपाल ने बातचीत में बताया कि उन्होंने उन 2 लोगों के परिवार से मुलाकात की, जिनकी भीड़ ने हत्या कर दी थी। उन्होंने परिवार को हरसंभव मदद का आश्वासन दिया और कहा कि वह यह मुद्दा केंद्र सरकार के सामने उठाएंगे। राज्यपाल ने कहा कि मुझे जो रिपोर्टें मिल रही थीं, वो एक-दूसरे से विरोधाभासी थीं। इसलिए मैं खुद मुर्शिदाबाद आया। जो देखा, वह वाकई चौंकाने वाला था, यह बर्बरता थी। इंसानी व्यवहार का गिरता हुआ स्तर था।

'लोगों का व्यवस्था से भरोसा उठता जा रहा'

राज्यपाल ■ शेष पृष्ठ 6 पर

'मैं अपनी रिपोर्ट केंद्र सरकार को दूंगा'

राज्यपाल ने कहा कि स्थानीय लोगों ने अपनी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपनी मांगें रखी हैं। बोस ने कहा कि मैं अपनी रिपोर्ट केंद्र और राज्य सरकार के साथ साझा करूंगा। फिलहाल इसे सार्वजनिक नहीं किया जा सकता। शनिवार को दौरे के दूसरे दिन बोस ने शमशेरगंज, धूलियन, सूती और जंगीपुर का दौरा किया। इस दौरान बड़ी संख्या में हिंसा से प्रभावित लोगों ने स्थायी बीएसएफ कैंप की मांग को लेकर बैनर लहराए।

एनसीडब्ल्यू की प्रमुख ने पीड़ितों से मुलाकात

उधर, राष्ट्रीय महिला आयोग की प्रमुख विजया रहाटकर के नेतृत्व में एक टीम ने आज धुलियान में हिंसा के पीड़ितों से मुलाकात की और उन्होंने आश्वासन दिया कि उनकी सुरक्षा के लिए केंद्र सरकार उचित कदम उठाएगी। इस दौरान पीड़ित महिलाओं ने महिला आयोग की टीम को धुलियान के बेटबोना कस्बे के पीड़ितों ने अपनी आपबीती सुनाई और मांग की कि जिले में स्थायी बीएसएफकैंप स्थापित किए जाएं और सांप्रदायिक झड़प की एनआईए (राष्ट्रीय जांच एजेंसी) जांच की जाए।

संपत्ति लूटी, हमें हमारे घर से भगाया... सूखी रोटी और बासी चावल से कब तक गुजारा?

महिला आयोग की अध्यक्ष विजय रहाटकर से मिलकर रोने लगी मुर्शिदाबाद हिंसा की एक पीड़िता

मुर्शिदाबाद/ए.। वक्फ कानून के खिलाफ मुर्शिदाबाद में भड़की हिंसा के कारण अपना घर-बार छोड़कर पलायन करने वाले पीड़ित किस हाल में अपना दिन काट रहे हैं? इसकी भयानक सच्चाई शुक्रवार को तब सामने आई जब राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग और राष्ट्रीय महिला आयोग के दलों ने मालदा पहुंचकर उन लोगों से मुलाकात की।

इस मुलाकात के दौरान मालदा के राहत शिविरों में रह रही महिलाओं ने रोते हुए कहा, हमारी संपत्ति लूट ली, जबरन हमें हमारे घर से भगा दिया। अब जब हम यहां आकर शरण लिए हुए हैं तो यहां भी लाख बंदिशें हैं। यह राहत शिविर जेल से भी बदतर हैं। सूखी रोटी, केला और बासी चावल से कैसे गुजारा होगा।

शिविर में मौजूद एक महिला ने संवाददाताओं से कहा, ''पुलिस हमारे साथ अपराधियों जैसा व्यवहार कर रही है। हमें सूखी रोटियां, केले और बासी चावल दिए जा रहे हैं। यह बताना मुश्किल है कि हम शरणार्थी शिविर में हैं या हिरासत केंद्र में।''

हाईस्कूल में रह रहे अस्थायी कैंप के लोगों से की बात

एनएचआरसी ने हाल में मुर्शिदाबाद में वक्फ (संशोधन) अधिनियम के विरोध में भड़की हिंसा का स्वतः संज्ञान लिया था। एनएचआरसी सदस्यों ने मालदा के परलालपुर हाई स्कूल के शिविर में रह रहे प्रभावित परिवारों के सदस्यों से बात की।

टीएमसी ने राजनीतिक लाभ के हालात को अस्थिर करने का आरोप लगाया: राज्य में सत्तारूढ़ तृणमूल ने राज्यपाल और दौरे पर आई केंद्रीय टीम की आलोचना की तथा उन पर राजनीतिक लाभ के लिए हालात को अस्थिर करने के प्रयास का आरोप लगाया। तृणमूल सांसद सौगत रॉय ने कहा, ''जब मुख्यमंत्री ने उनसे (बोस) अनुरोध किया था तो उन्हें इसका सम्मान करना चाहिए था। लेकिन उनका इरादा क्षेत्र में तनाव पैदा करना और परेशानी बढ़ाना है।

एनसीडब्ल्यू और एनएचआरसी की टीम भी और परेशानी बढ़ाने में भाजपा को मदद करने के लिए क्षेत्र का दौरा कर रही हैं और वे नहीं चाहते कि क्षेत्र में सामान्य स्थिति बहाल हो।''

मैं महिलाओं की स्थिति देखकर स्तब्ध हूं: रहाटकर

इस बीच, एनसीडब्ल्यू की अध्यक्ष विजया रहाटकर ने भी महिलाओं पर हिंसा के प्रभाव का आकलन करने और पुनर्वास प्रयासों का निरीक्षण करने के लिए शुक्रवार को मालदा और मुर्शिदाबाद का दो दिवसीय दौरा शुरू किया। शिविर के निवासियों से बातचीत के बाद रहाटकर ने संवाददाताओं से कहा, ''मैं यहां महिलाओं और बच्चों की स्थिति देखकर स्तब्ध हूं। उन्हें जबरन उनके घरों से निकाल दिया गया और वे अकल्पनीय पीड़ा से गुजर रहे हैं।''

महिलाओं से छेड़छाड़ की गई, घर से निकाला गया

रहाटकर के साथ मौजूद एनसीडब्ल्यू सदस्य अर्चना मजूमदार ने आरोप लगाया कि महिलाओं के साथ छेड़छाड़ की गई और उन्हें उनके घरों से निकाल दिया गया। मजूमदार ने कहा, ''उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करना राज्य सरकार की जिम्मेदारी है। तृणमूल कांग्रेस क्या कर रही है? क्या सरकार पश्चिम बंगाल को दूसरा बांग्लादेश बनाने की कोशिश कर रही है?''

तृणमूल और दंगाइयों के बीच सांठगांठ: भाजपा

तृणमूल कांग्रेस पर पलटवार करते हुए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री सुकांत मजूमदार ने शुक्रवार को कहा कि सत्तारूढ़ पार्टी घबराई हुई है, क्योंकि एनएचआरसी और राज्यपाल के दौरे से ''तृणमूल और दंगाइयों के बीच सांठगांठ'' का खुलासा हो सकता है

तीन लोगों की मौत, सैकड़ों लोग हुए बेघर

मालूम हो कि वक्फ (संशोधन) अधिनियम के खिलाफविरोध प्रदर्शन के दौरान 11 और 12 अप्रैल को मुर्शिदाबाद जिले के कुछ हिस्सों, मुख्य रूप से सुती, समसेरगंज, धुलियां और जंगीपुर में सांप्रदायिक हिंसा में कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई थी और सैकड़ों लोग बेघर हो गए।

ब्रिटेन का आर्कटिक में देश की सैन्य गतिविधियां बढ़ाने का लक्ष्य

लंदन (वार्ता)। ब्रिटिश सरकार आर्कटिक में देश की सैन्य गतिविधियों के विस्तार का आह्वान करेगी। फाइनेंशियल टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, यह कदम बर्फ के पिघलने से क्षेत्र में बढ़ती पहुंच और प्रतिस्पर्धा के कारण उठाया जा रहा है। रिपोर्ट पूर्व नाटो महासचिव जॉर्ज रॉबर्टसन के नेतृत्व में विशेषज्ञों की टीम की ओर से तैयार की जा रही है, जो ब्रिटेन की सुरक्षा चुनौतियों और आवश्यक सैन्य क्षमताओं का मूल्यांकन कर रही है।

ईरान, अमेरिका के बीच दूसरे दौर की परमाणु वार्ता

तेहरान (वार्ता)। ईरान और अमेरिका के बीच तेहरान के परमाणु कार्यक्रम पर अप्रत्यक्ष वार्ता का दूसरा दौर शनिवार को इटली की राजधानी रोम में शुरू होगी। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची और पश्चिम एशिया के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति के विशेष दूत स्टीव विटकॉफवार्ता का नेतृत्व करेंगे। वार्ता का नया दौर ओमान की राजधानी मस्कट में पिछले शनिवार को उद्घाटन वार्ता की मेजबानी के एक सप्ताह बाद शुरू हुआ है।

रूस चीन, अमेरिका के साथ ईरान समझौते की गारंटी पर चर्चा करेंगे

तेहरान(वार्ता)। अमेरिका ईरानी परमाणु कार्यक्रम पर संभावित तेहरान-वाशिंगटन समझौते के लिए गारंटी प्रदान करने वाला और इस्लामी गणराज्य पर प्रतिबंध हटाने वाला अकेला देश नहीं होगा, रूस और चीन अमेरिका के साथ तेहरान के लिए अधिक विश्वसनीय गारंटी के मुद्दे पर चर्चा करेंगे। ईरान के राष्ट्रीय सुरक्षा और विदेश नीति पर संसदीय समिति के सदस्य अलादीन बोरौजेर्डी ने यह बात कही। ईरानी राज्य एजेंसी 'एसएनएन' ने बोरौजेर्डी के हवाले से कहा, ÷तेहरान और वाशिंगटन के बीच बातचीत के दौरान, गारंटी न केवल अमेरिका द्वारा प्रदान की जाएगी। रूस और चीन जैसे देश अधिक विश्वसनीय गारंटी पर अमेरिका के साथ बातचीत में दाखिल होंगे।

कनाडा में अग्रिम मतदान के लिए मतदाताओं की उमड़ी भीड़

ओटावा, (वार्ता)। कनाडा में संघीय चुनाव के लिए अग्रिम मतदान शुक्रवार से शुरू हो गए हैं, जिससे मतदाताओं को आधिकारिक मतदान दिवस 28 अप्रैल से पहले अपना वोट डालने के लिए कई दिन मिल गए। कनाडा के कई शहरों में लोग लंबी कतारों में खड़े नजर आए। सोशल मीडिया के मुताबिक, कई अग्रिम मतदान केंद्रों पर वोट डालने के लिए एक घंटे तक का इंतजार करना पड़ा। सीबीसी न्यूज ने चुनाव कनाडा के प्रवक्ता डगाल्ड मौडस्ले के हवाले से कहा, देशभर में मतदान को लेकर काफी रुचि दिखाई दे रही है और कई केंद्रों पर भीड़ देखी जा रही है। प्रवक्ता ने कहा कि पहले दिन भारी मतदान जरूरी नहीं कि कुल मतदान भी ज्यादा होगा, लेकिन संकेत उसी ओर इशारा कर रहे हैं। स्थानीय मीडिया के अनुसार, कनाडा के चुनाव आयोग ने बताया कि अब तक 1.3 लाख से अधिक कनाडा के लोग विशेष मतपत्र से वोट डाल चुके हैं, जो 2021 के मुकाबले दोगुना है।

यूएनआईडीओ ने अमेरिकी टैरिफ बढ़ोतरी की आलोचना की

वियना, (वार्ता)। संयुक्त राष्ट्र औद्योगिक विकास संगठन (यूएनआईडीओ) ने शुक्रवार को अपनी वेबसाइट पर एक लेख प्रकाशित किया, जिसमें वैश्विक आर्थिक विकास और औद्योगिक विकास पर अमेरिका की हालिया टैरिफ वृद्धि के प्रतिकूल प्रभावों पर चिंता व्यक्त की गई है। यूएनआईडीओ ने जोर देकर कहा कि टैरिफ बढ़ोतरी ÷गलत दृष्टिकोण अपनाती है÷, यह इंगित करते हुए कि उनकी गणना और कार्यान्वयन में उनके इच्छित परिणामों की उपलब्धि का समर्थन करने के लिए सबूत की कमी है। लेख के अनुसार ये टैरिफ औद्योगिक उत्पादन की लागत को बढ़ाते हैं, जिससे आर्थिक दक्षता कम हो जाती है, व्यापार के लाभ कम हो जाते हैं और प्रतिस्पर्धात्मकता कमजोर हो जाती है। यूएनआईडीओ ने चेतावनी दी कि ऐसी नीतियां अंततः दुनिया भर में नौकरियों को खतरे में डाल देंगी, जिससे सबसे कमजोर देश सबसे ज्यादा प्रभावित होंगे।

यूएस के टैरिफ दबाव से चीन के बदले सुर, भारत से डील के लिए बेताब है चीन

भारतीय व्यवसायों को सपोर्ट करने के लिए तैयार: फेइहोंग

नई दिल्ली/ए.। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ दबाव के बीच चीन भारत से डील करने के लिए बेताब हो रहा है। ड्रैगन भारत के साथ गहरे आर्थिक संबंधों को स्थापित करना चाहता है। भारत में चीनी राजदूत जू फेइहोंग ने कहा है कि चीन अधिक प्रीमियम भारतीय निर्यात का स्वागत करता है और अपने विशाल उपभोक्ता बाजार का लाभ उठाने में भारतीय व्यवसायों को सपोर्ट करने के लिए तैयार है। एक इंटरव्यू में फेइहोंग ने कहा कि चीन-भारत आर्थिक और व्यापारिक संबंधों का सार पारस्परिक लाभ और जीत का सहयोग है। चीन ने कभी भी जानबूझकर कारोबार सरपलस का पीछा नहीं किया। ट्रेड सरप्लस मार्केट में आपकी क्षमता को बताता है और बदलती आर्थिक स्थितियों के साथ डेवलप होता है।

भारत के लिए खुलेंगे कई अवसर

चीनी राजदूत ने राष्ट्रपति शी जिनपिंग के ग्लोबल ट्रेड वर्ल्ड के लीडर्स को दिए गए हालिया संबोधन का हवाला देते हुए इस बात पर फोकस किया कि चीन में निवेश की काफी संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि चीन दुनिया के दूसरे सबसे बड़े कंज्यूमर मार्केट और सबसे बड़े मिडिल इनकम कैटेगरी के साथ निवेश और कंजम्पशन के लिए काफी संभावनाएं दी हैं। चीन के विशाल बाजार का मूल्यांकन करने से भारतीय कंपनियों के लिए अधिक कारोबारी अवसर खुलेंगे।

भारत से ये चीजें मंगाना चाहता है चीन

वित्त वर्ष 2024 में मिर्च, लौह अयस्क और सूती धागे जैसे भारतीय निर्यातों में चीनी बाजार में अच्छी ग्रोथ देखने को मिली थी, जो क्रमशः 17प्रतिशत, 160 प्रतिशत और 240प्रतिशत से अधिक की ग्रोथ रही। फेइहोंग ने कहा, 'हम चीन में अधिक प्रीमियम भारतीय वस्तुओं के निर्यात का स्वागत करते हैं और भारतीय व्यवसायों को चीन की बाजार मांग का लाभ उठाने में मदद करने के लिए तैयार हैं, जिससे हमारे आर्थिक और व्यापार सहयोग की विशाल क्षमता का पता लगाया जा सके।'

भारत से चीन की अपील

हालांकि इस बीच, चीन ने भारत से बाजार पहुंच के बारे में चीन की चिंताओं को दूर करने की भी अपील की। उन्होंने कहा, 'हमें उम्मीद है कि भारत आर्थिक और व्यापार क्षेत्र में चीन की चिंताओं को गंभीरता से लेगा, चीनी उद्यमों के लिए निष्पक्ष, पारदर्शी और गैर-भेदभावपूर्ण कारोबारी माहौल प्रदान करेगा। चीन-भारत द्विपक्षीय आर्थिक और व्यापार सहयोग को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा और दोनों देशों के लोगों को ठोस लाभ पहुंचाएगा।'

ट्रंप के दबाव से बदले चीन के सुर

चीन की ओर से ऐसी बातें तब की जा रही हैं, जब भारत के चीन के साथ 99.2 बिलियन डॉलर के व्यापार घाटे को लेकर लगातार टकराव और 2020 के सीमा गतिरोध के बाद से जारी राजनीतिक तनाव के बाद आया है। फिर भी, जैसे-जैसे अमेरिका टैरिफको दोगुना करता जा रहा है, भारत पर बीजिंग का फिर से ध्यान केंद्रित करना उसकी आर्थिक मजबूरी है।

जिसने सपा सांसद के घर किया हमला वो करणी सेना नहीं योगी सेना : अखिलेश यादव

आगरा/ए.। अखिलेश यादव ने कहा कि आगरा हिंसा के पीछे सरकार की फंडिंग है और ये इसलिए किया गया ताकि दिखाया जा सके कि राजपूत समाज उनके साथ है। आगरा में दलित समाज के दूल्हे को मारा गया। मारने वालों पर अब तक कार्रवाई नहीं हुई। प्रयागराज में दलित की निर्मम हत्या कर दी गई। राणा सांगा पर राज्यसभा में दिए बयान के बाद छिड़े सियासी घमासान के बीच शनिवार को सपा मुखिया एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन से मिलने संजय प्लेस स्थित उनके आवास पहुंचे। इस दौरान अखिलेश यादव ने कहा कि करणी सेना नहीं ये योगी सेना है, जिसके लिए सरकार से फंडिंग हो रही है। सीएम के स्वजातीय लोगों ने जिस तरह तलवारें लहराईं, वो पिछड़ा, दलित अल्पसंख्यकों को डराना चाहते हैं। जिस तरह हिटलर सेना रखता था, लोगों की आवाज दबाने के लिए उसी तरह ये योगी सेना लोगों को डरा रही है।

पीडीए को डराने की कोशिश: अखिलेश यादव ने सपा के राज्यसभा सांसद राजीलाल सुमन के आवास पर करणी सेना द्वारा किए गए हमले को लेकर कहा कि ये पीडीए को डराने की कोशिश की गई है। सांसद के आवास पर अचानक हमला नहीं हुआ। ये हमला साजिश के तहत हुआ है। ये एक सोची समझी चाल है। हमलावरों का इरादा जान लेने का था। दलितों-अल्पसंख्यकों को डराने कोशिश पूरी कोशिश की गई।

ताकत दिखाने नहीं आया हूं...

अखिलेश यादव ने कहा कि जिस समय सांसद सुमन के यहां आने का फैसला लिया, तभी साफकिया कोई प्रदर्शन नहीं करना है। कोई ताकत नहीं दिखाई है। अपनी पार्टी के नेता के घर जाना है, जो जा रहा हूं।

महाकुंभ बसाने वाले लल्लूजी के गोदाम में भीषण आग

प्रयागराज (वार्ता)। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में शास्त्री ब्रिज के बीच में काली सड़क पर स्थित कुंभ मेला बसाने वाले लल्लू जी टेंट हाउस के गोदाम में भीषण आग लगने से भगदड मच गया है। सूत्रों ने बताया कि आग सुबह 6:30 बजे लगी। जिलाधिकारी समेत कई बड़े प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं। गोदाम में रखे बडी संख्या में बांस-बल्लियां, टेंट के पर्दे, रजाई-गद्दे, कुर्सी-मेज और प्लाईवुड में आग लगी है। आधा दर्जन से अधिक फायर टेंडर आग बुझाने का प्रयास कर रहे है। तेज हवा चलने के कारण आग तेजी से फैल रही है। सेना और आसपास के सभी जिलों से फायर टेंडर आग बुझाने के लिए बुलाए गए है। सूचना पर फायर ब्रिगेड और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची।

जमुई: सड़क दुर्घटना में तीन युवकों की मौत, एक घायल

जमुई, (वार्ता)। बिहार में जमुई जिले लछुआर थाना क्षेत्र में शनिवार की सुबह सड़क दुर्घटना में तीन युवकों की मौत हो गयी तथा एक अन्य घायल हो गया। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि कार पर सवार लोग जमुई शहर से अलीगंज प्रखंड के बेटवा गांव में शादी समारोह में शामिल होने गए थे। जमुई लौटने के दौरान कार चालक को झपकी आ गई और कार महना पुलिया के समीप पेड़ से टकरा गई। इस घटना में तीन युवकों की मौत हो गयी तथा एक अन्य घायल हो गया।

गुजरात उपचुनाव में नहीं होगा कांग्रेस-आप का गठबंधन

भाजपा ने कहा- हम ही जीतेंगे

गांधीनगर/ए.। जरात में विसावदर और कडी विधानसभा सीट पर उपचुनाव अगले एक-दो महीने में होने हैं, जिसके लिए कांग्रेस ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। रविवार को कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी मुकुल वासनिक ने पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी के साथ बैठक की जिसमें संगठन मजबूती से लेकर उपचुनावों में गठबंधन पर चर्चा हुई।

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष शक्ति सिंह गोहिल ने गठबंधन तोड़ते हुए कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर इंडिया गठबंधन है लेकिन राज्यों में नहीं है। हरियाणा और दिल्ली में आप ने कांग्रेस के साथ कोई गठबंधन नहीं किया है और दोनों पार्टियां अलग-अलग लड़ी थीं। इसी वजह से गुजरात में आने वाले उपचुनावों के लिए हमने फैसला किया है कि कांग्रेस दोनों सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारेगी।

'गुजरात की जनता ने कभी तीसरे पक्ष को नहीं स्वीकारा': उन्होंने कहा कि गुजरात में कभी तीसरे पक्ष को जनता ने नहीं स्वीकारा। पिछले चुनाव में आप को 11 प्रतिशत वोट मिले थे लेकिन मुख्य विपक्ष तो कांग्रेस ही रही है। ऐसे में कांग्रेस इस चुनाव में अकेले लड़ेगी। कांग्रेस के प्रभारी मुकुल वासनिक ने भी कहा कि गुजरात में संगठन को मजबूत करने के लिए हम काम कर रहे हैं और गुजरात में कांग्रेस को मजबूत करना एक ही संकल्प के साथ कांग्रेस काम कर रही है।

आप ने भी की जनता से अपील: इस मामले में आम आदमी पार्टी ने भी प्रतिक्रिया दी है। आप के प्रदेश अध्यक्ष इसुदान गढ़वी ने कहा कि गुजरात में तीसरी पार्टी का वजूद नहीं है, यह कहना गलत होगा। विसावदर सीट पर तीनों पार्टियों में सबसे मजबूत उम्मीदवार आम आदमी पार्टी का है।

कनाडा के ओंटारियो में गोली लगने से भारतीय छात्रा की मौत

■ मामले की जांच में जुटी पुलिस

नई दिल्ली/ए.। कनाडा में एक 21 वर्षीय भारतीय छात्रा की गोली लगने से मौत हो गई। छात्रा काम पर जाने के लिए बस स्टॉप पर इंतजार कर रही थी, उसी वक्त एक कार सवार ने उस पर गोली चला दी। हरसिमरत रंधावा हैमिल्टन, ओंटारियो में मोहॉक कॉलेज की छात्रा थीं। हैमिल्टन पुलिस बुधवार को हुई हत्या की जांच कर रही है, उनका कहना है कि रंधावा एक निर्दोष लड़की थी। टोरंटो स्थित भारतीय महावाणिज्य दूतावास ने शुक्रवार को एक पोस्ट में कहा, हम हैमिल्टन, ओंटारियो में भारतीय छात्रा हरसिमरत रंधावा की मौत से बेहद दुखी हैं।

अस्पताल ले जाने के दौरान मौत: अधिकारी ने कहा, स्थानीय पुलिस के अनुसार, वह एक निर्दोष छात्रा थी, जो दो वाहनों में गोलीबारी की घटना के दौरान एक आवारा गोली लगने से मर गई। फिलहाल, हत्या की जांच चल रही है। हम उसके परिवार के साथ निकट संपर्क में हैं और सभी आवश्यक सहायता प्रदान कर रहे हैं। इस कठिन समय में हमारी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं उसके परिवार के साथ हैं। हैमिल्टन पुलिस ने एक बयान में कहा कि स्थानीय समयानुसार शाम करीब 7:30 बजे उन्हें हैमिल्टन में अपर जेम्स और साउथ बेंड रोड के पास गोलीबारी की सूचना मिली। जब पुलिस वहां पहुंची तो उन्होंने पाया कि रंधावा के सीने में गोली लगी हुई थी। उसे अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उसकी मौत हो गई। वीडियो के माध्यम से, जांचकर्ताओं ने निर्धारित किया है कि एक काली कार के यात्री ने एक सफेद सेडान कार के यात्रियों पर गोली चलाई। गोलीबारी के तुरंत बाद, वाहन घटनास्थल से चले गए।

जांच में जुटी पुलिस

गोलीबारी की घटना से निकली गोलियां पास के एक घर की पिछली खिड़की में भी जा लगीं, जहां रहने वाले लोग कुछ फीट की दूरी पर टीवी देख रहे थे। पुलिस ने बताया कि घर में कोई घायल नहीं हुआ। जांचकर्ताओं ने गोलीबारी वाले क्षेत्र के पास शाम 7:15 बजे से 7:45 बजे के बीच डैशकैम या सुरक्षा कैमरे की फुटेज रखने वाले किसी भी व्यक्ति से अधिकारियों से संपर्क करने और ऐसी कोई भी जानकारी उपलब्ध कराने को कहा है, जो जांच में आगे मदद कर सके।

बयानबाजी | **वक्फ संशोधन कानून और पॉकेट वीटो मामले को लेकर बहस छिड़ी**

'कानून अगर सुप्रीम कोर्ट ही बनाएगा तो संसद को बंद कर देना चाहिए': सांसद निशिकांत दुबे

नई दिल्ली/ए.। वक्फ संशोधन कानून और पॉकेट वीटो मामले को लेकर छिड़ी बहस के बीच भारतीय जनता पार्टी के सांसद निशिकांत दुबे ने कहा है कि अगर कानून बनाना सुप्रीम कोर्ट का ही काम रह गया है, तो फिर संसद भवन को बंद कर देना चाहिए। उन्होंने सोशल मीडिया पर शेयर एक पोस्ट में यह बयान दिया।

क्या बोले निशिकांत दुबे?

झारखंड की गोड्डा सीट से बीजेपी सांसद निशिकांत दुबे ने एक्स पर लिखा, 'कानून यदि सुप्रीम कोर्ट ही बनाएगा तो संसद भवन बंद कर देना चाहिए।' इससे पहले सुप्रीम कोर्ट में वक्फ कानून पर सुनवाई से पहले केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा था कि मुझे पूरा भरोसा है कि सुप्रीम कोर्ट विधायी मामले में दखल नहीं देगा। हमें एक-दूसरे का सम्मान करना चाहिए। अगर कल सरकार न्यायपालिका में दखल देती है तो अच्छा नहीं होगा। शक्तियों का बंटवारा अच्छी तरह से परिभाषित है।

क़ानून यदि सुप्रीम कोर्ट ही बनाएगा तो संसद भवन बंद कर देना चाहिये: केंद्रीय मंत्री न्यायपालिका और कार्यपालिका की शक्तियों की याद दिलाते है, तो वक्फ पर बनी जेपीसी के अध्यक्ष रहे जगदंबिका पाल सुप्रीम सुनवाई के अंतरिम आदेश से पहले ही वक्फ कानून पर अपना फैसला सुनाते हुए बड़ा ऐलान करते हैं। उन्होंने कहा कि अगर कानून में एक भी गलती निकली, तो वे अपने सांसदी पद से इस्तीफा दे देंगे।

सुप्रीम कोर्ट में वक्फ मामले पर सुनवाई: बता दें कि 16 अप्रैल को सुप्रीम कोर्ट में केंद्र सरकार की तरफ से अपील की गई कि वक्फ कानून के खिलाफ दायर याचिकाओं के मामले में अतंरिम आदेश जारी करने से पहले उनकी दलील सुनी जाएं। कोर्ट ने केंद्र सरकार की अपील को सुनते हुए अतंरिम आदेश पारित नहीं किया।

17 अप्रैल को सुनवाई के दौरान एक बार फिर वक्फकानून के अतंरिम आदेश से पहले विवाद के मुद्दों पर विस्तार से सुनवाई की दलील पेश की गई। जवाब देने के लिए एक हफ्ते की मोहलत मांगी गई और एक बार फिर सुप्रीम कोर्ट ने अतंरिम आदेश की तारीख आगे बढ़ा दी, लेकिन वक्फ बोर्ड में गैर-मुस्लिमों की एंट्री और 'वक्फबाय यूजर' संपत्तियों में किसी तरह के बदलाव पर केंद्र का जवाब आने तक रोक लगा दी।

पॉकेट वीटो मामले पर आमने-सामने केंद्र और कोर्ट

दूसरी ओर तमिलनाडु विधानसभा से पारित 10 विधेयकों को वर्षों से राज्यपाल आरएन रवि की मंजूरी ना मिलने पर सुप्रीम कोर्ट ने पिछले हफ्ते बड़ा फैसला सुनाया था। उसके बाद अब केंद्र सरकार इसी हफ्ते सुप्रीम कोर्ट में पुनरीक्षण याचिका दायर कर सकती है। केंद्र सरकार का मानना है कि समय-सीमा तय कर देने से संवैधानिक अराजकता बढ़ेगी। तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि के रोके हुए 10 बिलों को सुप्रीम कोर्ट ने मंजूरी दे दी है। अब इस मामले में केंद्र सरकार राष्ट्रपति और राज्यपाल के अधिकार क्षेत्र यानी अघोषित 'पॉकेट वीटो' के मुद्दे पर आर-पार की लड़ाई के मूड में नजर आ रही है।

दैनिक नव प्रदेश
न्यायधानी बिलासपुर

आवास प्लस 2.0 सर्वे में भाग लेने जनप्रतिनिधि कर रहे प्रेरित

मोर दुआर साय सरकार महाअभियान के तहत जिले में विशेष सर्वेक्षण पखवाड़ा का आयोजन

बिलासपुर/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत जिले में आवास प्लस 2.0 सर्वेक्षण के लिए विशेष सर्वेक्षण पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। 15 अप्रैल से 30 अप्रैल तक सभी पात्र परिवारों को सर्वे में शामिल करने के लिए राज्य में मोर दुवार साय सरकार महाअभियान का आयोजन किया जा रहा है।

जिले में इस अभियान के तहत 17 अप्रैल से 19 अप्रैल तक जन प्रतिनिधियों के माध्यम से सांकेतिक रूप से परिवारों का सर्वेक्षण करते हुए आवास प्लस 2.0 सर्वे में शामिल किया गया। अभियान के तहत जिले के सभी विकासखंड के विधायक, जिला पंचायत अध्यक्ष एवं सदस्य, जनपद पंचायत अध्यक्ष एवं सदस्यों के द्वारा अपने क्षेत्र के आम नागरिकों को सेल्फ सर्वे एवं एसिस्ट सर्वे के विषय में जानकारी दी गई व 30 अप्रैल के भीतर सर्वे में अपना नाम जुड़वाने के लिए लोगों को जागरूक किया गया। इस अवसर पर जिले के सभी विकासखंडों में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया तथा आवास हितग्राहियों को सम्मानित किया गया। ग्राम पंचायतों में नियुक्त किए गए पीएम आवास पंचायत एम्बेसडर सर्वे के प्रचार प्रसार के लिए पीएम आवास पंचायत एम्बेसडर ग्राम पंचायत में सर्वे के लिए लोगों को जागरूक कर रहे हैं।

रंगोली व रैली प्रतियोगिता का किया जा रहा है आयोजन

इस अवसर पर जिले के सभी विकासखंडों के अंतर्गत ग्राम पंचायतों में रैली एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन कर सर्वे के लिए लोगों को जागरूक किया जा रहा है। इस अवसर पर चित्रकला, कुर्सी दौड़, रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया तथा अतिथियों के द्वारा बच्चों को सम्मानित किया गया।

न्यूज गैलरी

चाकू दिखाकर मोबाइल व नकद की लूट, तीन आरोपी गिरफ्तार

बिलासपुर/नवप्रदेश। चाकू दिखाकर डरा धमकाकर मोबाइल और नकदी रकम लूटने वाले तीन आरोपियों को तोरवा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने 24 घंटों के भीतर घटना में शामिल तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियो के कब्जे से नकदी रकम 750 रुपए, चाकू और एक्टिवा जब्त किया है। पुलिस के अनुसार आज 19 अप्रैल को प्रार्थी चंद्र कुमार कौशिक निवासी मल्हार थाना मस्तूरी में रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि 19 अप्रैल की रात्रि 01.30 बजे करीब वह ऑटो चलाने रेलवे स्टेशन बिलासपुर आया था तथा अपने ऑटो के सामने खड़े होकर मोबाइल देख रहा था तभी तीन लड़के स्कूटी से आए और प्रार्थी से वीवो कंपनी का मोबाइल लुट कर ले गए इसी तरह आरोपीगण दूसरे व्यक्ति चांद मोहम्मद से चाकू दिखाकर 750 रुपए लुट लिए की रिपोर्ट पर थाना तोरवा में अपराध पंजीबद्ध किया गया। मुखबिर की सूचना एवं तकनीकी साक्ष्य के आधार पर पुलिस टीम 24 घंटे के भीतर आरोपियों को पकडने में सफल हुई. प्रार्थी की रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 158/25 धारा 309(4), 3(5) बी एन एस दर्ज किया गया आरोपियों से पूछताछ करने पर आरोपियों के कब्जे से लूटा गया।

वन नेशन वन इलेक्शन पर सीएमडी कालेज में संगोष्ठी आयोजित

राजनैतिक दल विजन जनता के सामने रखने के बजाए वोट बैंक की चिंता में: प्रेमप्रकाश

बिलासपुर/नवप्रदेश। आज सी एम डी महाविद्यालय परिसर के आडिटोरियम में वन नेशन वन इलेक्शन पर संगोष्ठी रखी गई परिचर्चा में कॉलेज के छात्र छात्राएं, प्राध्यापक सहित अनेक क्षेत्रों में विशिष्ट कार्य कर रहे बुद्धिजीवी वर्ग के लोग शामिल हुए जिन्होंने इस परिचर्चा में भाग लेकर अपनी जिज्ञासा शांत की। मुख्य वक्ता छत्तीसगढ़ विधानसभा में पूर्व स्पीकर रहे प्रेम प्रकाश पाण्डेय ने वर्तमान समय में वन नेशन वन इलेक्शन की अपरिहार्यता पर अपने पक्ष रखा।

उन्होंने बताया कि आज के परिपेक्ष्य में यह विषय चर्चा के योग्य है और समय के साथ जनमत संग्रह के माध्यम से हमें इस दिशा में आगे बढ़ने पर विचार करना चाहिए आज राजनैतिक दल आइडियोलॉजी या अपने विजन को जनता के सामने रखने के बजाए वोट बैंक को कैसे संजोए रखा जाए इसकी चिन्ता में लगी रहती है और इस सिस्टम में उलझा हुआ देश का नागरिक केवल वोट बैंक बन कर रह गया है सतत चलने वाली चुनावी व्यवस्था में नागरिक अपनी अभिव्यक्ति और विमर्श की क्षमता से परे चला गया है शासन प्रशासन के साथ ही वह भी चुनावी तंत्र का हिस्सा बन गया है। अलग अलग समय में होने वाले ये चुनाव देश पर अतिरिक्त आर्थिक भार डालते हैं। वहीं सरकार के मूलभूत संसाधनों की भी लम्बे समय तक संलग्न रखते हैं। संगोष्ठी में श्रोता वर्ग से कई लोगों ने इस संदर्भ में अपनी जिज्ञासा शांत करने प्रश्न किया जिसका मंच की ओर से समुचित जवाब दिया गया इस अवसर पर बिलासपुर महापौर पूजा विधानी जिला अध्यक्ष दीपक सिंह मोहित जायसवाल किशोर राय गुलशन ऋषि सी एम डी महाविद्यालय के प्राचार्य संजय सिंह संजय सिंह एस पी चतुर्वेदी सहित अनेकों गणमान्य लोग मौजूद रहे।

वन नेशन वन इलेक्शन से चुनावी खर्च में होगी कटौती

विधायक अमर अग्रवाल ने कहा कि हमारे देश में चुनाव लगातार पांच वर्षों तक चलने वाली व्यवस्था के रूप परिणित हो गई है चुनी हुई सरकार का एक लम्बा कालखंड चुनाव में चला जाता है। पांच साल के कार्यकाल में बामुश्किल किसी भी सरकार के हिस्से में विकास के लिए महज तीन वर्ष का समय ही हाथ आता है। ऐसे में आधारभूत संरचनाओं के विकास में जो समय और शक्ति लगनी चाहिए उसका आभाव हो जाता है। राज्य और केंद्र सरकार के कुल चुनावी खर्च की गणना करे तो वर्तमान समय में लगभग साढ़े चार लाख करोड़ रुपए का बजट रहा है वन नेशन वन इलेक्शन के माध्यम से इस खर्च में काफी हद तक कटौती की जा सकती है।

आपसी सहमति से तलाक के बाद भी पत्नी भरण-पोषण पाने की हकदार

बिलासपुर/नवप्रदेश। हाईकोर्ट ने एक अहम फैसले में कहा है कि यदि पति-पत्नी आपसी सहमति से तलाक लेते हैं, तब भी पति को पत्नी को भरण-पोषण देना होगा। यह निर्णय जस्टिस रवींद्र कुमार अग्रवाल की बेंच ने सुनाया।

बेंच ने कहा कि जब तक तलाकशुदा पत्नी की दोबारा शादी नहीं हो जाती, तब तक वह भरण-पोषण की हकदार है। यह पति की नैतिक और सामाजिक जिम्मेदारी है कि वह अपनी पूर्व पत्नी को सम्मानजनक जीवन जीने के लिए आर्थिक सहयोग दे। मुंगेली जिले के एक दंपति की शादी 12 जून 2020 को हुई थी, लेकिन जल्द ही उनके रिश्तों में दरार आ गई। महिला ने आरोप लगाया कि उसे दहेज के लिए प्रताड़ित किया गया और घर से निकाल दिया गया। इसके बाद, महिला ने 27 जून 2023 को मुंगेली के फैमिली कोर्ट में याचिका दायर की और 15,000 रुपये प्रतिमाह भरण-पोषण की मांग की। महिला का दावा था कि उसका पति एक ट्रक ड्राइवर है और खेती से भी सालाना दो लाख रुपये की आमदनी करता है। पति का कहना था कि पत्नी बिना कारण ससुराल छोड़कर चली गई और दोनों का 20 फरवरी 2023 को आपसी सहमति से तलाक हो चुका है, इसलिए वह किसी भी तरह से भरण-पोषण का हकदार नहीं है। हालांकि, फैमिली कोर्ट ने अक्टूबर 2023 में आदेश देते हुए महिला को प्रति माह 3,000 रुपये भरण-पोषण देने का निर्देश दिया, जिसे हाईकोर्ट ने भी सही ठहराया और पति की याचिका खारिज कर दी।

एसएसपी रजनेश सिंह की पहल पर गर्मी में दोपहर को 5 घंटे ट्रैफिक सिग्नल रहेंगे बंद

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में इन दिनों गर्मी का प्रभाव लगातार बढ़ते जा रहा है। इस चिलचिलाती धूम में आमजन को दोपहर के समय सिग्नल बन्द होने की स्थिति में सिग्नल के पास खड़ा होना अत्यधिक कष्टप्रद रहता हैं। इस संबंध में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजनेश सिंह के दिशा निर्देश पर आम जनता की सुविधा को ध्यान में रखते हुए संवेदनशीलता के साथ भीषण गर्मी के दिनों में राहत पहुंचाने एक विशेष पहल के तहत दोपहर 12 से संध्या 05 बजे तक शहर के सिग्नल को बंद रखने के आदेश दिए गए है। इस संबंध में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ट्रैफिक प्रभारी रामगोपाल करियारे ने बताया कि भीषण गर्मी को ध्यान रखते हुए एसएसपी के निर्देश के परिपालन में शहर के सिग्नल को दोपहर 12 से शाम 5 बजे तक बंद रखा जाएगा। हालांकि बंद सिग्नल पर ट्रैफिक पुलिस के जवान यातायात व्यवस्था हेतु निरंतर तैनात रहेंगे। साथ ही साथ किन्हीं परिस्थितियों में सिग्नल बंद करने के उपरांत यातायात व्यवस्था बाधित, जाम या अव्यवस्था की स्थिति निर्मित होती है तो ऐसे स्थिति में यातायात व्यवस्था सुचारू रूप से रखने हेतु सिग्नल पुनः प्रारंभ कर दिया जाएगा। विदित हो कि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात ने चिलचिलाती धूप में जहां आम जनों को राहत देने हेतु वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर सिग्नल बंद रखने निर्देशित किए जाने के साथ ही साथ चौक चौराहों पर इस भीषण गर्मी में ड्यूटी करने वाले यातायात के जवानों को छाया नुमा छतरी भी प्रदान किया गया ताकि सिग्नल बंद रखे जाने से जहां छतरी की छाया के नीचे ड्यूटीरत यातायात के जवान अपने कर्तव्य का निरंतर निर्वहन मुस्तैदी से कर सकेंगे।

यातायात नियमों का पालन करने अपील

यातायात पुलिस बिलासपुर द्वारा आम जनों से अपील किया है कि जिन चौकों पर सिग्नल बंद रखा जाएगा उन जगहों पर यातायात नियम का समुचित पालन करते हुए ही अपनी वाहनों को धीमी गति से सुरक्षित ढंग से चौक क्रॉस कर अपनी यात्रा पर जाएं एवं सदैव यातायात नियम का पालन करें। शहर के प्रमुख चौक चौराहे पर सिग्नल बंद होने की स्थिति में निसंदेह है यातायात व्यवस्था बनाए रखना यातायात पुलिस के लिए सरल सुगम एवं व्यवस्थित यातायात प्रबंधन हेतु अत्यंत आवश्यक है साथ ही आम जनमानस के लिए इसका पालन करना अनिवार्य है।

आज हल्की बारिश की संभावना

बिलासपुर/नवप्रदेश। एक पश्चिमी विक्षोभ ऊपरी हवा के चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण के रूप में उत्तर-पूर्व ईरान और उससे लगे अफगानिस्तान के ऊपर स्थित है तथा यहां 3.1 किलोमीटर से 9.6 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक द्रोणिका दक्षिण पंजाब से झारखंड तक 1.5 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। दूसरा द्रोणिका उत्तर मध्य महाराष्ट्र से मन्नार की खाड़ी तक 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। प्रदेश में कल 20 अप्रैल को एक दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है।

सीआईएसएफ के जवानों ने आग को नियंत्रित करने ग्रामीणों को किया जागरूक

सीपत /नवप्रदेश। केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल अग्निशमन विभाग एनटीपीसी सीपत के तत्वावधान में अग्निशमन सुरक्षा सप्ताह के अवसर पर एकजुट हो अग्नि सुरक्षित भारत को प्रज्ववलित करें थीम पर गुरुवार को शाम सीपत बसस्टैंड में अग्नि सुरक्षा, आगजनी की घटनाओं से बचाव और रोकथाम संबंधित जनजागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सीपत सरपंच मनीषा योगेश वंशकार उपस्थित रहे। इस आयोजन में ग्रामीणों को छोटी छोटी सावधानियां रखकर आगजनी की घटना के बाद उस पर कैसे काबू पाया जा सकता है, नियंत्रित कैसे किया जा सकता है। इसके बारे में जानकारी दी गई। इसके अलावा आग को प्रारंभिक अवस्था मे ही नियंत्रण करना एवं घरेलू रसोई गैस के रखरखाव और सावधानी से प्रयोग करने की जानकारी दी गई। जवानों में प्रयोग करके बताया। सीआईएसएफ के अधिकारी सहायक समादेष्टा राजकुमार के निर्देशन मे इंस्पेक्टर फायर महेश मीना एवं अग्निशमन दल द्वारा सभी जानकारी दी गई। इस दौरान सीपत के पंचगण सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

सिम्स के अस्थि विभाग में दो मरीजों के कूल्हे का सफल प्रत्यारोपण

डीन डॉ. रमणेश मूर्ति ने दिए बेहतर इलाज के निर्देश

बिलासपुर/नवप्रदेश। सिम्स में मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा देने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। डीन डॉ. रमणेश मूर्ति ने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा है कि अस्पताल आने वाले हर मरीजों को बेहतर सुविधा और इलाज उपलब्ध कराया जाए। वर्तमान में सिम्स के अस्थि रोग विभाग में मरीजों का जटिल आपरेशन सफलतापूर्वक किया गया है।

कुछ दिनों पहले सिम्स पहुंचे दो मरीजों को कुल्हे की जोड़ में दर्द की शिकायत थी। अस्थि रोग विभाग की चिकित्सक डॉ. संजय गिल्ले ने मरीज की स्थिति को देखते हुए तुरंत ही उपचार शुरु किया। प्रारंभिक जांच, एक्स रे व एमआरआई में पाया गया कि मरीज हड्डी की टीबी से पीड़ित है जिस वजह से कूल्हे की हड्डियां घिस गई थी जिससे मरीज को उठने, बैठने और चलने में काफी तकलीफ हो रही थी। डा. रमणेश मूर्ति और अधीक्षक डॉ. लखन सिंह ने मरीज के इलाज के लिए जरुरी दवा व संसाधन तंरत उपलब्ध कराया। इसके बाद मरीज के बाएं कूल्हे का सफल ऑपरेशन किया गया। दांए कूल्हे का प्रत्यारोपण कुछ माह बाद किया जाएगा। इसी तरह पामगढ़ निवासी दूसरे मरीज का कूल्हे का सफल प्रत्यारोपण अस्थि विभाग द्वारा किया गया है। इस सर्जरी से सिम्स आने वाले मरीजों को राहत मिलेगी। डीन ने बताया कि अस्पताल के अस्थि रोग विभाग में जोड़ों के रोग से ग्रसित मरीजों का सफल इलाज किया जा रहा है।

पेट्रोल पंप में मोबाइल चोरी का आरोपी गिरफ्तार

बिलासपुर/नवप्रदेश। पेट्रोल पंप में मोबाईल चोरी करने वाले आरोपी को सरकंडा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। चोरी के मोबाइल कीमत 12000 को बरामद किया है। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। पुलिस के अनुसार विजय साहू पिता मोहनधर साहू उम्र 42 वर्ष निवासी बघवा मंदिर के पास सीपत चौक सरकण्डा का 16 अप्रैल को रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह ईश्वर पेट्रोल पंप में काम करता है कि शाम के समय ग्राहकों के गाड़ी में पेट्रोल डाल रहा था अपने मोबाईल को पेट्रोल मशीन के पास रखा था, शाम करीब 4.30 बजे एक मोटर सायकल में दो व्यकित पेट्रोल डलवाने आये और पीछे बैठा लड़का गाड़ी से ऊतर कर मोबाईल को चोरी कर लेकर भाग गया, जिसका पता तलाश किया कोई पता नहीं चला है, प्रार्थी के उक्त रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अपराध सदर कायम कर विवेचना में लिया जाकर पेट्रोल पंप में लगे कैमरों के फूटेज के आधार पर संदेही का पता तलाश किया जा रहा था, आज 18 अप्रैल को मुखबीर से सूचना मिला कि अतुल यादव निवासी नूतन चौक सरकण्डा का मोबाईल बेचने के लिए घूम रहा है।

उपलब्धि

एसईसीएल और टीएमसी मिनरल्स रिसोर्सेज के बीच 7040 करोड़ की परियोजना के लिए समझौता

पेस्ट फिल तकनीक से कोयला खनन करने वाला पहला कोल पीएसयू बनेगा एसईसीएल

बिलासपुर/नवप्रदेश। साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) कोयला खनन में पेस्ट फिल तकनीक का उपयोग करने वाली पहली कोयला कंपनी बनने जा रही है। भूमिगत खनन की इस पर्यावरण-हितैषी तकनीक को बढ़ावा देने के लिए एसईसीएल और टीएमसी मिनरल्स रिसोर्सेज प्राइवेट लिमिटेड के बीच 7040 करोड़ की परियोजना के लिए समझौता हुआ है। इस समझौते के तहत, एसईसीएल कोरबा क्षेत्र अंतर्गत सिंघाली भूमिगत कोयला खदान में पेस्ट फिलिंग तकनीक द्वारा बड़े पैमाने पर कोयला उत्पादन किया जाएगा। 25 वर्षों की अवधि में इस परियोजना के माध्यम से अनुमानित 84.5 लाख टन (8.4 मिलियन टन) कोयला उत्पादन किया जाएगा। पेस्ट फिलिंग एक नवीन भूमिगत खनन तकनीक है, जिसमें खदान से कोयला निकालने के पश्चात उत्पन्न रिक्त स्थान को विशेष पेस्ट से भरा जाता है। यह पेस्ट फ्लाई ऐश, ओपनकास्ट खदानों से प्राप्त क्रश्ड ओवरबर्डन, सीमेंट, पानी और आसंजक रसायनों से तैयार किया जाता है। इस तकनीक के प्रयोग से खनन उपरांत भूमि के धंसने (सबसिडेंस) का खतरा नहीं रहता, और सतह की भूमि के अधिग्रहण की आवश्यकता भी नहीं पड़ती। इसके अलावा, इस तकनीक में औद्योगिक अपशिष्टों का पुनः उपयोग किया जाता है, जिससे यह पर्यावरण के दृष्टिकोण से भी अत्यंत लाभकारी सिद्ध होती है। सिंघाली खदान में नया अवसर- सिंघाली अंडरग्राउंड खदान को वर्ष 1989 में 0.24 मिलियन टन प्रति वर्ष की उत्पादन क्षमता के लिए अनुमोदित किया गया था और इसका संचालन वर्ष 1993 में प्रारंभ हुआ।

हरित खनन की ओर कदम

इस परियोजना की कुल लागत 7040 करोड़ है, और इसका प्रमुख उद्देश्य हरित खनन तकनीकों को बढ़ावा देना है। यह न केवल उत्पादन क्षमता को बढ़ाएगा, बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी सहायक होगा। इस अवसर पर एसईसीएल के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक (सीएमडी) हरीश दुहन ने कहा एसईसीएल देश की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण के लिए भी प्रतिबद्ध है। मुझे विश्वास है कि पेस्ट फिलिंग तकनीक न केवल खनन के भविष्य को सुरक्षित बनाएगी, बल्कि पर्यावरणीय दृष्टिकोण से एक स्थायी और नवाचारी समाधान भी प्रस्तुत करेगी और आने वाले वर्षों में इससे खनन उद्योग को नई दिशा मिलेगी।

सुनो भाई उधो

गोसइन के छतरंगी चाल

परमानंद वर्मा

एक गोड मं लाल भाजी, एक गोड मं महुर,
कतेक ला मानव, मंय देवर ससुर! फुगड़ी रे फाय फाय हां हां फुगड़ रे फाय फाय (छत्तीसगढ़ी लोक पारंपरिक गीत)।

- ए जी।
- हां जी।
- ओ जी...।
- हां जी, गोठिया ना।
- मोर एक ठन बात हे।
- का बात हे...?
- सुनबे ना, मानबे ना...?
- काबर नइ सुनहू, काबर नइ मानहू?
- गडकिन सही काहत हस, लबारी, अउ झूठ-मूठ के तो नइ काहत हस?
- आज तक लबारी मारे हौं का तोर करा?
- नहीं तुंहर मरद जाति के कोनो कांही भरोसा नइहे?
- अच्छा... मरद मन अनभरोसिल होथन अउ तुमन साक्षात सत्यवान सावित्री कस होथव ना?
- टार भई तोर एती ओती के बात ला...।
- मोर लेखे अभी टार, रामकथा ला मंय नहीं तंय शुरू कर हस।
- अच्छा बवा, मयं शुरू करे हौं ना, बसा - हां तब बता तंय कुछु पूछत रेहे? - अइ हां, सिरतोन काहत हस, जेन बात ला पूछिहौं काहत रेहेंव तेन ला कइसे भुलागेंव? कतेक सुरतभूल होवत जाथौ ना? - तोर ला तंय जान, बने बादाम, काजू, अखरोट खाय कर रोज समझे। - हां तब का पूछत रेहेंव... हां... हां... सुरता आगे। - हां आगे ना सुरता, तब पूछ। - मोर एक ठन बात ला मानबे? - माने के लइक होही तब काबर नइ मानिहौं?
- आनाकानी तो नइ करबे? - अइसे काबर सोचे हस, मोर मन मं भुस-भुस जाथे, तोर सवाल अउ मांग कुकुर के पूछी बरोबर टेड़गा लागत हे?
- जोर से खिलखिलाके हांस भरथे। फेर थोरिक रुक के कहिथे- तोर मगज मं अइसे का बात कइसे उठथे के मंय टेड़गी (बिच्छी) असन टेड़गा मांग अउ सवाल कर कर बइठे हौं?
- मंय जानत हौं गोसइन मन के रूप अउ चाल ला, कब कइसे पाला बदल लेथे तेला, ब्रम्हा नइ जानय। - अच्छा जी, तोर केहे के मतलब हे के हमन शातिर होथन?
- मयं अइसे कहां काहत हौं, तोर का मांग हे, विचार हे तउन ला बता, दुनियाभर के गोठ ला छोड़। - कइसे छोड़ दे हौं, राजा जब तंय डमरू बजा दे हस, तिरसुल लहरा दे हस, तब सही बात काहे, तेला बता जउन नारी मन के हिरदे मं होथे?
- तब सुन, तोरे असन कैकेयी हा लुहहार के अयोध्या के चक्रवर्ती राजा दसरथ करा ले दू ठन वर मांगिस। अउ ओहर दे दीस, का हाल होइस ओकर? - अच्छा ये कथा हे?
- अउ सुन, सीताजी हा पंचवटी करा सोन के नकली हिरण ला जात देखिस तब ओला कहिथे- मोला ओकर मृगछाला चाही। राम समझाइस नइ मानिस। ओकर आघु का होइस ओ सबो कथा ला तंय जानत हस।
- मोला लगथे चित्रकूट के घाट मं नइते कुंभ मं कोनो शिवपुरान, रामकथा, गीता भागवत सुनत हौ। धन्य हो कथा वाचक महाराज, धन्य हो। - ना मंय अयोध्या के महाराजा दसरथ के महारानी कैकेयी हौं अउ न भगवान रामचंद्र के अर्धागिनी अउ जनक नंदिनी जानकी हौं। मंय छत्तीसगढ़ के साधारन परिवार के किसान के अर्धागिनी हौं, ओकर ले जादा कुछु नहीं। इही मोर पहचान हे। मोर मालिक ला पायलगी।

गोसइयां से जब कोनो बड़े काम कराना होथे तब गोसइन मन अइसे लुहहारत बात मं लेवना (मक्खन) डार के, मिसरी घोर के गुरतुर गुरतुर गोठियाही तब झन पूछ... नहीं तो कोनो मरद बोले नइ सकय, मोहा जथे,मेडवा असन बन जाथे अउ ओकर हां मं हां मिला देथे।

तब गोसइन के बात मं मोकाय किसान भोजराज ओला कहिथे- बोल देवी, मांग तोला का चाही? कोन गोसइन होही, जब देख लेथे बाजी ओकर हाथ मं आगे हे तहां ले थोरको देरी नइ करय। तब गोसइन कहिथे- मोर बहिनी कलावती ला तोर भाई संग बिहाव कर लेतेव,ओला मोर देवरानी बनाय के साध हे ! अतका ला सुनिस तहा ले भोजराज सुकुरदुम होगे,ओकर हाथ गोड जुड़ागे। माथा धरलिस, सोचे लागिस अब वचन तो दे परे हे। धरम संकट खड़ा होगे। अब ! भोजराज अब सोचथे- का करे जाय, ये गोसइन तो मोला बात-बात मं फंसा लिस। फंसगे- डिमरा के जाल मं जइसे मछरी फंस जथे। छटपटाय लगिस। गोसइन के बात ला मानत हौं तब ददा-दाई मन का कइहीं? तेला अउ कोनो नइ मिलिस रे, तोर सारी भर एक झन हे, बहू बनाय के लइक? ओमन मना कर दिही तब का होही? गोसइन आथे, पूछथे- कइसे का सोचत हस जी, चेहरा थोकन उतरे असन लगत हे? भोजराज बात बनावत लड़बड़ाय असन बोलथे- नहीं रे कांही नइ सोचत हौं?

- नहीं कुछु बात तो हे? - नहीं कुछु बात नइहे काहत हौं ना? अतका किहिस तेकर बाद चक्कर खाके गिर गे।

गोसइन धरा-पसरा लोटा मं पानी धर के आथे अउ गोसइयां के मुड़ी मं पानी छींटा मारत, माथा ला ठोकना शुरू करथे।

बेटा ला चक्कर खाके गिरे देखिस, सुनिस तहां ले डोकरी-डोकरा आगे। पूछथे- का होगे बहू, बेटा ला, कइसे गिरे परे हे?

बहू बात ला बनावत कहिथे, ओ काहे ना सासु मां, काली रात के जादा दारू पी ले रिहिसे। उकरे नशा मं माथा गरम होगे अउ गिर परिस।

अब डोकरी-डोकरा का जानय, बहू हा छतरंगी चाल चले हे तउन ला। ओ बात ला पांच साल के नाती टूरा हा बाद मं बकर दीस। ओहर बताथे- दादा अउ दादी, ददा हा दारू नइ पिये रिहिसे। बात कुछु दूसर हे ओला चक्कर खाके गिरे के?

- का बात हे, तब बता सही बात ला?
- दाई हा जुआ खेले हे, तेमा ददा हा हारगे हे।
- मोर बेटा तो जुआ नइ खेलय रे, तंय कइसन गोठियाथस, नाती बताथे, वइसन जुआ नहीं गा, जइसन तुमन सोचथौ।
- तब कइसन जुआ खेले हे रे? परछी मं बइठे डोकरी-डोकरा करा ओ नाती हा पहली एती-ओती देख लीस, दाई तो नइ देखत हे ना। कलुवा कुकुर के छोड़े ओमर कोनो नइ रिहसे। तब ओहर रात के दाई-ददा के बीच जउन संवाद होय रिहिसे तउन ला उछर दीस। - अच्छा-अच्छा... ये बात हे बेटा, अतके बात ला ले के भोजराज अपन माथा खराब करे हे। कोनो बात नहीं, तोर मौसी ला पला बहू बना के ले लाबो बेटा।

दूनो झन उठके जाथे अउ बहू ला कहिथे- असली बात ला छिपाय के कोनो जरूरत नइहे। तोर बहिनी ला छोटे बहू याने तोर देवरानी बनाय बर तइयार हन। मोर बेटा, भोजराज ला कोनो परकार के मानसिक ताना मारे के जरूरत नइहे।

बहू सुकुरदुम होगे, सोचे लगिस- के राज खुलिस ते खुलिस कइसे। ससुर हांसत कहिथे- बेटी- हमर नाती बड़ चतुर सुजान हे, पूरा राम कथा उही हर सुनाइस हे।

नवजीवन और जीवन के बदलाव का प्रतीक पर्व है 'ईस्टर'

योगेश कुमार गोयल

नए जीवन और जीवन के बदलाव के प्रतीक के रूप में मनाए जाने वाले ईस्टर पर्व को भाईचारे और स्नेह का प्रतीक माना जाता है। कहा जाता है कि इस दिन ईसा मसीह के जीवित होने के बाद उनको यातनाएं देने वाले और सूली पर चढ़ाने वाले लोगों को भी बहुत पश्चाताप हुआ था।

क्रिसमस के अलावा 'ईस्टर' को भी ईसाई धर्म का सबसे बड़ा और प्रमुख पर्व माना जाता है। दरअसल दोनों ही पर्व ईसा मसीह के जन्मदिन के रूप में मनाए जाते हैं। प्रतिवर्ष गुड फ्राइडे के तीसरे दिन रविवार को मनाया जाने वाला 'ईस्टर संडे' ईसाइयों का महत्वपूर्ण धार्मिक पर्व है, जो इस वर्ष 20 अप्रैल को मनाया जा रहा है। गुड फ्राइडे के दिन ईसा मसीह के बलिदान को याद कर जहां ईसाई धर्म के लोग दुखी होते हैं, वहीं ईस्टर संडे पर उनकी खुशी दोगुनी होती है क्योंकि ईसाई धर्म की मान्यता के अनुसार गुड फ्राइडे के बाद आने वाले रविवार को दुनिया को प्रेम और करुणा का संदेश देने वाले शांति के मसीहा ईसा मसीह पुनः जीवित हुए थे और उनके जीवित होने की खुशी में ईसाई धर्म को मानने वाले लोग 'ईस्टर संडे' मनाते हैं। इस पवित्र दिन को 'ईस्टर दिवस' तथा 'ईस्टर रविवार' के नाम से भी जाना जाता है। ईस्टर ईसाई समुदाय के लिए खुशियां मनाने का प्रमुख पर्व है, जिसे ईसा मसीह के चमत्कारों में से एक माना जाता है। ईसाई धर्म के प्रसिद्ध ग्रंथ 'बाइबिल' में भी उल्लेख है कि ईस्टर संडे के दिन पुनः जीवित होने के बाद ईसा मसीह 40 दिन तक पृथ्वी पर रहे और उस दौरान उन्होंने अपने शिष्यों को प्रेम एवं करुणा का पाठ पढ़ाया तथा फिर स्वर्ग चले गए।

नए जीवन और जीवन के बदलाव के प्रतीक के रूप में मनाए जाने वाले ईस्टर पर्व को भाईचारे और स्नेह का प्रतीक माना जाता है। कहा जाता है कि इस दिन ईसा मसीह के जीवित होने के बाद उनको यातनाएं देने वाले और सूली पर चढ़ाने वाले लोगों को भी बहुत पश्चाताप हुआ था। ईसाई धर्म की मान्यताओं के अनुसार 'ईस्टर' शब्द की उत्पत्ति 'ईस्त्र' शब्द से हुई थी। यूरोप में प्रचलित पौराणिक कथाओं के अनुसार ईस्त्र वसंत और उर्वरता की एक देवी थी, जिसकी प्रशंसा में अप्रैल माह में उत्सव होते थे। इन उत्सवों के कई अंश यूरोप के ईस्टर उत्सवों में आज भी देखने को मिलते हैं। इसीलिए इसे नवजीवन या ईस्टर महापर्व का नाम दे दिया गया। कुछ देशों में ईस्टर दो दिन तक भी मनाया जाता है और दूसरे दिन को ईस्टर सोमवार कहा जाता है। ईस्टर संडे के दिन ईसाई धर्म के लोग गिरजाघरों में जाकर यीशु को याद करते हैं, उनकी याद में मोमबत्तियां जलाते हैं, बाइबिल पढ़ते हैं और अपने प्रभु यीशु के जीवित होने की खुशी में एक-दूसरे को बधाई देते हैं। ईस्टर रविवार के पहले सभी गिरजाघरों में रात्रि जागरण तथा अन्य धार्मिक परंपराएं पूरी की जाती हैं और असंख्य मोमबत्तियां जलाकर यीशु में अपना विश्वास प्रकट किया जाता है। ईस्टर पर सजी हुई मोमबत्तियां अपने घरों में जलाना तथा मित्रों में बांटना ईसाई धर्म में एक प्रचलित परम्परा है।

ईस्टर के पहले वाले रविवार को 'खजूर रविवार' के नाम से जाना जाता है। इस संबंध में मान्यता है कि इसी रविवार के दिन ईसा मसीह ने यरुशलम में प्रवेश किया था। ईसाई विद्वानों के मतानुसार 29 ई. को ईसा मसीह गधे पर सवार होकर यरुशलम पहुंचे थे और वहां के लोगों ने खजूर की डालियों से उनका स्वागत किया था, इसीलिए इस दिन को 'पाम संडे' कहा जाता है। यहीं यरुशलम में उनके खिलाफ षड्यंत्र रचा गया और राजद्रोह के आरोप में शुक्रवार को सूली पर चढ़ा दिया गया।

ईसा मसीह को सूली पर लटकाने की घटना को गुड फ्राइडे के नाम से जाना जाता है और इसके तीसरे दिन यानी संडे को ईसा मसीह के दोबारा जीवित होने की घटना को ईस्टर संडे के रूप में मनाया जाता है। ईसाई धर्म में इस घटना को इस बात प्रमाण भी माना जाता है कि सत्य कभी नष्ट नहीं हो सकता। ईस्टर की आराधना उषाकाल में ईसाई महिलाओं द्वारा की जाती है क्योंकि माना जाता है कि यीशु का पुनरुत्थान इसी वक्त हुआ था। ईसाई धर्म की मान्यताओं के अनुसार जब ईसा मसीह को मृत्युदंड दिया गया तो उनके अनुयायी बहुत निराश और हताश हो गए थे लेकिन गुड फ्राइडे के तीसरे दिन रविवार को मरियम मदीलिनी नामक एक महिला ईसा मसीह की कब्र पर गई, जहां उस समय गहन अंधकार छाया था। महिला ने देखा कि ईसा मसीह की कब्र पर पत्थर नहीं है। उसने इसके बारे में ईसा के अनुयायियों को बताया, जिन्होंने वहां आकर देखा तो कब्र में केवल कफन पड़ा था, ईसा मसीह नहीं थे। कुछ देर बाद वे सभी वहां से चले गए लेकिन महिला वहीं बैठकर रोने लगी। तभी उसने देखा कि कब्र में जहां ईसा मसीह का शव रखा था, वहां दो स्वर्गदूत सफेद कपड़े पहने खड़े थे, एक ईसा मसीह के सिर के पास और दूसरा पैरों के पास। दोनों देवदूतों ने महिला से रोने का कारण पूछा तो उसने बताया कि वे उसके ईसा मसीह को लेकर चले गए हैं। तभी उसने वहां ईसा मसीह को देखा। देवदूतों ने उसे कहा कि वे अब परम पिता के पास जा रहे हैं। इस घटना के तुरंत बाद महिला फिर ईसा के अनुयायियों के पास आई और उनको बताया कि कैसे प्रभु ईसा मसीह पुनः जीवित हो गए हैं। ईसाई मान्यताओं के अनुसार ईसा मसीह पुनः जीवित होने के बाद 40 दिन तक पृथ्वी पर रहे और अंत में वे अपने कुछ शिष्यों के साथ आसमान में चले गए। ईस्टर के दिन ईसाई धर्म के लोग अपने घरों को अंडों से सजाते हैं और एक-दूसरे को अंडे उपहार स्वरूप भी देते हैं। दरअसल ईस्टर पर अंडों का विशेष महत्व है क्योंकि ईसाई धर्म के लोग अंडे को नया जीवन और उमंग का प्रतीक मानते हैं।

व्यंग्य रचना : सायकल और इकॉनामी

डॉ. किशोर अग्रवाल

जब हमने सायकल चलाना सीखा था, तब हमें इकनॉमी का ड भी पता नहीं था। पता होता तो यूं बंदरों सी हरकत कर कैंची फंसाकर सायकल न सीखते। सरकार को वाहन चालकों और शराबियों से बड़ी बड़ी उम्मीदें हैं। यूं कहें कि देश की इकॉनामी के ये ही दो मजबूत पाये हैं। हमने तो सरकार के दोनों ही मंसूबों पर पानी फेर रखा है। शराब पीना सीखा नहीं और वाहन के नाम पर यह टुटपुंजिया सी सायकल सीख रखी है। एरियर के पैसे मिलने पर जब हमने नई साइकिल खरीदी और उत्साह में अपने मित्रों को दिखाई तो उनसे जो लताड़ पड़ी, उसका वर्णन करना मुश्किल है। हमारे अनन्य मित्र ने हमको साइकिल और देश की इकोनॉमी पर एक लंबा चौड़ा लेक्चर दिया। उन्होंने बताया कि नामुराद तुमने साइकिल खरीद कर देश की इकोनॉमी को एक बहुत बड़े झटके में डाला है। जिझासा हुई कि ऐसा कैसे हो गया तब यह गुप्त रहस्य मुझ पर प्रकट हुआ।

पहले तो मुझे कुछ समझ में ही नहीं आ रहा था कि मैंने साइकिल खरीद कर कौन सा गुनाह किया है। मैंने उनसे पूछा कि साइकिल लेकर क्या वास्तव में मैंने कोई गलती की है तो उन्होंने मुझे समझाया कि साइकिल खरीद कर मैंने देश को और देश के विकास को कितना पीछे कर दिया है । उन्होंने कहा कि तूने साइकिल ली है, इससे ही इस बात का पता चलता है कि तूने यह साइकिल नगद में खरीदी होगी। बैंक फाइनेंस तो नहीं कराया होगा। इस प्रकार मैंने लोन के एजेंट और बैंक को ब्याज का नुकसान कराया है। उसने बताया कि जैसे कोई फॉस्ट फूड की दुकान खोलता है तो उसके कारण मोटापे से होने वाली बीमारियों से मेडिकल शॉप दांतों के डॉक्टर, दिल के डॉक्टर, मोटापे के डॉक्टर, मोटापा कम करने वाले, प्रोडक्ट बनाने वाले ,बेचने वाले आदि दस प्रकार के लोगों का खर्च चलता है, इससे देश की जीडीपी आगे बढ़ती है। जिम कराने वाले ट्रेनर, और जिम चलाने वाले दुकानदार आदि सभी का फायदा होता है। जिम का तरह-तरह का सामान बिकता है। अब देखो यह साइकिल खरीद कर तुम जब साइकिल चलाओगे तो मोटे नहीं होंगे और मोटे नहीं होंगे तो तुम्हें बीमारियां भी नहीं होंगी। अतः मोटापे कम कराने वाले धंधे से जुड़े लोगों के पेट पर लात ही तो मारोगे। मुझे बड़ा अफसोस हुआ कि मैं यह साइकिल क्यों खरीदी। उन्होंने आगे कहा "तू साइकिल में पेट्रोल थोड़ी डलाएगा ? पेट्रोल नहीं डालने से भी तो तूने गवर्नमेंट की इकोनॉमी का सीधे-सीधे नुकसान किया है। साइकिल में इंजन, लाइट, एसी वगैरह तो होते नहीं इसलिए इस तरह के पार्ट पुर्जे बनाने और बेचने वालों की इस सायकल खरीदी से वाट लगने वाली है। इससे कार मैकेनिक और एसी रिपेयर करने वाले इलेक्ट्रीशियन इत्यादि के पेट पर भी तूने लात ही मारी है। मैं अफसोस से भर गया।

"तुम्हारे पेट्रोल के पैसे बचेंगे, इसका मेंटेनेंस भी नहीं करना पड़ता उसके भी पैसे बचेंगे, सर्विसिंग नहीं कराओगे उसके पैसे बचेंगे। कोई महंगे पार्ट पुर्जे नहीं खरीदोगे उसके भी पैसे बचेंगे । इएमआई तुम चुकाओगे नहीं उसकी तुम्हें कोई टेंशन न होगी । मोटे तुम होगे नहीं तो खुश रहोगे ये खुशी हम चिंताग्रस्त मित्रों को बरदाश्त होगी क्या? तुम्ही कहो।" मित्र ने बड़ी गहरी उदासी से कहा।

देश ने शराबियों से जैसे बड़ी उम्मीदें लगाई हैं वही उम्मीदें पेट्रोल डीजल क्रेताओं से भी हैं।"

"वह कैसे?" मैंने पूछा।

"शराबी कभी मोल भाव नही करता जो फिक्स दाम बता दो दे देता है। डीजल पेट्रोल में भी मोल भाव कहां चलता है? पम्प वाला कम दे दे तो क्या साधन है कि नाप कर लो , नही है न? शराब में नशा कितना है कैसे नापोगे? ये निरापद उपभोक्ता हैं । ये ही सरकार को प्रिय हैं। कुछ सरकारी अफसरों को ये इतने प्रिय लगे कि इनकी सेहत की फिक्र करते हुए कम नशे की कम सांध्रता वाली शराब देने लगे और सरकार का नाम खराब न हो इसका ध्यान रखते हुए अपने पास से ही बेचने लगे। तुम शराब नही पीते इसलिये सरकार व अफसरों पर ये उपकार करते ही नही हो और अब यह सायकल खरीदकर तो तुमने बहुत बड़ा तमाशा खड़ा कर दिया है। सरकार विरोधी कार्य करने के कसूर में तुम कहीं गिरफ्तार न हो जाओ डर तो यह है।"

मुझे लगा यह तो वाकई गुनाह हुआ। सायकल खरीदकर मैं अनजाने में सरकारी नीतियों के विरुद्ध काम कर बैठा।

डिहाइड्रेशन से बचने के उपाय

गर्मियों में लू लगने और डिहाइड्रेशन की समस्या होना काफी आम है। इससे बचने के लिए हाइड्रेटेड रहने की सलाह दी जाती है। इस मौसम में शरीर को ठंडा रखने के लिए आप अपनी डाइट में कई तरह के फूड्स शामिल कर सकते हैं। जिन्हें खाने से इम्यूनिटी मजबूत होती है। आप इससे गर्मी में होने वाली कई गंभीर समस्याओं से भी बच सकते हैं। तो चलिए जानते हैं, गर्मियों में किन फूड्स का सेवन करना बेहद जरूरी है।

तुलसी के बीज

तुलसी के बीज सेहत के लिए किसी वरदान से कम नहीं हैं। इन्हें सब्जा के नाम से भी जाना जाता है। गर्मियों के मौसम में इन बीजों के सेवन से शरीर पर ठंडा प्रभाव पड़ता है। आप इनका इस्तेमाल नींबू पानी, शरबत या जूस में कर सकते हैं।

छाछ

काले नमक, हींग और जीरे के पाउडर से बनी छाछ काफी स्वादिष्ट और सेहत से भरपूर होती है। गर्मियों में पाचन को स्वस्थ रखना चाहते हैं, तो खाने के बाद छाछ जरूर पिएं। यह शरीर को ठंडा रखने के साथ पाचन के लिए भी काफी फायदेमंद है।

नारियल पानी



हीट स्ट्रोक से बचने के लिए नारियल पानी नियमित रूप से जरूर पिएं। यह शरीर को हाइड्रेट रखने के साथ गर्मी से राहत दिलाता है।

खीरा



खीरे में पानी की मात्रा काफी ज्यादा होता है। इसलिए गर्मियों में इसे जरूर खाएं। आप चाहें तो इसका जूस बना सकते हैं, रायता या ठंडा सूप भी तैयार कर सकते हैं।

अंगूर

यह गर्मियों में मिलने वाला रसीला और स्वादिष्ट फल है। जो एंटीऑक्सिडेंट और जरूरी पोषक तत्वों से भरपूर होता है। अंगूर त्वचा को सनबर्न से बचाने में भी सहायक है।

QUIZ TIME

1) ब्यूफोर्ट स्केल किसका मापक है?
2) किस महासागर का सर्वाधिक विस्तृत महाद्वीपीय ढाल क्षेत्र है?
3) भारत की प्रभुता, एकता और अखंडता की रक्षा करें और उसे अक्षुण्ण रखें, यह उपबंध किसमें किया गया है?
4) किस ब्रिटिश प्रधानमंत्री द्वारा 8 नवम्बर, 1927 को सर जॉन साइमन की अध्यक्षता में एक सांविधानिक आयोग (प्रचलित नाम साइमन आयोग) की नियुक्ति की घोषणा की गई थी?
5) नरगिस मोहम्मदी को शांति के क्षेत्र में वर्ष 2023 का नोबेल पुरस्कार मिला है, जो यह सम्मान पाने वाली अब तक की कौनसी महिला है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) पवन वेग (2) आंर्कटिक महासागर (3) मूल कर्तव्य (4) स्टेनली बाल्डविन (5) 19 वीं

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेष: आपका आज का दिन सामान्यतः शुभ ही रहेगा। सेहत छोटी मोटी तकलीफों को छोड़ अनुकूल बनी रहेगी।

वृष: आपका आज का दिन सामान्य रहेगा फिर भी सेहत की अनदेखी करना भारी पड़ सकता है। पेट सम्बंधित समस्या बड़ा रूप ना ले इसका ध्यान रखें।

मिथुन: आपका आज का दिन शुभ फलदायी रहेगा। व्यवसाय नौकरी में मनचाही उन्नति मिलने से दिन भर प्रसन्न रहेंगे।

कर्क: आज का दिन आपके लिए आनंददायक रहेगा। आज प्रत्येक क्षेत्र में विशेषी परास्त होंगे। सामाजिक मान-सम्मान बढ़ेगा।

सिंह: आज का दिन आपके लिए आनंददायक रहेगा। आज दिन भर शारीरिक रूप से चुस्त बने रहेंगे। कार्य क्षेत्र पर आपके कार्यों की प्रशंसा होगी।

कन्या: आज के दिन क्रोध अथवा अहम् की भावना बने बनाये कार्यों पर पानी फेर सकती है।

तुला: आज का दिन आपके अनुकूल बीतेगा। प्रातः काल से ही हर परिस्थिति पर आपकी पकड़ रहेगी।

वृश्चिक: आज के दिन आपको प्रारब्ध अनुसार जितना मिले उसी में संतोष कर लेंगे।

धनु: आज के दिन आप ज्यादा मेहनत करने के मूड में नहीं रहेंगे परन्तु पुराने कार्यों अथवा कार्य क्षेत्र पर व्यवस्था बनाने में काफी परिश्रम करना पड़ेगा।

मकर: आपका आज का दिन अधिक फलदायी रहेगा आज प्रातः काल में किसी परिजन से तकरार होने के कारण दिन भर मन खिन्न रहेगा।

कुंभ: आपका आज के दिन का अधिकांश समय आराम से व्यतीत होगा। सामाजिक एवं धार्मिक कार्यों में योगदान देने से यश एवं सम्मान की प्राप्ति होगी।

मीन: आपका आज का दिन शुभ रहेगा। आज कार्य क्षेत्र पर अनुकूल वातावरण मिलने से उत्साह में वृद्धि होगी।

आज का पंचांग

सूर्योदय : 06:04, सूर्यास्त : 06:48, चन्द्रोदयः :24:42, चन्द्रास्त : 09:47, अयन :उत्तरायणे (उत्तरगोलीय), ऋतु : ग्रीष्म,शक सम्वतः :1947 (विश्वावसु), विक्रम सम्वतः :2082 (सिद्धार्थी), मास :वैशाख, पक्ष :कृष्ण, तिथि : सप्तमी, नक्षत्र : उत्तराढ़, योग : सिद्ध, प्रथम करण :गर (05:48 तक), द्वितीय करण :वणिज (18:21 तक)।

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य : मेष, चंद्र : धनु, मंगल : कर्क (उदित, पूर्व, मार्गी), बुध : मीन (उदय, पूर्व, मार्गी), गुरु :वृष (अस्त, पश्चिम, मार्गी), शुक्र : मीन (अस्त, पश्चिम, मार्गी), शनि : मीन (उदय, पूर्व, मार्गी), राहु : मीन, केतु : कन्या।

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त :11:50 से 12:42, रवियोग :10:21 से 29:45, विजय मुहूर्त :14:26 से 15:18, गोधूलि मुहूर्त :18:45 से 19:07, सायाह्न सन्ध्या :18:47 से 19:52, निशिता मुहूर्त :23:54 से 24:38,राहुकाल :16:30 से 18:00, राहुवास :पूर्व, यमगण्ड :13:54 से 15:31, दुर्मुहूर्त :05:46 से 06:38, होमाहुति :गुरु, दिशाशूल :पूर्व, अग्निवास :आकाश, भद्रावास :पाताल (18:21 से), चन्द्रवास :पूर्व, शिववास :भोजन में (18:21 से श्मशान में)।

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य

बाएं से दाएं

1. राजद प्रमुख 6. रखवाला, रक्षा करने वाला 7. दयालु, रहम करने वाला (उ.) 10. युग्म, जोड़ा, एक राशि, एक फिल्म अभिनेता 13. कैदखाना, जेल, हिरासत 15. जानकी, जनकनंदनी 17. व्यर्थ की बात, बकबक 18. नारी, स्त्री, महिला 21. विक्रय करना 22. वाणी, कथन, वादा 24. ताश में दस अंकों वाला पत्ता 25. नगर का, नागरिक, चतुर।

ऊपर से नीचे

1. बेफिक्र, निश्चिंत, जिसे कोई परवाह न हो 2. मूर्ति 3. दोस्त, प्रेमी 4. कुशल, विशेषज्ञ 5. बगुला 8. झुका हुआ, झुकाया गया, नत 9. इधर-उधर, पास पड़ोस 11. किस्मत, तकदीर, भाग्य 14. बंदर, मर्कट, कपि 16. शक्तिशाली, बलवान 18. संतान, संतति 19. अस्तबल, घुड़साल 20. राजी करना, रूठे हुए को प्रसन्न करना 23. सरिता, नदिया, नद।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 022 का हल

45 समितियों से 5580 क्विंटल धान गायब : 1 करोड़ 72 लाख रुपए की होगी वसूली

■ नहीं दिया तो एफआईआर

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर जिले में वित्तीय वर्ष 2024-25 का करीब 5580 क्विंटल धान 45 समितियों से गायब हो गया है। समितियों के किए गए भौतिक सत्यापन के बाद यह गड़बड़ी सामने आई है, जिसके बाद अब खाद्य विभाग ने गायब धान के बदले समितियों से राशि की रिकवरी करने के लिए नोटिस जारी किया है। इन नोटिस के बाद भी अगर समितियों ने गायब धान के बदले राशि जमा करने की पहल शुरू कर दिए हैं, लेकिन कई समिति प्रबंधक गायब धान को सूखत बताते हुए राशि देने से इनकार भी कर रहे हैं। इसे देखते हुए विभाग अब ऐसी समितियों के खिलाफ एफआईआर कराने की तैयारी में है।

रिकवरी का पूरा प्रयास करें नहीं तो होगी एफआईआर

रायपुर के खाद्य नियंत्रक भूपेंद्र मिश्रा ने बताया कि, नोटिस के बाद कई समितियों ने गायब धान या बदले में राशि जमा कराई है, लेकिन अभी भी 5580 क्विंटल धान की रिकवरी किया जाना शेष है। बचे धान की रिकवरी का पूरा प्रयास किया जा रहा है। कई समितियां सूखत बताकर लौटा नहीं रही हैं। नहीं लौटाने पर एफआईआर कराएंगे।

16500 क्विंटल हुआ था गायब 10920 क्विंटल कराया जमा

खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में रायपुर जिले में कुल 139 समितियों ने किसानों से समर्थन मूल्य पर 6997417.20 क्विंटल धान खरीदा था। इसके एवज में 45 समितियों से 16500 क्विंटल धान गायब मिला था, जिसका खुलासा खाद्य विभाग द्वारा किए गए भौतिक सत्यापन में हुआ। इस तरह प्रति क्विंटल 31 सौ रुपए के हिसाब से 5 करोड़ रुपए से अधिक कीमत का धान इन समितियों से गायब हुआ।

विभागीय अधिकारी का कहना है कि भौतिक सत्यापन की रिपोर्ट प्रशासन को सौंपी गई, जिस पर कलेक्टर ने इस मामले में संबंधित समितियों से गायब धान के बदले राशि रिकवरी करने और नहीं देने पर गाइड लाइन के तहत कानूनी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

इस निर्देश के परिपालन में विभाग ने इन समितियों को नोटिस जारी किया था। इस नोटिस के विरुद्ध कई समितियों ने धान और बहुतों ने धान के बदले राशि भी लौटाई। इस तरह समितियों ने 10920 क्विंटल की भरपाई कर दी है, लेकिन अभी भी 5580 क्विंटल धान की रिकवरी किया जाना बाकी है।

संक्षिप्त खबरें

छत्तीसगढ़ के कई जिलों में देर शाम तक अंधड़-तूफान के आसार

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में लोगों को दिन के वक्त गर्मी से परेशान होना पड़ रहा है। हालांकि, शाम होते-होते मौसम करवट ले रहा है और तेज हवाओं के साथ हल्की बूंदाबांदी देखने को मिल रही है. मौसम विभाग ने आज प्रदेश के कुछ इलाकों में बदल गरजने और हल्की बारिश की संभावना जताई है. साथ ही एक-दो स्थानों पर बदल गरजने के साथ अंधड़ चलने और वज्रपात होने की भी संभावना है. इसके अलावा अधिकतम तापमान में वृद्धि का दौर लगातार रहने की संभावना है. मौसम विभाग के मुताबिक, अगले 5 दिनों में छत्तीसगढ़ में अधिकतम तापमान में 2-3 डिग्री की क्रमिक वृद्धि होने की संभावना है. वहीं अगले 4 दिनों में छत्तीसगढ़ में मेघ गर्जन साथ बिजली गिरने की गतिविधि जारी रहने की संभावना है. फ्लिहाल प्रदेश में मौसम सिस्टम की बात करें तो एक पश्चिमी विक्षोभ ऊपरी हवा के चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण के रूप में उत्तर-पूर्व ईरान और उससे लगे अफ्गानिस्तान के ऊपर सक्रिय है, जो लगभग 3.1 किलोमीटर से लेकर 9.6 किलोमीटर की ऊंचाई तक फैला हुआ है. इसके साथ ही एक द्रोणिका दक्षिण पंजाब से झारखंड तक लगभग 1.5 किलोमीटर की ऊंचाई तक विस्तारित है. वहीं, दूसरी द्रोणिका उत्तर मध्य महाराष्ट्र से मन्नार की खाड़ी तक सक्रिय है, जो करीब 0.9 किलोमीटर की ऊंचाई तक फैली हुई है।

ओडिशा से खरीददारी करने पहुंचे व्यापारी के अपहरण से मचा हड़कंप

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर में दिनदहाड़े एक सनसनीखेज वारदात सामने आई है। ओडिशा के झारसुगुड़ा से खरीदी करने के लिए आए एक कारोबारी का अज्ञात बदमाशों ने अपहरण कर लिया। यह घटना पंडरी थाना क्षेत्र स्थित श्रीशिवम शोरूम के पास घटित हुई। जानकारी के मुताबिक कारोबारी किसी काम से रायपुर पहुंचे थे। खरीदारी के सिलसिले में श्रीशिवम शोरूम आए हुए थे। इसी दौरान अज्ञात किडनैपर्स ने मौके का फायदा उठाकर कारोबारी का अपहरण कर लिया। घटना की सूचना मिलते ही पंडरी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है। फ्लिहाल पुलिस अपहृत कारोबारी की तलाश और अज्ञात आरोपियों की शिनाख्त में जुटी हुई है। इस घटना से इलाके में दहशत का माहौल है।

पंचायत सचिवों की राज्यस्तरीय हड़ताल स्थगित डिप्टी सीएम से चर्चा के बाद लिया फैसला

रायपुर/नवप्रदेश। शासकीयकरण और वेतन वृद्धि की मांग को लेकर बीते 32 दिनों से हड़ताल पर बैठे पंचायत सचिवों ने अब अपनी राज्य स्तरीय हड़ताल को स्थगित करने का फैसला लिया है। छत्तीसगढ़ पंचायत सचिव संघ के कार्यकारी अध्यक्ष कोमल निषाद ने बताया कि पंचायत मंत्री विजय शर्मा से हुई बातचीत के बाद यह निर्णय लिया गया है। बता दें, 32 दिनों से प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों में पंचायत सचिव धरने पर बैठे थे। साथ ही 28 अप्रैल को दिल्ली के जंतर-मंतर में प्रदर्शन की तैयारी भी की गई थी। हालांकि, सरकार से हुई सकारात्मक बातचीत के बाद आंदोलन को फ्लिहाल रोक दिया गया है। बताया गया है कि पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा गठित कमेटी 2026 तक अपनी अंतिम रिपोर्ट पेश करेगी, जिसके आधार पर पंचायत सचिवों का शासकीयकरण किया जाएगा।

गांव अगर तकनीक से जुड़ेंगे तो भारत का भविष्य सशक्त बनेगा

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में तकनीकी शिक्षा और नवाचार को ग्रामीण स्तर तक पहुँचाने की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम उठाया गया है। विश्वप्रसिद्ध एआई विशेषज्ञ, उद्यमी और शिक्षक समीर रंजन की अगुवाई में शुरू हुई पहल सीएस भारतीय एआई लैब्स और करियर सेंटर राज्य के गाँवों और छोटे शहरों में कृत्रिम बुद्धिमत्ता की शिक्षा और अवसरों को सुलभ बना रही है। समीर रंजन, जो कॉग्निटिव स्प्रिंट्स, आईटी पूल और सीएस भारतीय एआई के संस्थापक हैं और कैटेनेट कॉर्प में ष्ट्ओह्र के रूप में कार्यरत हैं, अमेरिका और वैश्विक मंच पर मायामाया और मेडिकोएड जैसे सफ्ल एआई प्लेटफॉर्म्स के निर्माण के बाद अब भारतीय ग्रामीण युवाओं को सशक्त बनाने के मिशन में जुटे हैं। पेटेंट और सर्किल द्वारा 'एआई इन्फ्लुएंसर ऑफ द ईयर' और ञ्ज डलास द्वारा 'एलुमनस ऑफ द ईयर' जैसे सम्मान प्राप्त रंजन का मानना है कि अगर गाँव तकनीक से जुड़ेंगे, तो भारत का भविष्य अकल्पनीय

भारतीय जनता पार्टी की कार्यशाला 25 को

वक्फ बिल सुधार पर जन जागरण के लिए दिया जाएगा प्रशिक्षण

रायपुर/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मंत्री भरतलाल वर्मा ने बताया है कि आगामी 25 अप्रैल को सुबह 11 बजे से कुशाभाऊ ठाकरे परिसर स्थित प्रदेश कार्यालय में वक्फ बिल सुधार जनजागरण अभियान कार्यशाला रखी जाएगी। भाजपा प्रदेश मंत्री वर्मा ने कहा कि वक्फ बोर्ड सुधार कानून को लेकर देशभर में विपक्षी दल झूठ बोलकर भ्रम और घृणा फेलाने की राजनीति कर रहे हैं।

ऐसे में भाजपा ने इस कानून के जरिए होने वाले सुधारों और फायदों के बारे में जनजागरण करने का अभियान हाथ में लिया है। उन्होंने कहा इस अभियान में हम हर घर पर दस्तक देकर विपक्ष के हिंसक और अराजकतावादी टूलकिट एजेंडे का पर्दाफाश करेंगे।

यह बिल हर समाज के साथ न्याय करने वाला है - भरतलाल वर्मा

अभियान के दौरान जनता तक अपनी बात सार्थक रूप से पहुँचे, इस दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण बिंदुओं पर इस कार्यशाला में मार्गदर्शन किया जाएगा।

वर्मा ने कहा कि नए वक्फ बोर्ड कानून के जरिए गरीब मुस्लिमों के हितों का संरक्षण और आदिवासियों, सरकारी जमीनों और सर्व समाज की जमीनों की सुरक्षा सुनिश्चित हुई है। यह बिल हर समाज के साथ न्याय करने वाला है। इंडी गठबंधन के दल तुष्टीकरण के चलते विरोध कर रहे हैं।

नया वक्फ कानून कट्टरपंथी वोटबैंक की राजनीति करने वालों को बेनकाब करेगा। यह केंद्र सरकार का ऐतिहासिक और क्रांतिकारी कदम है। देश के आम तरक्कीपसंद मुस्लिमों ने इस संशोधन विधेयक को अपने लिए हितकारी बताते हुए इसका समर्थन और स्वागत किया है।

ये रहेंगे मौजूद

इसमें भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री दुष्यन्त गौतम, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव और प्रदेश संगठन मंत्री पवन साय का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। वर्मा ने बताया कि बैठक में प्रदेश भाजपा पदाधिकारी व कार्यसमिति सदस्य, मंत्री, सांसद, विधायक, निगम-मण्डल-आयोग-बोर्ड के अध्यक्ष/उपाध्यक्ष, जिला भाजपा अध्यक्ष, सभी मोर्चों के प्रदेश अध्यक्ष व पदाधिकारी, सभी प्रकोष्ठों के प्रदेश संयोजक/सह संयोजक, नगरपालिक निगम के महापौर/सभापति, जिला पंचायत अध्यक्ष/उपाध्यक्ष और वक्फ बिल सुधार जनजागरण अभियान की जिला समिति की उपस्थिति अपेक्षित हैं।

सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने प्रदेश के सभी कलेक्टरों को लिखा पत्र

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश के युवाओं को प्लास्टिक प्रौद्योगिकी और उससे जुड़े क्षेत्रों में करियर के नए अवसर देने के लिए रायपुर लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने राज्य के सभी जिला कलेक्टरों को पत्र लिखा है। इस पत्र में केंद्रीय पेट्रोरसायन अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान, रायपुर के डिप्लोमा और पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा पाठ्यक्रमों की जानकारी छात्रों तक पहुंचाने का आग्रह किया है।

हेराल्ड : भाजपा का प्रदर्शन, सोनिया, राहुल गांधी के खिलाफ नारेबाजी

■ इन जिलों में हुआ प्रदर्शन कोरबा, बिलासपुर, जगदलपुर, बलरामपुर रामानुजगंज, जांजगीर

रायपुर/नवप्रदेश। नेशनल हेराल्ड मामले को लेकर छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी ने शुक्रवार को प्रदेशभर में प्रदर्शन किया। इसी कड़ी में कोरबा में कांग्रेस कांग्रेस कार्यालय का घेराव किया। कोरबा में ट्रांसपोर्ट नगर स्थित कांग्रेस कार्यालय का घेराव करने पहुंचे भाजपाइयों ने पुलिस वेरिकोटिंग को तोड़ दिया और कांग्रेस कार्यालय तक पहुंच गए। यहां उन्होंने कांग्रेस नेताओं का पुतला दहन किया। कोरबा महापौर संजू देवी राजपूत भाजपा जिला अध्यक्ष मनोज शर्मा वरिष्ठ भाजपा नेता और पार्षद नरेंद्र देवांगन समेत अन्य भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस संगठन पर भ्रष्टाचार को लेकर जमकर निशाना साधा। भाजपा जिला अध्यक्ष मनोज शर्मा ने बताया कि कांग्रेस कार्यकाल में जो भ्रष्टाचार हुए हैं और उनके काले कारनामे जो सामने आ रहे हैं जहां लगातार छापेमार कार्रवाई की जारी है उससे कांग्रेस बौखलाई हुई है। भाजपा चाहती है कि निष्पक्ष जांच हो जिसकी विरोध में आज पुतला दहन और कांग्रेस कार्यालय का घेराव किया गया। वही नगर निगम की महापौर संजू देवी राजपूत ने कहा कि मां बेटा और बेटी दामाद को जेल में रहना चाहिए जो आज बेल में घूम रही है। जो निष्पक्ष कांग्रेसियों के खिलाफ कार्रवाई हो रही है उसका विरोध कर रहे हैं इसके विरोध में आज पुतला दहन और कांग्रेस कार्यालय का घेराव किया गया। बिलासपुर में भी नेशनल हेराल्ड मामले में भाजपा ने जमकर हंगामा किया। भारतीय जनता युवा मोर्चा ने इस मुद्दे को लेकर जिला कांग्रेस भवन का घेराव किया और कांग्रेस नेता राहुल गांधी का पुतला भी दहन किया।

प्रदेश भर से आए हाकी खिलाड़ियों का श्रम मंत्री ने बढ़ाया उत्साह

रायपुर/नवप्रदेश। श्रम व उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने डॉ. भीमराव अंबेडकर खेल मैदान बालको में राज्य स्तरीय हॉकी स्पर्धा के शुभारंभ अवसर पर प्रदेश भर से आये खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि कोरबा में हॉकी के लिए बेहतर खेल मैदान और सुविधाओं को बढ़ाने की दिशा में कार्य किया जाएगा। श्रम मंत्री ने कहा कि आने वाले दिनों में कोरबा में राष्ट्रीय स्पर्धा कराने की दिशा में भी पहल की जाएगी। बालको के डॉ. भीमराव अंबेडकर खेल मैदान में छत्तीसगढ़ हॉकी संघ के मार्गदर्शन व जिला हॉकी संघ के तत्वाधान में आयोजित स्पर्धा में बिलासपुर, जशपुर, रायगढ़, लैलूंगा, दुर्ग, राजनांदगांव, जांजगीर-चांपा सहित कोरबा व अन्य जिलों से आए खिलाड़ियों के बीच राज्य स्तरीय एल्युमिनियम कप स्पर्धा का खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर व हॉकी स्टिक चलाकर शुभारंभ किया।

नान घोटाला: सीबीआई ने टुटेजा, आलोक, सतीश के खिलाफ एफआईआर

रायपुर/नवप्रदेश। पूर्व में हुए नान घोटाला मामले में गवाहों को प्रभावित करने ईओडब्लू द्वारा दर्ज अपराध के आधार पर बुधवार को सीबीआई ने नए सिरे से अपराध दर्ज कर मामले की जांच शुरू की है। सीबीआई ने जेल में बंद सेवानिवृत्त आईएएस अनिल टूटेजा, आलोक शुक्ला तथा पूर्व महाधिवक्ता सतीश चंद्र वर्मा के खिलाफ आईपीसी की धारा 182, 211, 193, 195ए, 166ए, 120बी तथा 7, 7 (ए), 8, 13(2) के तहत अपराध दर्ज किया है। वर्ष 2015 में हुए नान घोटाला में गवाहों को प्रभावित करने आपराधिक षड़यंत्र रचने के आरोप में पांच माह पूर्व चार नवंबर को ईओडब्लू ने अनिल टूटेजा, आलोक शुक्ला और छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के पूर्व महाधिवक्ता सतीश चंद्र वर्मा के खिलाफ केस दर्ज किया था। आरोप है कि तीनों ने अपने पद तथा प्रभाव का दुरुपयोग कर गवाहों को प्रभावित करने का प्रयास किया है। इसी मामले में पूर्व में 2019 में ईडी ने भी केस दर्ज किया है।

पॉवर का बेजा इस्तेमाल करने का आरोप : ईओडब्लू ने जो अपराध दर्ज किया है, उसके मुताबिक दोनों पूर्व आईएएस वर्ष 2018 के बाद शासन में महत्वपूर्ण पदाधिकारी बन गए थे और यह सरकार के सबसे शक्तिशाली अधिकारी के रूप में थे। सभी महत्वपूर्ण पदों पर पोस्टिंग और ट्रांसफर में इनका सीधा हस्तक्षेप था। एक तरह से कहा जाए कि छत्तीसगढ़ जाए कि छत्तीसगढ़ सरकार की सारी ब्यूरोक्रेसी इनके नियंत्रण में थी।

कुत्ता खरीदने के लिए पैसे नहीं देने पर की थी बुजुर्ग मां की हत्या

■ 24 घंटे में सनकी बेटा हुआ गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। कुत्ता खरीदने दो सौ रुपए नहीं देने पर सनकी बेटे ने अपनी 70 वर्षीय मां के सिर पर हथौड़े से वार कर हत्या कर दी थी। बीच बचाव करने आई पत्नी को भी आरोपी ने हमला कर घायल कर दिया था। घटना के 24 घंटे के भीतर पुलिस ने फरार आरोपी को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया है। घटना रायपुर में उरला थाना क्षेत्र की है। जहां ई-रिक्शा चालक प्रदीप देवांगन पर अपनी मां की हत्या करने का आरोप है। जानकारी के अनुसार, प्रदीप जर्मन शैफर्ड कुत्ता खरीदना चाह रहा था, इसके लिए उसके पास छह सौ रुपए थे। उसे दो सौ रुपए और चाहिए थे। उसने मां से रकम मांगी, लेकिन उसके इंकार कर दिया। इस पर मां-बेटे के बीच विवाद बढ़ा और गुस्से में आकर प्रदीप ने बिस्तर में लेटी अपनी मां के सिर पर हथौड़ा से वार कर दिया।

शोरगुल सुनकर प्रदीप की पत्नी बीच-बचाव करने पहुंची, इस पर आरोपी ने उस पर भी हमला कर दिया। प्रदीप की हरकत को देखकर उसके 15 साल के बेटे ने घर से भागकर पड़ोसियों को घटना की जानकारी दी। आनन-फानन में सास और बहू को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां घायल मां की मौत हो गई, वहीं पत्नी का इलाज जारी है।

युवाओं को संभावनाओं से भरे भविष्य से जोड़ता है कैरियर ब्लूम

रायपुर/नवप्रदेश। कैरियर ब्लूम एजुकेशन के तहत ब्लूम टाइम के बैनर तले युवाओं को आज प्रसिद्ध शिक्षाविदों और हस्तियों ने मार्गदर्शन दिया। अटल बिहारी बाजपेयी ऑडिटोरियम में सफ्लतापूर्वक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस एक्सपो के माध्यम से छात्रों को उनके शैक्षणिक और कैरियर की दिशा और स्पष्टता एवं सही मार्गदर्शन दिया गया। ब्लूम टाइम के संस्थापक नेहा राहुल जैन ने कहा कि छात्रों के लिए व्यावहारिक और सुलभ कैरियर मार्गदर्शन की भारी कमी थी। छात्रों को स्पष्टता, एक्सपोजर और मेंटरशिप मिल सके और वे स्कूल के बाद सही रास्ता चुन सकें। इस कार्यक्रम की एक खासतौर पर सिद्धार्थ राजहंस, नीति अधिकारी, संयुक्त राष्ट्र, भारत सरकार ने छात्रों को भविष्य के करियर विकल्पों, वैश्विक अवसरों और नवाचार की भूमिका के बारे में प्रेरणादायक बातें बताईं। उनका संबोधन कैरियर एक्सप्लोरेशन और छात्रों के साथ संवाद की शुरुआत का आधार बना। साथ ही सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर आर्यन कटारिया ने अपनी प्रेरणादायक और हास्यपूर्ण कहानियों के माध्यम से छात्रों में रचनात्मकता और आत्मविश्वास के साथ सपनों को पूरा करने का उत्साह भरा। साथ ही कार्यक्रम में पैनल में रोहित परख, सिद्धार्थ अग्रवाल, आनंद सिंघानिया, सुश्री ईशा झावर, और आकाश अग्रवाला ने अपने व्याख्यान प्रस्तुत किए। इस कार्यक्रम में टाइटल प्रायोजक के रूप में आफ्त विश्वविद्यालय, को-प्रायोजक के रूप में अवंतिका विश्वविद्यालयए सेशन प्रायोजक के रूप में अंजनेया विश्वविद्यालय और अशोका विश्वविद्यालय, एमिटी विश्वविद्यालय, मात्स विश्वविद्यालय, वैष्णव विद्यापीठ विश्वविद्यालय, रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय, मेडिकैप्स विश्वविद्यालय, महिंद्रा विश्वविद्यालय, एसीई ओवरसीज एजुकेशन कंसल्टेंट्स ने हिस्सा लिया।

मंत्री का एक्शन : महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यक्रम अधिकारी सस्पेंड

रायपुर/नवप्रदेश। शुक्रवार 18 अप्रैल 2025 को महिला एवं बाल विकास विभाग ने बालोद जिले के जिला कार्यक्रम अधिकारी किशन टंडन क्रांति को उनके कर्तव्यों में घोर लापरवाही और विभागीय योजनाओं के संचालन में गंभीर अनियमितताओं के कारण तत्काल उनके पद से निलंबित कर दिया है। इस आशय का आदेश विभाग ने जारी कर दिया है। मिली जानकारी अनुसार महिला और बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने विगत 15 अप्रैल को बालोद जिले के दौरे के दौरान शासकीय योजनाओं एवं आमजनों की असुविधा को देखते हुए विभिन्न कार्यक्रमों का निरीक्षण किया था जिसमें कई खामियां उजागर हुईं।

तत्काल कार्रवाई के निर्देश: मंत्री राजवाड़े

इन सभी खामियों को गंभीर मानते हुए मंत्री राजवाड़े ने समीक्षा बैठक में नाराज़गी जताते हुए तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। नतीजतन, किशन टंडन को छत्तीसगढ़ सिविल सेवा नियमों के तहत निलंबित कर, निलंबन अवधि में महिला एवं बाल विकास विभाग, बिलासपुर में स्थानांतरित कर दिया गया है। उन्हें इस दौरान जीवन निर्वाह भत्ता दिया जाएगा।

राजवाड़े के निरीक्षण के दौरान जिला कार्यक्रम अधिकारी टंडन जिला मुख्यालय से अनुपस्थित पाए गए, जबकि यह अपेक्षित था कि वह स्वयं मंत्री के दौरे के समय उपस्थित रहकर कार्यक्रमों की प्रगति प्रस्तुत करें। निरीक्षण के दौरान आंगनबाड़ी केंद्र पाररास (इंदिरा गांधी वार्ड क्रमांक 18/1) में फर्जी उपस्थिति दर्ज, पोषण ट्रैकर ऐप में अधूरी प्रविष्टियां, सखी वन स्टॉप सेंटर की निष्क्रियता और करकाभांठ केंद्र में गंदगी जैसे कई गंभीर मुद्दे सामने आए। साथ ही, विभागीय बैठकों में नियमित अनुपस्थिति का आरोप भी टंडन पर है।

पदभार — सीजीएमएससी के नए अध्यक्ष दीपक म्हस्के ने संभाला पदभार, मुख्यमंत्री ने दी शुभकामनाएं

सीजीएमएससी प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था को सुदृढ़ करने में निभा रही अहम भूमिका: साय

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय राजधानी रायपुर के पंडित जवाहरलाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय के सभागार में छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विस कॉर्पोरेशन लिमिटेड (सीजीएमएससी) के नव नियुक्त अध्यक्ष दीपक म्हस्के के पदभार ग्रहण कार्यक्रम में शामिल हुए और मुख्य अतिथि की आसंदी से उन्हें शुभकामनाएं दी। इस दौरान मुख्यमंत्री सहित अतिथियों ने सीजीएमएससी सप्लाई चैन मैनेजमेंट एसओपी का विमोचन किया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ मेडिकल

सर्विस कॉर्पोरेशन लिमिटेड (सीजीएमएससी) की स्थापना वर्ष 2010 में तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के कार्यकाल में हुई थी। इस संस्था की भूमिका राज्य की स्वास्थ्य सेवाओं में गुणवत्ता, पारदर्शिता और आवश्यक दवाओं व उपकरणों की समयबद्ध उपलब्धता सुनिश्चित करने में अत्यंत महत्वपूर्ण रही है। आज यह कॉरपोरेशन केवल आपूर्ति एजेंसी नहीं, बल्कि प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था को सुदृढ़ करने में बड़ी भूमिका निभा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्हें यह जानकर प्रसन्नता हुई कि दीपक म्हस्के पूर्व में केमिस्ट्री विषय के शिक्षक रहे हैं। यह अनुभव अब उनके नेतृत्व में सीजीएमएससी के कार्यों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण को बल देगा, जिससे प्रदेश की जनता को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ इस वर्ष अपनी राज्य स्थापना का रजत जयंती मना रहा है। वर्ष 2000 में जब राज्य का गठन हुआ, तब से लेकर अभी तक प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाएं लगातार बेहतर हुई हैं। प्रदेश में एम्स जैसे संस्थान कार्यरत है और 13 मेडिकल कॉलेजों की भी स्थापना हो चुकी है, जो राज्य सरकार की स्वास्थ्य क्षेत्र में प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि स्वास्थ्य किसी भी नागरिक की सबसे बड़ी पूंजी होती है और इसी उद्देश्य से प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रारंभ की गई आयुष्मान भारत योजना ने देश के करोड़ों गरीब परिवारों को निःशुल्क इलाज की सुविधा दी है। छत्तीसगढ़ में भी लाखों परिवार इस योजना के अंतर्गत लाभान्वित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान में स्वास्थ्य मंत्री स्वयं ऊर्जावान और सक्रिय हैं।

मोर दुआर-साय सरकार' पखवाड़ा के तहत सांसद ने भैंसगांव का किया सर्वे

कांकेर/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत आवास प्लस 2.0 सर्वेक्षण के लिए जिले में 'मोर दुआर-साय सरकार' पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत आज कांकेर लोकसभा क्षेत्र के सांसद श्री भोजराज नाग ने अंतागढ़ विकासखंड के ग्राम पंचायत भैंसगांव में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत आवास प्लस सूची में छूटे हुए पात्र परिवारों का नाम जोड़ने हेतु सर्वे किया। उन्होंने पात्र हितग्राहियों से चर्चा करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में आवास प्लस मोबाइल एप्लीकेशन के माध्यम से पात्र परिवारों का सर्वे किया जा रहा है। पात्र हितग्राही अपने ग्राम पंचायत सचिव, रोजगार सहायक तथा आवास मित्र से सम्पर्क करके अपना सर्वे कार्य पूरा करवा सकते हैं। उल्लेखनीय है कि भारत सरकार ग्रामीण विकास मंत्रालय के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत प्रदेश के स्थायी प्रतीक्षा सूची एवं आवास प्लस सूची में छूटे हुए पात्र ग्रामीण परिवारों को लाभान्वित करने हेतु सर्वेक्षण का कार्य किया जा रहा है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 17 सितम्बर 2024 को आवास प्लस 2.0 मोबाइल एप्लीकेशन का शुभारंभ किया गया है। प्रदेश में सर्वेक्षण को शत-प्रतिशत पूर्ण कराने हेतु मोर दुआर-साय सरकार महाअभियान के तहत 15 से 30 अप्रैल की अवधि में विशेष सर्वेक्षण पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है।

बस्तर कमिश्नर ने चारामा में किया एसडीएम, तहसील व जनपद कार्यालय का औचक निरीक्षण

रिकॉर्ड दुरुस्त करने, कार्यालयों में स्वच्छता रखने दिए निर्देश

कांकेर/नवप्रदेश। बस्तर संभाग के कमिश्नर श्री डोमन सिंह ने आज जिले के चारामा में स्थित शासकीय कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया तथा अधिकारियों को कार्यालयीन अभिलेख दुरुस्त करने और सभी कार्यालयों में स्वच्छता बरतने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने तहसील कार्यालय, राजस्व अनुविभागीय कार्यालय तथा जनपद कार्यालय का औचक निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश देते हुए विशेष तौर पर साफ-सफाई बरतने पर जोर दिया।

इस दौरान कमिश्नर ने रिकॉर्ड रूम में साफ़ सफाई और राजस्व के आवश्यक दस्तावेजों को सुरक्षित रखने के निर्देश दिए। इसके अलावा रिकॉर्ड रूम प्रभारी को रिकॉर्ड रूम में पुराने दस्तावेजों पर धूल होने से श्वास संबंधित स्वास्थ्यगत बीमारी से बचाव हेतु रूम के बाहर अलग कमरे में बैठने की हिदायत दी। इसी तरह रिकॉर्ड रूम के भीतर बिजली वायरिंग को दुरुस्त करने और कट-आउट को रूम के बाहर लगवाने के लिए भी निर्देशित किया। कमिश्नर ने अनुविभागीय अधिकारी और तहसीलदार को राजस्व प्रकरण का समय सीमा में निराकरण करने का तथा लोकसेवा गारंटी के संबंध में जानकारी स्पष्ट नहीं होने से नए निर्देश पटल जो दृष्टिगोचर हो, को लगाने के भी निर्देश दिए। इसके साथ ही तहसील कार्यालय एवं अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय भवन का रंग रोगन कराने के लिए भी कहा।

कमिश्नर ने जनपद कार्यालय में सभी शाखाओं का अवलोकन करते हुए साफ-सफाई करने तथा बैठक हॉल को व्यवस्थित करने एवं वीडियों कांफ्रेसिंग के लिए स्वान नेटवर्क को दुरुस्त करने के लिए भी जरूरी निर्देश दिए। इसके अलावा सुशासन तिहार में प्राप्त आवेदन एवं निराकरण की जानकारी कमिश्नर द्वारा लिया गया। उन्होंने प्रतिमाह श्रमदान करते हुए स्वच्छता हेतु सामूहिक साफ़ सफ़ाई करने के लिए भी अधिकारी कर्मचारियों को प्रेरित किया। इस अवसर पर एसडीएम चारामा नरेन्द्र बंजारा सहित अन्य अधिकारी कर्मचारीगण मौजूद रहे।

न्यूज गैलरी

शहादत दिवस पर 24 को संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन का विशाल रक्तदान

कांकेर/नवप्रदेश। संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन के तत्वाधान में विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी सतगुरू माता सुदीक्षा जी महाराज की प्रेरणा से ÷मानव एकता दिवस÷ 24 अप्रैल सद्गुरु बाबा गुरबचन सिंह जी महाराज के शहादत दिवस के अवसर पर संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन द्वारा विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है, यह शिविर मानवता को समर्पित एक पावन उद्देश्य से आयोजित किया जाता है, ÷रक्त नाड़ियों में बहे नालियों में नहीं ÷रक्त का कोई दूसरा विकल्प नहीं है,यह एक इंसान से दूसरे जरूरत मंद इंसान को देकर ही उसकी जान बचा सकता है इसलिए प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति जिनकी आयु 18 से 60 वर्ष की है उन्हें रक्तदान अवश्य करना चाहिए,एक बार रक्तदान करने के 3 माह उपरांत पुनः रक्तदान किया जा सकता है उपरोक्त जानकारी संत निरंकारी मिशन ब्रांच कांकेर के संयोजक राजा देवनानी के द्वारा दी गई,शिविर का स्थान संत निरंकारी सत्संग भवन कांकेर सिटी सेंटर मॉल के पीछे,अघन नगर कांकेर दिनांक 24.04.2025 दिन गुरुवार समय सुबह 9.00 से दोपहर 3 बजे तक,समस्त रक्तदाताओं हेतु जलपान,जूस,कॉफी एवं फलों की व्यवस्था रखी गई है।

ग्राम कहाड़गोंदी में जिला पंचायत अध्यक्ष ने किया सर्वे

कांकेर/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री आवास योजना से वंचित पात्र परिवारों को जोड़ने प्रदेश भर में आवास प्लस 2.0 मोर द्वारा साय सरकार चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में जिले के चारामा विकासखंड की ग्राम पंचायत कहाड़गोंदी में आज जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण नरेटी ने आज एक परिवार का सर्वे किया। उन्होंने आवास प्लस सर्वे एप में छूटे हुए पात्र परिवार सविता बाई कांगे का नाम जोड़कर सर्वे का कार्य प्रारम्भ कराया। साथ ही ग्राम पंचायत में जितने भी पात्र परिवार आवास से वंचित हैं, सभी का नाम 30 अप्रैल तक आवास प्लस सर्वे के माध्यम से जोड़ने हेतु सर्वेयर को कहा। उल्लेखनीय है कि 15 से 30 अप्रैल तक आवास प्लस अंतर्गत सर्वे का काम जारी है, जिसमें छूटे हुए पात्र परिवारों के नाम नए प्रावधानों के अनुरूप दर्ज किए जा रहे हैं।

अचानक तेज तूफान से भटगांव क्षेत्र में रोड पर गिरे पेड़, यातायात बाधित

■ सरपंच व ग्रामीणो ने जेसिबी से हटाए सभी पेड़ और जनहित में किया कार्य

भटगांव/नवप्रदेश। जिले के विकासखंड बिलाईगढ़ के भटगांव तहसील के अंतर्गत जमगहन, भटगांव, चुरेला, बेलटिकरी इत्यादि अधिकांश स्थानों में अचानक तेज तूफान आने से कई घरों के छप्पर, टीन इत्यादि को उड़ा दिया तो वहीं भटगांव के कई व्यापारियों के सामने का छज्जा और टीन को उड़ाया। तूफान ने भटगांव, जमगहन, चुरेला एवं बेलटिकरी मेन रोड से लगे पेड़ो को मेन रोड में गिराया। तूफान इतना था कि चुरेला के रोड से लगे लगभग 20-30 पेड़ो को तोड़ मरोड़कर रोड में गिरा दिया जिससे लगभग 1 से 2 घंटे तक रोड जाम रहा और 1-2 किमी तक आवागमन बाधित हो गया। वहीं चुरेला घटना की सुचना बिलाईगढ़ थाना प्रभारी को दिया गया लेकिन न कॉल रिसीव किये न ही व्हाट्सअप में सुचना को देखा तत्पश्चात पुलिस स्टॉफ को इसकी जानकारी एवं सुचना दिया गया उसके बाद भी कोई तत्परता नहीं दिखाई गई न कोई अन्य अधिकारी सुध लेने आया। वहीं इस समस्या को हल करने के लिये चुरेला सरपंच एवं ग्रामीणो ने अपनी तत्परता व सुध बुझ दिखाते हुये तुरंत जेसीबी बुलाकर रोड से सभी पेड़ो को हटवाया और रोड को साफकरने में सहयोग प्रदान किया। तत्पश्चात अंतिम पड़ाव में बिलाईगढ़ पुलिस टीम पहुंची और ट्रैफ़िक जाम को हटाने में मदद की।

आपको बताते की यह तेज तूफान चुरेला होते हुये लगभग 5 बजे शाम को भटगांव में प्रवेश किया और तूफान इतना था कि चुरेला के मेन रोड से लगे 30-40 पेड़ो को पूरा नुकसान पंहुचाते हुये या तो रोड में या किसी के घर के छप्पर में या टीन में या सामने पेड़ गिरा हुआ है ।इस तेज तूफान ने किसी आदमी को नुकसान तो नहीं पहुंचाया लेकिन लोगों के मकान, छप्पर और टीन इत्यादि को नुकसान जरूर पहुंचाया लेकिन शाम होते तक सम्बंधित अधिकारी लोगों के पास हाल चाल तक पूछने नहीं गया न ही कोई राहत कार्य किया।अभी तक कई घरों के सामने और छत में बड़े बड़े पेड़ गिरा हुआ है और जमगहन भटगांव मेन रोड में भी पेड़ पड़ा हुआ है।जो कभी भी घटना का कारण बन सकती हैं। लेकिन रोड से पेड़ो को हटाने का कार्य केवल आम नागरिक ही करते आ रहें है और उन्ही लोग लोकहित में कार्य करके रोड से पेड़ को हटाते है।इसके पहले भी कई घटनाये हो चुकी है लेकिन घटना के बाद और सुचना के बाद भी कोई अधिकारी सुध लेने नहीं पहुंचते केवल अपना पड़ला झाड़ते नज़र आते हैं यह मेरे विभाग का कार्य नहीं हैं दूसरे विभाग का कार्य हैं जिससे अब लोगों को अधिकारियो से विश्वास उठते जा रहा हैं केवल अधिकारी लोग अपने अपने काम से मतलब रखते हैं।वहीं क्षेत्र के लोगों ने इस तेज तूफान के कारण भारी नुकसान सहना पड़ा हैं उसे क्षतिपूर्ति को पूरा करने हेतू शासन प्रशासन से मांग किये है।

जिला स्तरीय तीन दिवसीय योग इंटीग्रेट शिविर का शुभारंभ 28 से

कांकेर/नवप्रदेश। कांकेर जिलेवासियों के लिए यह अत्यंत एवं हर्ष गौरव का विषय है कि एक लंबे समय से चले आ रहे पुरातन योग पीठ, हरिद्वार से तीन-तीन पूज्य स्वामीजी का आगमन हमारे जिले में हो रहा है। पूज्य स्वामी आदित्य पूज्य स्वामी सनातन देव एवं पूज्य स्वामी नरेंद्र देव का आगमन 24 अप्रैल को सुनिश्चित हुआ है। यह महत्वपूर्ण अवसर 25, 26 एवं 27 अप्रैल को वंदे मातरम स्थल, कांकेर में आयोजित योग इंटीग्रेट शिविर के अंतर्गत प्राप्त हो रहा है। यह शिविर न केवल स्वास्थ्य लाभ प्रदान करेगा बल्कि एक उत्कृष्ट अवसर भी है, बल्कि सकारात्मक परिवर्तन की दिशा में भी एक मजबूत कदम साबित होगा। शिविर की सफल आयोजन के लिए एक आवश्यक बैठक 18 अप्रैल, शुक्रवार को इंदरु केंवट कन्या महाविद्यालय में सुबह 11 बजे आयोजित की गई। सभी योग साधको, योग प्रेमियों एवं सहयोगी उपस्थित हुए, इस बैठक में सभी की उपस्थिति में अनिवार्य रूप से सुनिश्चित कर कार्य योजना बनाई गई।साथ ही आव्हान किया गया कि इस शिविर में अपने परिवारजनों, मित्रों एवं स्नेहीजनों को अधिक से अधिक संख्या में शामिल करें, ताकि अधिक से अधिक लोग योग एवं प्राचीन संस्कृति से युक्त हो जाएं।व पंचकर्म, षटकर्म आदि का लाभ ले सके।ऑनलाइन पंजीकरण लिंक साझा किया गया है और ऑफ़लाइन पंजीकरण का कार्य भी तीव्र गति से किया जा रहा है।

गंदी व खुली नालियां बनी दंतेवाड़ा नपा की पहचान नगर के हर वार्ड के नालियों की एक जैसे हालात

■ नालियों से निकालकर सूखने के लिए सडक़ों पर रखे गए कचरों को भी उठाना भूल जाता है पालिका

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। नगर में बिना ढंके नालियों से निकलने वाले दुर्गंध एवं उससे पनपने वाले मच्छरों के आतंक से नगर के वार्डवासी खासे परेशान हैं। इस समय भीषण गर्मी पड़ रही है। शाम होते ही मच्छरों का आतंक शुरू हो जाता है। मच्छरों के पनपने का सबसे प्रमुख कारण नगर के गली मोहल्लों, वार्डों में बने खुली और गंदगी से भरी नालियों को माना जा रहा है। खुली नालियों से ही मच्छर निकलकर आपके हमारे घरों के अंदर तक पहुंचते हैं और इंसानों को काटकर उन्हें बुरी तरह संक्रमित कर बीमार कर रहे हैं। नगर को साफसुथरा रखने की जिम्मेदारी नगर पालिका प्रशासन की होती है। टैक्स देने वाली जनता को साफनाली, साफपानी और बेहतर सडक़ व अच्छी प्रकाश व्यवस्था मिले इसकी पुरी जिम्मेदारी नगर सरकार की है। चुनाव के वक्त जनप्रतिनिधि बड़े बड़े वायदे कर चुनाव तो जीत लेते हैं मगर बाद में वे जनता की तकलीफों को देखने नहीं आते। बेचारी जनता अपने को ठगा सा महसूस कर सब कुछ खामोशी से सहती रहती है। गौरतलब है कि दंतेवाड़ा नगर पालिका के अधिकांश वार्डो में पालिका द्वारा बनाई गई नालियां अव्यवस्थित है। नाली का मतलब ही यह होता है कि एक छोर से दुसरे छोर तक नाली का गंदा पानी बहता हुआ बाहर दूर जाकर गिरे। मगर दंतेवाड़ा नगर में इस तरह की व्यवस्था नहीं है। यहां बनाए गए कोई भी नाली सिस्टमेटिक नहीं बना है। नालियां कुछ मीटर पर जाकर खत्म हो जाता है जिससे इसमें जमा गंदा पानी बाहर निकल नहीं पाता और नालियों में पड़े पड़े सडकर भयानक दुर्गंध मारने लगता है। आसपास रहने वालों का जीना दूभर हो जाता है। सडांध भरी दुगध एवं उससे पनपने वाले मच्छरों से संक्रमण के फैलने का हरवक्त खतरा बना रहता है। अंबेडकर पार्क के सामने वार्ड नंबर 13 की नालियों में भी सालों से गंदा पानी जमा पड़ा है। जब तक 10 बार पालिका के कर्मचारियों को या जनप्रतिनिधियों को शिकायत या फोन न किया जाए तब नालियों की सफाई करने नहीं आते।

बारिश पहले नालियों की सफाई की जाएगी

निरंतर नालियों की सफाई का काम चल रहा है। ये बात सही है कि नालियों से निकासी कई जगह पर नहीं है जिसके चलते गंदा पानी जमा हो जाता है। नये बजट में जल्द ही हम नालियों को ठीक कर इसे व्यवस्थित करवाएंगे। बारिश से पहले पहले हर साल नालियों की सफाई की जाती है। तकनीकी तौर पर भी हम देख रहे हैं जहां जहां भी नालियों को ठीक करने की आवश्यकता होगी उसे जल्द ही ठीक करवाया जाएगा। **(व्ही.के.एस.पालदास), सीएमओ**

पहाड़ियों में सुरंग: नक्सलियों ने सामान छिपाने बना रखे थे बंकर

बीजापुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के बीजापुर के मुर्कराजगुट्टा की पहाड़ियों से नक्सलियों का सुरंग मिला। कैम्प जीड़पल्ली से कोबरा 208 की टीम नक्सल विरोधी अभियान पर निकली थी। अभियान के दौरान मुर्कराजगुटटा की जंगल पहाड़ी में नक्सलियों के बंकरनुमा संरचना में छिपाया गया डम्प बरामद किया है। डम्प को माओवादियों ने कांक्रीट आरसीसी स्लेब से बने बंकरनुमा कक्ष में छिपाकर रखा था। बंकरनुमा कमरा 20 गुणा 08 फीट साईज का था। बंकर से माओवादियों के छुपाकर रखे गए 06 नग सोलर प्लेट, 6 नग जरकीन, 02 नग माओवादी वर्दी, 02 नग सिलिंग पंखा बरामद किया। कोबरा 208 की टीम ने पूरे क्षेत्र में सर्चिंग के दौरान मुर्कराजगुटटा की पहाड़ी जंगल से माओवादी डम्प छिपाने के 12 जगहों को खोजकर नष्ट किया। इसके पहले कोमटपल्ली और तुमरेल के जंगल से माओवादियों के हथियार बनाने का उपकरण, औजार, विस्फोटक सामग्री के साथ ही सोलर पैनल भी बरामद किया गया है।

विधायक अटामी ने युवाओं को दी खेल सामग्री

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। क्षेत्र भ्रमण के दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेता व क्षेत्रीय विधायक चैतराम अटामी गीदम जनपद पंचायत क्षेत्र के गुमलनार, मुस्तलनार, छोटे करका, बड़े करका, कासोली-1, कासोली-2, कोरलापाल, घोटपाल, पुरनतराई एवं जोडातराई पहुंचे। विधायक चैतराम अटामी ने ग्रामीणों से मुलाकात किया। ग्रामीणों द्वारा विधायक चैतराम अटामी से विकास कार्यो के संबंध में चर्चा किया जिसे विधायक चैतराम अटामी ने गंभीरता से लेते हुए ग्राम पंचायतों के कार्यो को जल्द पूरा करवाने हेतु निर्देशित किया। विधायक चैतराम अटामी इस दौरान युवाओं से भी रूबरू हुए एवं उन्हें क्रिकेट किट, फूटबाल, वॉलीबाल एवं बैडमिंटन किट भेंट किया। तत्पश्चात विधायक चैतराम अटामी ने प्रति वर्ष की भांति आयोजित परंपरागत गीदम मेले के लिये गणमान्य जनों के साथ बस्तर की आराध्य देवी माँ दंतेश्वरी के दरबार पहुंच पूजा अर्चना कर सुख एवं समृद्धि की कामना की व गीदम मेले के लिए देवी को आमंत्रित किया। विधायक चैतराम अटामी ने भीषण गर्मी को देखते हुए मंदिर परिसर में विधायक निधि मद से प्रदत्त टैंकर की पूजा अर्चना कर समिति के सदस्यों को सौंपा। इस दौरान भाजपा पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता व समर्थक उपस्थित रहे।

प्रथम पेज का शेष

4 1 आईएएस...

बनाया गया है।

बिलासपुर कलेक्टर अवनीश कुमार शरण को कलेक्टर पद से हटाकर गृह निर्माण मंडल का आयुक्त बनाया गया है। रायगढ़ जिले के कलेक्टर कार्तिकेय गोयल को हटाकर खाद्य नागरिक आपूर्ति उपभोक्ता संरक्षण विभाग का संचालक बनाया गया है। वहीं सारंगढ़ जिले के कलेक्टर धर्मेश साहू को हटाकर पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग का विशेष सचिव बनाया गया है। इसके अलावा गरियाबंद कलेक्टर दीपक अग्रवाल को खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग का नियंत्रक बनाया गया है।

शरीर के लिए दो...

गुड़ खाता है तो आप जरा उसको समझाइए। निश्चित मात्रा से ज्यादा कोई भी चीज खाना शरीर के लिए फायदेकारक नहीं होता है। महात्मा बुद्ध ने कहा कि सप्ताह के बाद आइए। एक सप्ताह के बाद मां फिर से आई और बुद्ध ने बेटे को समझाया कि आप ज्यादा गुड़ मत खाइए- इससे हानि होती है। फिर मां से रहा ना गया उसने पूछा कि आपने यही बात एक सप्ताह पहले क्यों नहीं की तो उन्होंने कहा- माता जी मैं स्वयं ही बहुत गुड़ खाता था तो गुड़ छोड़कर बेटे को नसीहत देना चाहता था। मेरी भी स्थिति कुछ ऐसी ही है। मेरे जीवन में डिसिप्लिन लाने का किसी एक महात्मा के आग्रह के कारण मैंने निर्णय किया और ये निर्णय का मुझे बहुत फायदा हुआ है। इसे शेयर करने के लिए मैं आज यहां आया हूं।

पीड़ितों से मिले..

बोस ने एक बार फिर तृणमूल कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि लोगों का व्यवस्था से भरोसा उठता जा रहा है। पहले चुनावों के दौरान हिंसा होती थी, अब यह आम हो गई है। एक वर्ग दूसरे पर अपनी ताकत थोपने की कोशिश कर रहा है, यह उग्र राष्ट्रवाद का सबसे खराब रूप है।

क्या है मामला?

मुर्शिदाबाद और दक्षिण 24 परगना के कई इलाकों में वक्फ कानून के विरोध में हुई हिंसा में तीन लोगों की मौत हो गई थी। हिंसा में हिंदुओं के कई घरों में तोड़फोड़ की गई, जिससे उन्हें पड़ोसी मालदा के राहत शिविरों में शरण लेनी पड़ी।

अगले हफ्ते...

प्रधानमंत्री मोदी की यह यात्रा सऊदी अरब के जेद्दा शहर में होगी। इस दौरान प्रधानमंत्री की क्राउन प्रिंस से मुलाकात होगी। साथ ही, औपचारिक स्वागत समारोह और द्विपक्षीय वार्ता होगी। यात्रा के दौरान दोनों नेता 'भारत-सऊदी रणनीतिक साझेदारी परिषद' की दूसरी बैठक की अध्यक्षता करेंगे।

पीएम मोदी का तीसरे कार्यकाल में पहला सऊदी दौरा

मिस्री ने बताया कि इस परिषद के दो मुख्य स्तंभ राजनीतिक और आर्थिक हैं, जिन्हें दोनों देशों के मंत्री संभालते हैं। यह प्रधानमंत्री मोदी की तीसरे कार्यकाल में सऊदी अरब की पहली यात्रा होगी। इससे पहले वह 2016 और 2019 में वहां की यात्रा कर चुके हैं। यह यात्रा तब हो रही है, जब क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान ने सितंबर 2023 में जी20 शिखर सम्मेलन के दौरान भारत का दौरा किया था। उसी समय रणनीतिक साझेदारी परिषद की पहली बैठक हुई थी।

दोनों नेताओं की बातचीत में होगा रूस-यूक्रेन युद्ध का मुद्दा

विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने रूस-यूक्रेन युद्ध पर कहा, यह चर्चा का एक अहम क्षेत्र होने जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने पहले ही भारत का रुख स्पष्ट किया है कि इस मसले का हल बातचीत से निकलना चाहिए। सभी पक्षों को एक मेज पर बैठकर इसका समाधान ढूंढना चाहिए। हमें यह देखकर खुशी हो रही है कि ऐसा कुछ हो रहा है। यह अच्छा है कि सऊदी अरब जैसा साझेदार फिर से इसमें शामिल है। मैं पहले ही यह नहीं कह सकता कि बातचीत की प्रकृति कैसी होगी। लेकिन इतना जरूर कह सकता हूं कि यह मुद्दा दोनों नेताओं के बीच प्रमुख चर्चा का विषय होने जा रहा है।

पूर्वोत्तर को लेकर..

पर भी हमले जारी हैं। हाल ही में बंगलादेश के मुख्य सलाहकार ने भारत के पूर्वोत्तर राज्यों के बारे में एक बेहद निंदनीय और निराशजनक टिप्पणी की थी।

श्री खरगे ने कहा बंगलादेश में धार्मिक अल्पसंख्यकों पर अत्याचार, मानवाधिकार हनन और 1971 के मुक्ति संग्राम की स्मृतियों को जो ख़त्म करने का प्रयास किया जा रहा है, वो भारत व बंगलादेश के रिश्तों को कमज़ोर करने की कोशिश है। साल 1971 से लेकर आज तक, भारत ने हमेशा बंगलादेश के सभी लोगों की शांति और समृद्धि चाही है। इसी में उपमहाद्वीप की भलाई है।

एग्रो घोटाले मामले..

ईडी की जांच में अब तक 6 प्रावधिक अटैचमेंट आदेश जारी किए जा चुके हैं, जो 1256.56 करोड़ रुपये के है। साथ ही, एजेंसी ने अब तक इस मामले में 4 चार्जशीट दायर की हैं। इस केस से जुड़ी कॉर्पोरेट दिवालियापन प्रक्रिया भी एनसीएलटी द्वारा शुरू की गई थी. इस बीच, कई कानूनी पेचीदगियों के बाद, आरईआई एग्रो लिमिटेड के लिक्विडेटर और Varsanna Ispat Ltd. ने PMLA की धारा 8(7) और 8(8) के तहत अटैच की गई संपत्तियों की पीड़ितों को वापस देने के लिए आदेश पारित किया. ईडी ने पीड़ितों को संपत्ति लौटाने का विरोध नहीं किया, जिसके साकेत कोर्ट ने यह बहुमूल्य संपत्तियां पीड़ितों को वापस करने की अनुमति दे दी।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे

SLR में पार्सल स्थान को पट्टे पर देने के अनुबंध हेतु ई-नीलामी

पार्सल ई-ऑक्शन – COM/BSP/E-AUCTION/PARCEL/25

एसएलआर में पार्सल स्थान को पट्टे पर देने के अनुबंध के लिए ई-नीलामी आमंत्रित की गई है। कैटेलॉग पहले ही IREPS वेबसाइट (https://www.ireps.gov.in) पर प्रकाशित की जा चुकी है। विवरण इस प्रकार है :-

कैटेलॉग क्रमांक	श्रेणी	नीलामी आरंभ	लॉट क्रमांक/कैटेगरी	लॉट विवरण	अनुबंध अवधि
बीएसपी-पार्सल-एसएलआर	पार्सल	22.04.2025 15:30	18257-एसएलआर-आर1-बीएसपी-सीएफआरएम-24-1 (पार्सल-एसएलआर)	एसएलआर कोचिंग में पार्सल स्पेस (सिंगल कम्पार्टमेंट)	02 वर्ष

18247-एसएलआर-आर1-बीएसपी-आरईडब्ल्यूए-24-1(पार्सल-एसएलआर), 17481-एसएलआर-आर1-बीएसपी-टीपीटीवाई-24-1(पार्सल-एसएलआर), 22407-एसएलआर-एफ1-एबीकेपी-एनजेडएम-24-1(पार्सल-एसएलआर), 18517-एसएलआर-एफ1-केआरबीए-वीएसकेपी-25-3(पार्सल-एसएलआर), 22815-एसएलआर-आर1-बीएसपी-ईआरएस-25-1(पार्सल-एसएलआर), 18237-एसएलआर-एफ1-केआरबीए-एएसआर-25-1(पार्सल-एसएलआर), 22843-एसएलआर-आर1-बीएसपी-पीएनबीई-25-1(पार्सल-एसएलआर), 20845-एसएलआर-एफ1-बीएसपी-बीकेएन-25-1(पार्सल-एसएलआर), 18517-एसएलआर-आर1-केआरबीए-वीएसकेपी-25-1(पार्सल-एसएलआर), 22619-एसएलआर-आर1-बीएसपी-टीईएन-25-1(पार्सल-एसएलआर), 18237-एसएलआर-आर1-केआरबीए-एएसआर-25-1 (पार्सल-एसएलआर)।

सीपीआर/10/21 — सहायक वाणिज्य प्रबंधक, द.पू.म. रेलवे, बिलासपुर

South East Central Railway | @secrail

■ न्यूज गैलरी

सौ बिस्तरों वाले मातृत्व-शिशु व 40 बेड वाले नेत्र अस्पताल की मिली मंजूरी

धमतरी//नवप्रदेश। विधायक ओंकार साहू जब से धमतरी विधानसभा क्षेत्र की कमान संभाला हैं, तब से उन्होंने अपने कुशल नेतृत्व से धमतरी के विकास के लिए कई बड़ी प्रोजेक्ट को मंजूरी दिलाई हैं। इनमें स्वास्थ्य विभाग की 100 बिस्तरों वाला मातृत्व-शिशु अस्पताल और 40 बिस्तरों वाले नेत्र अस्पताल जैसे प्रोजेक्ट भी शामिल हैं, लेकिन जमीन की तलाश में विभागों के बीच आपसी तालमेल की कमी सामने आ रही थी। जिसे ध्यान में रखकर विधायक ओंकार साहू नें स्वयं क्षेत्र का दौरा कर आमदी रोड ग्राम भानपुरी, जिला-धमतरी में अस्पताल भवन हेतु पर्याप्त भूमि की उपलब्धता की जानकारी लेकर ग्राम के संरपंच एवं समस्त ग्रामीणों से पंचायत के जमीन पर अस्पताल बनवाने हेतु राय लिया गया। जिस पर सरपंच सहित समस्त ग्रामीणों के द्वारा सर्वसहमति से बैठक कर उक्त भूमि में अस्पताल भवन निर्माण हेतु विधायक को पंचायत एवं ग्रामीणों द्वारा सहमति पत्र सौपा गया जिस पर विधायक ओंकार साहू नें तत्काल अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) धमतरी, जिला-धमतरी को उक्त भूमि का मौका निरीक्षण कर भूमि अधिग्रहण संबंधी कार्यवाही करने हेतु पत्र लिखकर निर्देशित किया है।

पुलिस अधिकारी-कर्मचारी चुने गए 'कॉप ऑफ द मंथ'

गरियाबंद /नवप्रदेश। इस पहल के तहत पुलिसकर्मियों द्वारा ड्यूटी के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में सराहनीय एवं उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस कर्मचारियों को 'कॉप ऑफ द मंथ' चुना जाता है। माह मार्च में उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्य करने वाले पुलिस अधिकारी/कर्मचारी प्रधान आरक्षक अंगद राव, प्रधान आरक्षक मोहम्मद सुल्तान खाना, आरक्षक देवेंद्र सोनवानी स्पेशल टीम गरियाबंद व सैनिक रविशंकर सोनवानी के द्वारा थाना गरियाबंद का तीन दिन के भीतर अज्ञात महिला के अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझाकर मृतिका का पहचान करते हुए आरोपी को गिरफ्तार करने में विषेश भूमिका रही। इसी क्रम में प्रधान आरक्षक गणेश राम साहू, आरक्षक गंगाधर सिन्हा के द्वारा और एण्ड टू एण्ड कार्यवाही करते हुए नशीली टैबलेट का सप्लाई करने वाले आरोपी को दिगर प्रांत बिहार से गिरफ्तार करने में विशेष भूमिका रही।कॉप ऑफ द मंथ इस पहला के माध्यम से माह में सराहनी एवं उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी/कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र दिया जाता है। जिससे अधिकारी/कर्मचारियों में उत्साह बनी रहती है। यह पहल आगे भी जारी रहेगा।

एनडीपीएस एक्ट के संबंध में पुलिस का एकदिवसीय कार्यशाला

गरियाबंद/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभा कक्ष में गरियाबंद पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा के दिशा-निर्देश एवं मार्गदर्शन में थानों में एनडीपीएस एक्ट की बेहतर विवेचना हेतु जिले के लोक अभियोजक अधिकारी रामगोपाल दूबे की उपस्थिति में समस्त थानों से आये विवेचकों का एनडीपीएस एक्ट एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। लोक अभियोजक अधिकारी रामगोपाल दूबे के द्वारा समस्त विवेचकों को एनडीपीएस एक्ट के प्रकरण में घटना स्थल में की जाने वाली कार्यवाही जप्ती, गिरफ्तारी, गवाहों के कथन एवं प्रकरण में फेटो व वीडियोग्राफ्री करने के संबंध में पीपीटी के माध्यम से प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान विवेचकों के द्वारा विवेचना के दौरान आने वाली समस्या या चुक होने के संबंध में प्रश्न पूछे गये। जिसका तत्कालिन समाधान किया।

नवापारा में लगा नि:शुल्क जांच स्वास्थ्य शिविर

गंडई पंडरिया। गंडई नगर से सटे नवापारा में एक निःशुल्क विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान भारी संख्या में महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण हुआ। शिविर में बीपी, शुगर, एचआईवी, सिफलिस एवं महिलाओं के यौनजनित रोगों की जांच की गई। इस दौरान विशेषज्ञ शासकीय डॉक्टरों ने मरीजों को उपचार हेतु परामर्श दिए। छत्तीसगढ़ राज्य एड्स नियंत्रण समिति द्वारा प्रदत्त, तलाश स्वयं सेवा संस्था द्वारा संचालित लक्ष्यगत हस्तक्षेप परियोजना के अंतर्गत् परियोजना प्रबंधक दिनेश साहू ने बताया कि यह शिविर महिलाओं के लिए एक सुनहरा अवसर था, आगे भी इस तरह के शिविर आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच और उचित समय पर परामर्श दिया गया। बताया कि इस शिविर में भारी संख्या में महिलाओं ने जांच और परामार्श लिया। यह पहल महिला स्वास्थ्य जागरूकता और सेवा के क्षेत्र में एक सराहनीय कदम है।

भाजपा युवा मोर्चा ने कांग्रेस भवन का किया घेराव

■ सोनिया व राहुल के खिलाफ की जमकर नारेबाजी

महासमुंद/नवप्रदेश। नेशनल हेराल्ड मामले में केन्द्रीय जांच एजेंसी ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) की ओर से विशेष अदालत में चार्टशीट दाखिल किए जाने के विरोध में कांग्रेस ने सभी जिलों में विरोध प्रदर्शन किया जिसके बाद आज मामले में भाजपा युवा मोर्चा ने कांग्रेस भवन का घेराव कर कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष श्रीमती सोनिया गांधी, नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को बचाने का आरोप लगाया। भाजपा जिलाध्यक्ष ऐतराम साहू के नेतृत्व में भाजपा युवा मोर्चा व भाजपा के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने लोहिया चौक में एकत्रित होकर कांग्रेस भवन की ओर रवाना हुए जहां पहले से ही बड़ी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहे। कांग्रेस भवन पहुंच कर भाजपाईयों ने सोनिया व राहुल गांधी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। भाजपा जिलाध्यक्ष ऐतराम साहू ने कहा कि नेशनल हेराल्ड मामले में केन्द्रीय जांच एजेंसी ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) की ओर से विशेष अदालत में चार्टशीट दाखिल किया गया है जिनकी तत्काल गिरफ्तारी की जानी चाहिए। कांग्रेस के लोग उनके बचाव में खड़े हैं। उन्होंने कहा कि नेशनल हेराल्ड मामले में ईडी विधिसम्मत कार्रवाई कर रही है। इस मामले में सोनिया गांधी और राहुल गांधी अभी जमानत पर हैं और 21 व 25 अप्रैल को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई होनी है। इस मामले को लेकर कांग्रेस एक बार फिर धरना-आंदोलन कर दबाव बनाने का प्रपंच कर रही है। नेशनल हेराल्ड मामले को गांधी परिवार ने हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी।

9 मई को नवागढ़ में महाराणा प्रताप की जयंती और प्रतिमा अनावरण समारोह

नवागढ़। आगामी 9 मई को नवागढ़ में महाराणा प्रताप की जयंती और प्रतिमा अनावरण समारोह का आयोजन भव्य तरीके से किया जाएगा। इस आयोजन में प्रमुख अतिथियों के रूप में छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष रमन सिंह और भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे। इस ऐतिहासिक अवसर पर आयोजित समारोह को लेकर सर्व राजपूत क्षत्रिय समाज द्वारा रायपुर प्रवास पर दोनों प्रमुख अतिथियों को आयोजन में आमंत्रित किया गया, जिसे दोनों ही अतिथियों ने सहर्ष स्वीकार किया और अपनी उपस्थिति दर्ज कराने की सहमति दी। समाज के प्रतिनिधियों ने इस अवसर पर बताया कि महाराणा प्रताप जी की जयंती और प्रतिमा अनावरण समारोह केवल एक ऐतिहासिक आयोजन नहीं, बल्कि यह समाज की एकता और समृद्धि का प्रतीक होगा। इस आयोजन को भव्य और ऐतिहासिक बनाने की जिम्मेदारी स्वजातीय बंधुओं पर डाली गई है, और समाज के सभी सम्मानित सदस्य इस कार्य में सक्रिय रूप से शामिल होंगे। निमंत्रण देने के दौरान बजरंग सिंह गैस, पूर्व विधायक अवधेश चंदेल, युवराज ठाकुर, मिंटू बिसेन, अश्वनी ठाकुर, गणेश सिंह ठाकुर, सोन सिंह ठाकुर, सोम ठाकुर, पृथ्वी ठाकुर, पप्पू ठाकुर, और वीरेश ठाकुर शामिल हुए।

सामाजिक एकजुटता का प्रतीक-उपरोक्त जानकारी देते हुए युवराज सिंह ठाकुर ने इस आयोजन के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि यह एक अवसर है जब हम सभी समाज के सदस्य अपनी एकता और सामूहिक शक्ति का प्रदर्शन कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि हम सब मिलकर इस आयोजन को ऐतिहासिक और अविस्मरणीय बना सकते हैं।

सुशासन तिहार में मिले आवेदनों के निराकरण को लेकर कलेक्टर लंगेह ने ली समीक्षा बैठक

■ अधिकारियों को दो टूक गंभीरता से करें निराकरण

■ 30 तक आवेदनों का निराकरण किया जाएगा

■ किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी

महासमुंद/नवप्रदेश। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने शुक्रवार को सभी जिला अधिकारियों की बैठक लेकर सुशासन तिहार में मिले आवेदनों को गंभीरता से निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सुशासन तिहार,समाधान शिविर , मोर दूआर साय सरकार तैयारी की भि समीक्षा की। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ एस आलोक, अपर कलेक्टर रवि कुमार साहू एवं संबंधित अधिकारी मौजूद थे । सभी जनपद , नगरीय निकाय एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े थे।

कलेक्टर विनय लंगेह के दिशा-निर्देश में जिले के सभी पांच जनपद पंचायतों एवं नगरीय निकायों में सुशासन तिहार का प्रथम चरण 08 से 11 अप्रैल 2025 तक सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। इस चार दिवसीय जनभागीदारी अभियान में नागरिकों ने बड़ी संख्या में भाग लेते हुए अपनी समस्याएं एवं आवश्यकताओं को लेकर उत्साहपूर्वक सहभागिता दर्ज कराई। ग्राम पंचायतों से लेकर नगर पंचायत कार्यालयों तक आमजन ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन निर्धारित समाधान पेटियों में जमा किए हैं। जिनका निराकरण संबंधित विभागों द्वारा चरणबद्ध तरीके से किया जाएगा।उल्लेखनीय है कि सुशासन तिहार 2025 के तहत मिले आवेदनों को साफ्टवेयर में प्रविष्टि कर संबंधित विभागों को सौंपा जा रहा है और एक माह के भीतर उनका निराकरण किया जाएगा। कलेक्टर ने कहा कि सोमवार से नियमित तौर पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा की जाएगी। आगामी तीन दिन में सभी आवेदन पोर्टल में एंट्री सुनिश्चित करें । प्राप्त आवेदनों का अवलोकन कर उन्हें संबंधित विभागों को आगामी तीन दिन में भेज दिया जाए। कलेक्टर ने कहा कि 30 अप्रैल तक सभी आवेदनों का निराकरण सुनिश्चित करना है। उन्होंने सभी विभागों को मिले आवेदनों की विस्तार से समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी आवेदनों के निराकरण में गंभीरता बरते।

उपाध्यक्ष के प्रयास से वाटर एटीएम शुरू

महासमुंद/नवप्रदेश। नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी ने बताया कि वाटर एटीएम चालू हो गया है। अब बस स्टैण्ड में आने वाले मुसाफिरों, आस-पास के व्यापारियों, ठेले खोमचे वालों को शुद्ध पेयजल की किल्लत नहीं होगी। खास बात यह कि पानी के लिए कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। पहले प्री पेड था अब भाजपा की सरकार में निःशुल्क लोगों को पेयजल प्राप्त होगा। गत दिनों बस स्टैंड स्थित वाटर एटीएम का निरीक्षण के दौरान उन्हें जानकारी हुई थी कि वाटर एटीएम की स्थिति खराब है, लोगों की शिकायत भी प्राप्त हुई थी। जिस पर स्थल से ही मुख्य नगर पालिका अधिकारी अशोक सालेम को 15 दिनों के अंदर वाटर एटीएम को ठीक कराते हुए लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने निर्देश दिया गया था। सीएमओ ने इंजीनियर व उनकी टीम को बुलाकर वाटर एटीएम चालू कराया।

भाजयुमो ने फूंका पुतला

नेशनल हेराल्ड मामले में कांग्रेस का प्रदर्शन बेबुनियाद: मोनू बहादुर

राजनांदगांव /नव प्रदेश । नेशनल हेराल्ड मामले में कांग्रेस के लगातार प्रदर्शन को बेबुनियाद बताते हुए भारतीय जनता युवा मोर्चा ने स्थानीय महावीर चौक में कांग्रेस का पुतला दहन किया व् जमकर नारेबाजी की। कांग्रेस नेता राहुल गांधी और सोनिया गांधी के खिलाफ नेशनल हेराल्ड मामले में प्रवर्तन निदेशालय की तरफ से आरोप पत्र दायर किया गया है। इस विषय मे कांग्रेस के नेता भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ लगातार दुष्प्रचार कर अपने नेताओं को बचाने के लिए कूट रचित साजिश कर रहें है जिसके खिलाफ आज राजनांदगांव के महावीर चौक में युवा मोर्चा ने कांग्रेस का पुतला फूंका।

निर्धारित समय से पूर्व ही भाजयुमो कार्यकर्ताओं का एकत्रीकरण महावीर चौक में शुरू हो गया था और बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस का पुतला फूंक्र कर अपना विरोध दर्ज किया । इस दौरान भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष मोनू बहादुर सिंह ने कहा कि नेशनल हेराल्ड मामले में कांग्रेस जो प्रदर्शन कर रही है वो पूरी तरह से बेबुनियाद है । मोनू ने कहा कि इस मामले में जो मामला दर्ज हुआ था वो यूपीए सरकार के समय हुआ था मामले की शुरुआत 2012 में वरिष्ठ भाजपा नेता सुब्रमण्यम स्वामी द्वारा दायर शिकायत से शुरू हुई थी । जिसमें एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) और यंग इंडियन प्राइवेट लिमिटेड (वाईआईएल) के बीच संदिग्ध वित्तीय लेनदेन का खुलासा किया गया। और कहा गया कि कांग्रेस नेताओं ने एजेएल की संपत्तियों को गलत तरीके से हस्तांतरित किया। अब जब प्रवर्तन निदेशालय ने मनी लॉन्ड्रिंग के तहत इस मामले की जांच शुरू की और हाल ही में 751.9 करोड़ रुपये की संपत्तियों को अस्थायी रूप से जब्त किया। तो कांग्रेस गलत तरीके से अब इस मामले में देश में अराजकता फैला रही है जो कि बिलकुल गलत है।

इकरा फाउंडेशन ने बख्शी शाला के छात्रों को वितरित की नि:शुल्क पाठ्य सामग्री

खैरागढ़/नवप्रदेश। शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दे रही सेवाभावी संस्था इकरा फाउंडेशन ने पीएमश्री डॉ. पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी शाला में अध्ययनरत छात्रों के अध्ययन के लिये निःशुल्क प्रदान की। इस अवसर पर बख्शी शाला के प्राचार्य रोशन लाल वर्मा, इकरा फाउंडेशन के संस्थापक एवं नपा उपाध्यक्ष अब्दुल रज्जाक खान, अध्यक्ष खलील कुरैशी, शमशुल होदा खान, सचिव मो. याहिया नियाज़ी, याकूब खान, रियाजुद्दीन कादरी व जुनैद खान मौजूद थे। फाउंडेशन के अध्यक्ष खलील कुरैशी के बेटे डॉ. मुख्तार कुरैशी ने अपनी कक्षा ग्यारहवीं, बारहवीं से लेकर प्रथम प्रयास में ही नीट उत्तीर्ण करने तक की एनसीआरटी, बायजू व आकाश कंपनी की पूरी पाठ्य सामग्री और महत्वपूर्ण नोट्स फाउंडेशन को जरुरतमंद छात्रों के हित में दान कर दी थी जिसके बाद इकरा फाउंडेशन ने सर्व सम्मति से निर्णय लिया कि उस पाठ्य सामग्री और नोट्स को किसी सरकारी स्कूल में दान किया जायेगा फिर फाउंडेशन के पदाधिकारियों ने पीएम श्री बख्शी शाला में जाकर समस्त पाठ्य सामग्री एवं नीट के नोट्स को शाला के प्राचार्य रोशन लाल वर्मा को छात्रों के हित में सुपुर्द कर दिया।

इकरा फाउंडेशन 2019 से शिक्षा के क्षेत्र में खैरागढ़ सहित पूरे जिले में निरंतर बेहतर काम कर रही है और इस संस्था का एकमात्र उद्देश्य जरुरतमंद छात्रों की पढ़ाई में मदद कर उनके बेहतर भविष्य के निर्माण में सहयोग करना है ताकि कोई भी योग्य छात्र संसाधनों के अभाव में अपनी पढ़ाई नहीं छोड़े ।

आंगनबाड़ी केंद्र कौहाबाहरा के बीचपारा, बीचपारा टीप पारा में पोषण पखवाड़ा

नगरी/नवप्रदेश। परियोजना नगरी सेक्टर डोंगरडुला 2 आंगनबाड़ी केंद्र कौहाबाहरा के बीचपारा 1,बीचपारा 2, टीप पारा,में पोषण पखवाड़ा मनाया गया साथ में 3 वर्ष पूर्ण किये माहिर नेताम का शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया जिसमें आंगनबाड़ी कार्यकर्ता दुतिका नेताम,सोनिया विश्वकर्मा, जैत्री नेताम,सहायिका सावित्री मंड़ावी,और गांव की महिला मंडली की अध्यक्ष प्रेमबती मंड़ावी,समूह अध्यक्ष सुकबाई नेताम,सचिव बासन बाई नेताम,राज बाई नेताम,अनसुईया नेताम,चंद्रिका नेताम,प्रमिला नेताम,नीरा बाई नेताम,बाल बाई नेताम,लुकेश्वरी भवानी नेताम,शांति बाई मंड़ावी,एती बाई वट्टी, नगीना नेताम,सिया बाई नेताम,नर्मदा नेताम,कांति वट्टी, सगारो वट्टी, दसरी यादव,विजयी वट्टी, साथ में गांव के सभी महिलाएं उपस्थित रहीआंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक 7 और 6 में पोषण पखवाड़ा मनाया गया -आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक 7 और 6 में पोषण पखवाड़ा मनाया गया । केन्द्र में पोषण के पांच सूत्र सुनहरे 1000 दिवस, पौष्टिक आहार, एनीमिया प्रबंधन एवं स्वच्छता पर चर्चा हुई । आंगनबाड़ी में गर्भवती माताओं का गोद भराई एवं 6 माह पूर्ण बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार कराया गया।इस मौके पर बच्चों का वजन एवं ऊंचाई मापकर सामुदायिक वृद्धि चार्ट व पोषण ट्रेकर एप में एंट्री की गई।पोषण पखवाड़ा के मौके पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सुलोचना साहू, माधुरी साहू, मितानिन अमृता लाहौरिया, खिलेश्वरी साहू, ऋषि साहू, ललिता गौर, परमेश्वरी देव सहित बड़ी संख्या में गर्भवती एवं शिशुवती माताएं व बच्चे उपस्थित थे ।

सीजीएमएससी को मिला नया नेतृत्व

गरियाबंद/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेस कॉर्पोरेशन लिमिटेड के नवनियुक्त अध्यक्ष दीपक महस्के से भारतीय जनता युवा मोर्चा के पूर्व प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अजय रोहरा ने आज सौजन्य मुलाकात की। मुलाकात के दौरान राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को सुदृढ़ बनाने, औषधि आपूर्ति व्यवस्था को मजबूत करने और ग्रामीण क्षेत्रों तक बेहतर चिकित्सा सुविधाएं पहुंचाने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।इस अवसर पर अजय रोहरा ने दीपक महस्के को नई जिम्मेदारी मिलने पर हार्दिक बधाई और सफल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि,दीपक महस्के जैसे अनुभवी और समर्पित व्यक्तित्व का CGMSC जैसे महत्वपूर्ण संस्थान की कमान संभालना स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए सकारात्मक संकेत है। उनका प्रशासनिक अनुभव, कुशल प्रबंधन और समाज के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण निश्चित रूप से प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं में एक नई ऊर्जा का संचार करेगा।

रोहरा ने आगे कहा कि छ्त्तस्स्ट स्वास्थ्य क्षेत्र की रीढ़ है, जो राज्यभर में दवाइयों और चिकित्सा उपकरणों की आपूर्ति सुनिश्चित करती है। ऐसे में इसकी कार्यप्रणाली को अधिक पारदर्शी, तीव्र और जनहितकारी बनाने की आवश्यकता है, जिसमें महस्के की भूमिका बेहद अहम होगी। उन्होंने विश्वास जताया कि महस्के के नेतृत्व में छ्त्तस्स्ट राज्य सरकार की स्वास्थ्य योजनाओं को धरातल तक पहुंचाने में एक मजबूत कड़ी साबित होगा।

कनीज़-ए-फातिमा ग्रुप ने किया ईद मिलन समारोह का आयोजन

■ नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच का भी आयोजन

ईद मिलन समारोह में स्वास्थ्य जांच का आयोजन

खैरागढ़./नवप्रदेश। महिलाओं के संगठन कनीज़-ए-फातिमा ग्रुप ने मस्जिद लॉन में महिलाओं के लिये ईद मिलन समारोह एवं निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया । जिसमें महिलाओं ने एक दूसरे को सेवई खिलाकर व गले मिलकर ईद की खुशियां भी मनाई। इस दौरान महिलाओं के लिए आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में 100 महिलाओं ने अपनी निःशुल्क जांच करवाई और विशेषज्ञ चिकित्सकों से परामर्श प्राप्त किया। इस दौरान विशेषज्ञ महिला चिकित्सकों ने विभिन्न समस्याओं से ग्रसित 50 से अधिक महिलाओ का उनकी समस्या सहित अन्य समस्याओं का निदान एवं उपचार निःशुल्क किया । और महिलाओं के निःशुल्क शुगर एवं ब्लड प्रेशर की जांच भी की । विशेषज्ञ दंत चिकित्सक डॉ. अनम फ़ातिमा ने महिलाओं एवं बच्चियों के दांत की निःशुल्क जांच कर उन्हें उचित परामर्श दिया दांत के देखभाल करने के जरूरी उपाय भी बताएं उन्होंने दंत रोग से संबंधित तकरीबन 22 महिलाओं की निःशुल्क जांच भी की. संगीत नगरी में में पहली बार कनीज फातिमा कमेटी की तरफ़ से ईद मिलन समारोह का भव्य कार्यक्रम रखा गया इसके तहत् निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर और अन्य विभागों से महिलाओं को प्रेरित करने के लिये विशेषज्ञों को बुलाया गया था जिन्होंने महिलाओं को बेहद महत्वपूर्ण जानकारी से अवगत करवाया । सब इंस्पेक्टर बिलकिस खान ने महिलाओं को उनके अधिकार से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी दी महिलाओं एवं बच्चों को गुड टच-बैड टच, महिलाओं और बच्चियों को हमारे संविधान में दिये गये महत्वपूर्ण अधिकार और सुरक्षा के विषय में विस्तार से जानकारी दी । सहायक नेत्र रोग विशेषज्ञ दुर्गेश नंदिनी श्रीवास्तव ने महिलाओं का नेत्र परीक्षण किया । आयोजन में नसीमा मेमन, नसरीन अली सैयद, तरन्नुम मेमन, सीमा जबीं, सफिया बानो, शहनाज बानो, तस्लीम मेमन, साबरा सरदारिया, अमरीन अली, आफ़शिन मेमन, नाजिया फिरदौस, मुस्कान अली, रुबीना मेमन, परवीन, सफीका खान, फिरदौस, तहसीम फातिमा, शमशाद बेगम, शिफा मेमन कहकशां व जूहीना वारसी सहित मुस्लिम समाज की महिलाएं उपस्थित रही ।

36 पौव्वा शराब के साथ कोचिया गिरफ्तार

भाटापारा/ नवप्रदेश। ग्रामीण पुलिस ने ग्राम अर्जुनी में अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले 01 शराब कोचिया को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 3960 रुपए कीमत की 36 पौव्वा देशी मसाला शराब जप्त कर उसके खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही कर रही है। उपरोक्त संबंध में पुलिस से प्रदत्त जानकारी अनुसार आपरेशन विश्वास के तहत ग्रामीण पुलिस टीम द्वारा ग्राम अर्जुनी में घेराबंदी कर अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले आरोपी कोमल साहू ग्राम अर्जुनी को गिरफ्तार कर उसके पास से 36 पाव देशी मसाला शराब जप्त किया गया जिसकी कीमत 3960 रुपए बताई जाती है।आरोपी के विरुद्ध थाना भाटापारा ग्रामीण पुलिस धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही की है।

संक्षिप्त खबरें

सुपोषण दिवस पर बच्चों को परोसी खीर-पुड़ी

महासमुंद/नवप्रदेश। डॉ. राधा कृष्णा वार्ड क्रमांक 24 कुम्हारपार स्थित आंगनबाड़ी में सही पोषण देश रोशन के तहत सुपोषण दिवस बनाया गया। जिसमें बच्चों का वजन जांच एवं उच्चाई वा लम्बाई मापन किया गया साथ ही उन्हें खीर पुड़ी वितरण किया गया। जिस प्रकार से बच्चों को कुपोषण से बचाया जा रहा हैं भारतीय जनता पार्टी की सरकार बच्चों को सही समय में सही आहार दे कर कुपोषित होने से बचा रही है। उक्त विचार मुख्य अतिथि पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष एवं वार्ड पार्षद पवन पटेल ने कही है। इस अवसर पर पटेल को पुनः वार्ड नंबर 24 के पार्षद निर्वाचित होने पर साल एवं श्रीफल देकर आंगनबाड़ी कार्यकर्त्ता कु धनमती बघेल, पूर्णिमा ठाकुर ने सम्मान किया और आंगनबाड़ी में नल कनेक्शन लगाने एवं बाउंड्रीवाल वा आंगनबाड़ी में टाइल्स लगने के लिए आवेदन दिया। इस अवसर पर वार्ड की रम्भा जगत, संतरा दीप, उषा दीप, तुकेस्वरी साहू, सातों साहू, मिश्री साहू, दुलेश्वरी मानिकपुरी, ममता चंद्राकर, प्रमिला जगत, कला सिन्हा, कुसुम पटेल, कृष्णा बाई पटेल, मीरा कुलदीप, सोनू साहू आदि उपस्थित थे।

रचना संग्रह का विमोचन

महासमुंद/नवप्रदेश। सेवानिवृत प्रधान पाठक भागवत प्रसाद साहू का 81 वां जन्मदिन उनके परिजनों द्वारा मनाया गया। बतौर मुख्य अतिथि के

रूप में नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू मौजूद थे। इस दौरान भागवत प्रसाद साहू द्वारा लिखित रचना संग्रह 'चल-चल, मुझे ले चल उस गांव' का विमोचन पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने किया। इस कार्यक्रम में शिक्षक मनोहर लाल चक्रधारी, निहाल देवांगन, शिक्षक एलपी शुक्ला, संदीप दीवान, लोचन चक्रधारी, रोहित मिश्रा, ढालूराम साहू, लोमश आनंद, कथावाचक व्यासनारायण तिवारी आदि उपस्थित रहे।

सोनार दुकान से गहनों की चोरी सीसीटीवी में चोर कैद

महासमुंद/नवप्रदेश। बड़े साजापाली के एक ज्वेलर्स दुकान से 90 हजार रुपए से ज्यादा के आभूषण चोरी होने का मामला सामने आया है। मामले की रिपोर्ट बसना थाने में दर्ज कराई गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस को बड़े साजापाली स्थित उपकार ज्वेलर्स के संचालक उमाशंकर सोनी ने बताया कि 16 अप्रैल को वह दुकान में बैठा था। उसी दौरान एक अज्ञात ग्राहक सोना खरीदने आया और चांदी की ताबीज व सोने की फुली दिखाने कहा। जिस पर उन्होंने सामान दिखाया तब अज्ञात ने उसे पसंद नहीं किया और कान का टॉप्स दिखाने कहने लगा और दुकान से बिना सामान लिए चला गया। जाते-जाते काउंटर में 2 हजार रुपए रखा और कहा कि वह पत्नी को लेकर आ रहा है, तुम्हारे दुकान से और सामान लूंगा कहा। प्रार्थी ने उसके जाने के बाद सोने-चांदी के जेवर को चेक किया तो कान की बाली 01 नग कीमत 23984 रुपए एवं सोने का टॉप्स 03 नग कीमत 69526 रुपए कुल 93510 रुपए के सामान नहीं थे। बाद दुकान की सीसीटीवी फुटेज को देखा तो उक्त अज्ञात ग्राहक दुकान से सोने की चोरी करता दिखा। मामले की शिकायत पर बसना पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 305, 332(सी)-बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

जिपं अध्यक्ष सार्वा के हाथों शुरू हुआ सांकरा का आवास प्लस 2 सर्वे का विशेष पखवाड़ा

धमतरी/नवप्रदेश। जिले के नगरी जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत साकरा में 'आवास प्लस 2' योजना के अंतर्गत सर्वेक्षण

पखवाड़ा का आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष अरूण कुमार सार्वा ने किया गया। इस सर्वे का मुख्य उद्देश्य वर्ष 2011 की जनगणना तथा 2018 के सर्वे में छूटे हुए पात्र परिवारों की पहचान कर उन्हें पीएम आवास योजना के अंतर्गत 100 प्रतिशत आवासीय लाभ सुनिश्चित करना है। इस कार्यक्रम में श्री करूणा सागर पटेल मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत नगरी सहित अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे। सर्वेक्षण के दौरान क्षेत्रीय जनप्रतिनिधी एंव नागरिकों ने भी सक्रिय रूप से भाग लिया और छूटे हुए जरूरतमंद परिवारों की जानकारी उपलब्ध कराई। जनप्रतिनिधियों ने विश्वास दिलाया कि कोई भी पात्र परिवार बिना आवास के नहीं रहेगा और शासन की योजना का लाभ हर ज़रूरतमंद तक पहुंचेगा। यह सर्वे ना केवल ग्रामीण विकास की दिशा में एक ठोस कदम है, बल्कि यह स्थानीय प्रशासन और जनता के सहयोग से योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन का उत्कृष्ट उदाहरण भी है।

विद्यालय पर एकाग्र सागर के काव्य संग्रह 'ओ मेरी पाठशाला' का उपमुख्यमंत्री ने किया विमोचन

गरियाबंद/नवप्रदेश। उप मुख्य मंत्री एवं गृह मंत्री विजय शर्मा के निवास में राष्ट्रीय सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा आयोजित विमोचन समारोह में समाज के युवा मंच के प्रदेश महासचिव, व्याख्याता एवं एनसीसी अधिकारी सागर शर्मा के प्रकाशित विद्यालय पर एकाग्र काव्य संग्रह ओ

मेरी पाठशाला का विमोचन हुआ। उप मुख्य मंत्री विजय शर्मा के मुख्य आतिथ्य व समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललित मिश्रा की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में विजय शर्मा ने काव्य संग्रह विमोचन अवसर पर एक समीक्षात्मक उदबोधन में कहा विद्यालय के चाक, ब्लैक बोर्ड, टाट पट्टी, बेंच, कुर्सी, शिक्षक, प्रयोगशाला, दर्ज संख्या प्रवेश उत्सव, लेक्चर स्टैंड, कक्षा की घंटी, बच्चों की पढ़ाई शरारत व ऐसे ही 61 काव्य संग्रह संदेश युक्त,शिक्षा प्रद एवं एक नया प्रयोग है। ये कविताएं वर्तमान एवं भविष्य की शिक्षा व्यवस्था को विवेचित करती है। उन्होंने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सागर की कलम चलती रहे और ऐसी रचनाएं आती रहे। अध्यक्षता कर रहे समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललित मिश्रा ने कहा संग्रह में शैक्षणिक ज्ञान और समझ को सरस बनाकर प्रकारांतर में सूत्र रूप में संजोने का संयोजन महत्वपूर्ण प्रमाणित हुआ है। प्रस्तुत कृति की भाषा सरल-सहज, सुगम और सुबोध है। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ कवयित्री सुधा शर्मा तथा आभार व्याख्याता मीनाक्षी शर्मा ने किया। उक्त अवसर पर जिला गरियाबंद अध्यक्ष अश्वनी तिवारी, अध्यक्ष विप्रकुल ब्राह्मण समाज राजिम देवेन्द्र शर्मा, साहित्यकार शरद शर्मा,अधिकारी एवं कर्मचारी फेडरेशन जिला गरियाबंद महासचिव बसन्त त्रिवेदी,अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन के प्रवक्ता बसंत मिश्रा, बीआर सी फिंगेश्वर सुभाष शर्मा, पत्रकार प्रेस क्लब सचिव गोविन्द तिवारी, महेंद्र द्विवेदी, धीरेन्द्र शर्मा,धमेन्द्र शर्मा, सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

अवैध प्लाटिंग पर प्रशासन ने कसा शिकंजा

कार्रवाई के बाद खरीददारों की सांसें अटकीं, नामांतरण का पुनरीक्षण के बाद हो सकता है निरस्त

जीवनएस साहू

गरियाबंद/नवप्रदेश। गरियाबंद जिला मुख्यालय में अवैध प्लाटिंग पर 5 साल बाद कार्यवाही हुई है। नियम कायदे को ताक में रख करोड़ों की कमाई करने वालों ने सरकारी राजस्व का नुकसान किया। अब केवल 10-10 हजार जुर्माना भर छुटकारा पा जाएंगे प्रापर्टी डीलर। कार्यवाही के बाद खरीददारों की सांस अटकी क्योंकि नामांतरण का पुनरीक्षण के बाद निरस्त की हो सकती है।

पाबंदी के बावजूद जिला मुख्यालय में पिछले कुछ सालों से अवैध प्लाटिंग व कालोनी बसाने का गोरखधंधा फल फूल रहा था। मामले में एक्शन लेते हुए 2019 से 2022 तक 13 प्रकरण दर्ज किए गए थे। जिसमें से एक को छोड़ 12 अवैध कालोनी/प्लाटिंग पर सुनवाई चली। एसडीएम ऋचा ठाकुर ने सुनवाई करते हुए पाया कि 12 प्रकरणों में अनावेदकगणों द्वारा छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 70, धारा 98 एवं धारा 172 के उल्लंघन पाया गया। फलस्वरूप न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा0) गरियाबंद द्वारा 20 मार्च 2025 को आदेश पारित कर अनावेदकगणों को छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 172 (4) के तहत 10 हजार रूपये शास्ति अधिरोपित की गई है। जिला प्रशासन द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक उक्त आदेश के परिपालन में 06 अनावेदकगण इनमें हर्षित अग्रवाल, मो. हनीफ मेमन, मो. रिजवान मेमन, मो. हनीफ मेमन, मो. जावेद मेमन, संरक्षणकर्ता सौरभ देवांगन द्वारा 10-10 हजार रूपये चालान के माध्यम से अनुविभागीय अधिकारी राजस्व न्यायालय में जमा किया है।

12 विक्रेताओं ने 100 से ज्यादा टुकड़े में बेचा कृषि भूमि

प्रकरण जांच में पाया गया कि नगर निवेश के अधीन आने वाले भूखंड जो कृषि प्रयोजन के थे उन्हें बगैर व्यपवर्तित करते हुए कई छोटे भूखंडों में काटकर बेच दिया गया। होटल सिटी रेसीडेंसी के पीछे न केवल अवैध कालोनी बसा दिया गया बल्कि उक्त कॉलोनी में पक्की सड़क की मंजूरी भी दिला दी गई। राजनीतिक प्रशासनिक सरंक्षण प्राप्त कुछ रसूख दार अब भी बेखौफ होकर अवैध प्लाटिंग का काम कर रहे। इस कारोबार में न तो नगर निवेश के नियमावली का पालन हुआ न तो कालोनाइजर एक्ट का पालन किया जा रहा है। पिछले कई सालों से चल रहे इस हाईलेवल के अवैध कारोबार में प्रापर्टी डीलरो ने करोड़ों कमाए, जबकि वास्तविक तौर पर नियम से खरीदी बिक्री नहीं होने के कारण शासन को लाखों के स्टाम्प शुल्क का नुकसान हुआ है। अब सवाल उठता है कि क्या उन्हें महज 10 हजार का जुर्माना लेकर छोड़ दिया जाएगा या कल कोई बड़ी कार्यवाही की जाएगी।

कहां-कहां हुआ अवैध प्लाटिंग

1- हनीफ मेमन द्वारा ग्राम आमदी (म) में खसरा नंबर 491/1 पर
2- अब्दुल हकीम द्वारा आमदी (म) में खसरा नंबर 500
3- शिशिर देवांगन द्वारा आमदी (म) में खसरा नंबर 486
4- जावेद मेमन द्वारा मजरकट्टा में खसरा नम्बर 780, 790, 789, 783, 784
5- हर्षित अग्रवाल द्वारा डोंगरी गांव में खसरा नम्बर 321/27 में,
6- रिजवान मेमन द्वारा पारागांव में खसरा नंबर 733,
7- हनीफ मेमन द्वारा केशोडार में खसरा नम्बर 29/4 में अवैध प्लाटिंग किया गया जिसका प्रकरण दर्ज था। किंतु जिला मुख्यालय में अब भी कई रसूख दारों के अवैध कालोनी और प्लाटिंग का मामला दर्ज नहीं हुआ है न ही वहां किसी प्रकार के प्रशासनिक रोक टोक हो रहा।

छोटे भू खंडों की नामांतरण की होगी जांच

एसडीएम ने बेचने वालों पर जुर्माना लगाने के अलावा खरीदारों के छोटे भूखंडों की जानकारी भी जुटा रही है। तहसीलदार को निर्देशित कर उपरोक्त समस्त प्रकरणों के भू-खण्डों के क्रेता, विक्रेता, भू-स्वामी द्वारा किये गये समस्त विक्रय, नामांतरण की जानकारी मंगाई गई है।पुनरीक्षण में अगर नियम विरुद्ध नामांतरण पाया गया तो खरीददारो को भी भारी नुकसान उठाना पड़ेगा।

कवर्धा में भाजपा ने किया नेशनल हेराल्ड मामले में पुतला दहन व घेराव

कवर्धा/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी ने कवर्धा में कांग्रेस पार्टी और गांधी परिवार पर नेशनल हेराल्ड मामले को लेकर पुतला दहन किया और सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस कार्यालय का घेराव कर कांग्रेस पार्टी पर जमकर निशाना साधा।

इस इस विषय पर एक दिवसीय कार्यक्रम आयोजन कर भाजपा जिला अध्यक्ष राजेंद्र चंद्रवंशी और भाजयुमो जिला अध्यक्ष मनीराम साहू के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम में पार्टी के अनेक वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

इस विषय पर दिल्ली में बीजेपी द्वारा प्रेस कॉन्फ्रेंस कर प्रमुख आरोप और मुद्दे-गिनाए गए : दिल्ली प्रेस कॉन्फ्रेंस में श्री रविशंकर प्रसाद ने कहा कि कांग्रेस पार्टी देशभर में विरोध प्रदर्शन कर रही है, जो उनका लोकतांत्रिक अधिकार है, लेकिन उन्हें देश की संपत्ति को लूटने का अधिकार नहीं है। उन्होंने नेशनल हेराल्ड मामले को लेकर कांग्रेस नेतृत्व पर कई गंभीर आरोप लगाए।

- नेशनल हेराल्ड अखबार स्वतंत्रता सेनानियों की आवाज था, जिसे अब निजी स्वार्थ के लिए उपयोग किया गया।
- 2008 में इसके प्रकाशन के बंद होने के बाद कांग्रेस ने इसे ?90 करोड़ की सहायता दी, जो नियमों के खिलाफहै।
- 'यंग इंडियन' नामक कंपनी बनाई गई, जिसमें सोनिया गांधी और राहुल गांधी की 76% हिस्सेदारी है।
- केवल ?9 करोड़ में हजारों करोड़ की संपत्ति यंग इंडियन को ट्रांसफर कर दी गई।
- कांग्रेस का दावा है कि यंग इंडियन एक चैरिटेबल संस्था है, लेकिन अब तक उसका कोई सामाजिक कार्य सामने नहीं आया।

पाठ्य पुस्तक निगम मुद्रण कार्य में पिछड़ा

- हर साल जनवरी से मार्च के बीच मुद्रण कार्य हो जाता था पूरा
- नए शैक्षणिक सत्र में भी बच्चों को नहीं उपलब्ध पाएगी पुस्तकें
- टेंडर होने के बाद भी समय पर पुस्तक मुद्रण में लगा ग्रहण

रायपुर /नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ पाठ्य पुस्तक निगम हर साल अपनी कोई न कोई कारगुजारियों के कारण सुर्खियों में बना रहता है। पाठ्य पुस्तक निगम का काम है कि हर साल सरकारी स्कूलों में पढ़ाई करने वाले पहली से लेकर 10वीं के विद्यार्थियों को पुराना सत्र समाप्ति से पहले यानी अप्रैल में वितरित हो जाए। पिछले साल से मुद्रण प्रक्रिया में देरी के चलते सरकारी स्कूलों में पाठ्य पुस्तक समय पर पहुंच जाए। इसमें सशंय की स्थिति निर्मित हो गई है। टेंडर तो 17 अप्रैल 25 को हुआ है 30 अप्रैल तक किसी भी हालत में मुद्रण कार्य पूर्ण हो

ही नहीं सकता है।

वहीं मानसून सत्र से पहले बस्तर और सरगुजा के स्कूलों में किसी भी हालत में नहीं पहुंच सकेगा। इसके पीछे कारण यही बताए जा रहे है कि पहले दिसंबर में टेंडर हो जाता था और मार्च में पुस्तक मुद्रित होकर तैयार रहता था, और अप्रैल माह में सभी स्कूलों को समय पर आसानी से वितरित किया जाता था। सरकार की मंशा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर जोर है पर साधन उपलब्ध होने के बाद भी विद्यार्थियों को लाभ नहीं मिल पाएगा। मई-जून ग्रीष्मकालीन छुट्टी में समाप्त हो जाएगा। जुलाई में नए शिक्षण सत्र की तैयारी शुरू हो जाएगा।

अध्यक्ष ने पदभार ग्रहण किया

अब नवनियुक्त अध्यक्ष को पदभार ग्रहण भी हो चुका है पर न तो अध्यक्ष ने और न महाप्रबंधक ने समय पर पुस्तक मुद्रण के बारे में कोई आदेश या निर्देश जारी नहीं किया है। लगता है नए शिक्षा सत्र में पुस्तक वितरण नहीं हो पाएगा।

साय सरकार मातृत्व योजनाओं के माध्यम से महिलाओं को बना रही है सबल : ज्योति

कुरूद/नवप्रदेश। महिला बाल विकास विभाग द्वारा पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम कुरूद मे आयोजित हुआ, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ज्योति भानु चन्द्राकर अध्यक्ष नगर पंचायत कुरूद एवं पार्षदगण राजकुमारी ध्रुव, कविता चन्द्राकर के विशिष्ट आतिथ्य में संपन्न हुआ, महिला बाल विकास विभाग कुरूद के अधिकारियों ने सुशासन सरकार द्वारा चलाये जा रहे मातृत्व योजनाओं को प्रत्येक महिलाओं तक पहुँचाने विविध आयोजन कर रहे है, मुख्य अतिथि ज्योति चन्द्राकर ने कहा हमारे मुख्यमंत्री मा.विष्णुदेव जी के नेतृत्व मे पुरे प्रदेश के माता बहनों को ऊपर उठाने के लिए महतारी वंदन से लेकर छोटे छोटे मातृत्व योजनाओं के माध्यम से महिलाओं को सबल बनाने का कार्य कर रही है ! स्वास्थ्य विभाग एवं महिला बाल विकास विभाग के निर्देशानुसार सुपोषण पखवाड़ा व सुपोषण चौपाल का आयोजन किया जा रहा है। बच्चो में कुपोषण एक गंभीर समस्या है। कुपोषण के

कारण बच्चों का शारिरिक, मानसिक व बौद्धिक विकास अवरुद्ध हो जाता है। जिसके कारण सम्पूर्ण जीवन प्रभावित हो जाता है। कुपोषण के सही आंकलन कुपोषण के रोकथाम व निदान तथा नौनिहालों के पोषण स्तर को परखने सुपोषण पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है।

सुपोषण पखवाड़ा के इसी कडी में गायत्री मंदिर रोड स्थित वार्ड क्रमांक -14 आंगनबाड़ी केन्द्र में सुपोषण पखवाड़ा का शुभारंभ वार्ड पार्षद मनीष साहू व हेमलाल साहू द्वारा किया गया। सुपोषण पखवाड़ा के अवसर पर पार्षद मनीष साहू ने माताओं को उचित पोषक आहार व समय समय पर स्वास्थ्य विभाग के निर्देशानुसार बच्चो को दी जाने वाली विटामिन व आयरन की खुराक देने व टीका लगवाने का आव्हान किया। एम टी माला यादव ने भी माताओं को पोषण के पांच सुनहरे 1000 दिवस, पौष्टिक आहार, डायरिया, एनीमिया प्रबंधन व स्वच्छता पर प्रकाश डालते हुएआवश्यक जानकारी प्रदान किया।

संभागायुक्त ने किया सहसपुर लोहारा तहसील का आकस्मिक निरीक्षण

कवर्धा। दुर्ग संभाग आयुक्त एस.एन. राठौर ने 19 अप्रैल 2025 को दोपहर 12 बजे सहसपुर लोहारा तहसील कार्यालय का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने तहसील न्यायालय में दर्ज प्रकरणों, लंबित मामलों तथा सुनवाई के लिए निर्धारित तैयार प्रकरणों की विस्तृत जानकारी ली। संभागायुक्त ने त्रुटि-सुधार संबंधित प्रकरणों की विशेष रूप से समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि ऐसे सभी मामलों में पक्षकारों को अनिवार्य रूप से नोटिस जारी किए जाएं, जिससे समयबद्ध रूप से सुनवाई एवं निराकरण सुनिश्चित किया जा सके।

सुशासन तिहार में प्राप्त आवेदनों का समय सीमा में करें निराकरण

समाधान शिविरों की आवश्यक तैयारियां करें सुनिश्चित

गरियाबंद /नवप्रदेश। कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सुशासन तिहार के संबंध में महत्वपूर्ण बैठक ली। उन्होंने बैठक में सुशासन तिहार के दौरान प्राप्त आवेदनों की ऑनलाइन एंट्री एवं मूल आवेदनों को संबंधित विभागों को प्रेषित करने के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर ने सभी आवेदनों की ऑनलाइन एंट्री सुनिश्चित करते हुए संबंधित विभागों को तय समय में आवेदन प्रेषित करने के निर्देश दिए। साथ ही सुशासन तिहार के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों का समय सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने एसडीएम एवं जनपद पंचायत के सीईओ को गंभीरता पूर्वक मॉनिटरिंग करते हुए आवेदनों के छंटनी एवं ऑनलाइन एंट्री तेजी से पूर्ण करवाने के निर्देश दिए। इसके लिए पर्याप्त संख्या में ऑपरेटरों के अलावा मॉनिटरिंग के लिए अधिकारी की भी ड्यूटी नियत करने के निर्देश दिए। उन्होंने आवेदनों की संख्या एवं प्रकृति को देखते हुए रणनीति बनाकर तेजी से आवेदनों को निराकृत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अधिकतर आवेदन प्रधानमंत्री आवास एवं शौचालय निर्माण से संबंधित है।

बैठक | *किसानों को फसल चक्र परिवर्तन के बारे में करें जागरूक*

किसानों के केसीसी प्रकरणों का करें त्वरित निराकरण

- उद्यानिकी, पशुपालन एवं मछली पालन से संबंधित आजीविका गतिविधियों में ग्रामीणों को करें संलग्न
- कलेक्टर अग्रवाल ने कृषि संबद्ध विभागों के समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

गरियाबंद/नवप्रदेश। कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने शनिवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन एवं मछली पालन विभागों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में सहकारी बैंक के शाखा प्रबंधक भी शामिल हुए। कलेक्टर ने कृषि संबद्ध विभागों द्वारा किसानों को केसीसी ऋण प्रदान करने बैंकों को प्रेषित आवेदनों को अनावश्यक लंबित नहीं रखने के निर्देश देते हुए प्राथमिकता में केसीसी प्रकरणों का निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को कहा की किसानों को शासकीय योजनाओं एवं ऋण सुविधाओं से लाभान्वित करने के लिए अधिक से अधिक किसानों का किसान क्रेडिट कार्ड बनाया जाए। जिससे उन्हें आर्थिक सहायता के अलावा खाद एवं बीज की भी सहायता शासकीय स्तर से प्राप्त हो सके। उन्होंने किसानों के केसीसी कार्ड बनवाने उन्हें जागरूक करने के लिए कृषक चौपाल एवं जागरूकता अभियान भी चलाने के निर्देश दिए। साथ ही मैदानी अमले को सक्रिय कर किसानों को विभागीय योजनाओं की जानकारी देने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने बैंक स्तर पर केसीसी के लंबित आवेदनों के रिजेक्शन की जानकारी लेते हुए आवेदन रिजेक्शन के संबंध में जांच के लिए समिति गठित करने के भी निर्देश दिए। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कृषि विभाग अंतर्गत पीएम किसान सम्मान निधि के पंजीयन के लिए लंबित आवेदनों की भी जानकारी ली। उन्होंने ऐसे आवेदन में आवश्यक दस्तावेजों की पूर्ति एवं त्रुटि सुधार कार्य कर तहसीलदार पटवारी से समन्वय कर पंजीयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही पीएम किसान ई केवाईसी, लैंड सीडिंग एवं आधार सीडिंग के कार्यों को भी पूर्ण करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री अग्रवाल ने विभागों को निर्देशित करते हुए कहा की सभी विभाग नवाचार के साथ कार्य करें। किसानों को योजनाओं का लाभ लेने प्रोत्साहित करें। साथ ही शासकीय जिम्मेदारियां को सक्रियता एवं गंभीरता के साथ निर्वहन करते हुए लंबित कार्यों को समय सीमा में निराकृत करें।

न्यूज गैलरी

बेटी बचाओ न्याय यात्रा में अध्यक्ष दीपक बैज होंगे शामिल

मुंगेली/नवप्रदेश। आगामी 20 अप्रैल को बेटी बचाओ न्याय यात्रा में छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज भी शामिल होंगे। उक्त जानकारी जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष घनश्याम वर्मा ने दी है। उन्होंने बताया कि यह यात्रा प्रदेश में बेटियों की सुरक्षा, सम्मान और न्याय के उद्देश्य से निकाली जा रही है, जिसमें श्री बैज की भागीदारी से अभियान को नई ऊर्जा और मजबूती मिलेगी।

8 वाहनों को अवैध खनिज परिवहन करते जब्त किया

मुंगेली/नवप्रदेश। खनिज विभाग द्वारा जिले में 17 अप्रैल को अवैध खनिज परिवहन पर बड़ी कार्रवाई की गई। कलेक्टर के निर्देशानुसार यह कार्रवाई की गई, जिसमें कुल 8 वाहनों को अवैध खनिज परिवहन करते हुए जब्त किया गया। इनमें से 05 वाहन रेत और 03 वाहन मुरुम का अवैध परिवहन कर रहे थे। सरगांव थाना क्षेत्र में जब्त किए गए 04 ट्रैक्टर सीजी 28 जे 0435 रेत, चालक राघवेंद्र राजपूत, सीजी 28 ई 3654 रेत, चालक रमेश साहू, महिन्द्रा सोल्ड रेत, चालक रवि कौशल, स्वराज सोल्ड रेत, चालक दादू लाल साहू। पथरिया थाना क्षेत्र में जब्त किए गए 04 हाइवा सीजी 04 एमएस 6680 मुरुम, चालक कृष्णा गेंडेले, सीजी 25 पी 2817 मुरुम, चालक द्वारिका बघेल, सीजी 25 जी 6409 मुरुम, चालक सूरज घृतलहरे, सीजी 28 एस 7809 रेत, चालक चेतन लहरे। खनिज विभाग की यह कार्रवाई क्षेत्र में अवैध खनन एवं परिवहन पर रोक लगाने की दिशा में एक सख्त कदम माना जा रहा है। सभी जब्त वाहनों को संबंधित थानों में रखा गया है एवं आगे की जांच प्रक्रिया जारी है।

निधन : चंद्रकुंवर राजपूत

मुंगेली/नवप्रदेश। प्रतिष्ठित दवा व्यवसायी, पूर्व पार्षद नरेंद्र राजपूत की मां चंद्रकुंवर पति स्व. वृंदावन सिंह राजपूत का 87 वर्ष में आज सुबह निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 19 अप्रैल को बनारस में होगा।

चौपल प्रार्थना भवन में विश्व शांति और आपसी प्रेम भाईचारा के लिए विशेष प्रार्थना की गई

जिले के गिरजाघरों, प्रार्थना भवन में गुड फ्राइडे की हुई विशेष आराधना

मुंगेली/नवप्रदेश। जिले के सभी गिरजाघरों, प्रार्थना भवन में गुड फ्राइडे की विशेष आराधना हुई। जिले के डिसाईपल्स चर्च आफ क्राइस्ट सी.आफसी. सीएनआई चर्च की कलीसिया द्वारा मिशन अस्पताल परिसर स्थित चौपल प्रार्थना भवन में दोपहर 12 बजे से प्रभु यीशु मसीह के बलिदान को याद करते क्रूस पर कहे 7 वचनों का प्रचार मनन प्रार्थना गीतों के साथ किया गया। जहां बड़ी संख्या में मसीही लोग उपस्थित रहे।

पास्टर लॉरेंस राज की अगुवाई में कलीसिया के सभी मसीही लोगों के घर बीते 40 दिनों तक उपवास और प्रार्थना के साथ प्रभु यीशु के वचनों का प्रचार किया गया था। जहां मुख्य पुनरुथान पर्व से पहले आज समस्त मानव जाति के पापों के छुटकारे के लिए मसीह यीशु के क्रूस पर हुए बलिदान को याद किया गया। जिसे शुभ शुक्रवार गुड फ्राइडे के रूप में मनाया गया। चौपल प्रार्थना भवन में विश्व शांति और आपसी प्रेम भाईचारा के लिए विशेष प्रार्थना की गई।

जहां सौहार्दपूर्ण गुड फ्राइडे को मनाते हुए मसीही समाज के उपस्थित समस्त भाई बहनों ने मिलकर पूरे भारत देश वासियों के लिए आपसी प्रेम भाईचारा और विश्व में शांति हेतु उपवास के साथ प्रार्थना की। पुनरुथान पर्व से पहले गुड फ्राइडे की विशेष आराधना पर क्रूस पर से प्रभु यीशु मसीह द्वारा बोले गए 7 वाणियों पर कलीसिया से चुने गए सदस्य

क्रमशः पहली वाणी श्वेता राज, दूसरी वाणी ज्योति लाल, तीसरी वाणी कुमारी कृति मोजेस, चौथी वाणी वीरेंद्र जगत, पांचवीं वाणी चांदनी मसीह, छठवीं वाणी सुनीता डेविड लाल, सातवीं वाणी पास्टर लॉरेंस राज, सभी वचनों पर प्रकाश डालने बोलने का अवसर प्राप्त हुआ। जहां प्रत्येक वाणी के अंतराल में जवानों और कलीसिया के सदस्यों द्वारा विशेष प्रार्थना गीत गाया गया। पास्टर लॉरेंस राज ने बताया कि गुड फ्राइडे मसीही धर्म में महत्वपूर्ण दिन है। इस दिन समस्त मानव जाति के पापों की क्षमा के लिए मसीह यीशु बलिदान हुए उनके इस असीम प्रेम बलिदान को पुनरुथान पर्व से पहले याद किया जाता है। सही गई उनकी पीड़ाओं को महसूस करते हुए हम अपने किए गए गुनाह पाप से फिरकर प्रायश्चित पश्चाताप को खुद में उत्पन्न होता देखते हैं। विश्व के सभी चर्च में गुड फ्राइडे पर विशेष प्रार्थना सभाएं आयोजित की जाती है। जहां क्रूस पर प्रभु यीशु मसीह के सात वाणी को प्रार्थना के साथ प्रचार किया जाता है। गुड फ्राइडे के दिन चर्च में विशेष प्रार्थना सभाएं आयोजित की जाती हैं। कलीसिया के वरिष्ठ सदस्य डॉ. नवनीत राज सैमुएल ने बताया कि गुड फ्राइडे के दिन ही प्रभु ईसा मसीह को सूली क्रूस पर चढ़ाया गया था। प्रभु यीशु क्रूस की मृत्यु सहते हुए क्रूस पर से ही सात वचनों को कहे थे उन्हीं वाणी पर मसीही जन आज प्रार्थना के साथ मनन करने उपस्थित हुए हैं। प्रभु यीशु मसीह क्रूस की मृत्यु के साथ ही दुनिया के सारे पाप अपने ऊपर ले लिए थे समस्त मानव जाति को पापों से छुटकारा उन्होंने अपने प्राण दे कर पाप के बंधनों से स्वतंत्र कर दिया। सीएनआई कमिटी के सचिव संदीप लाल ने बताया कि आज के दिन प्रभु के सात वचनो का मनन किया गया। सभी अपने जाने और अनजाने में किए गए गुनाह पाप अपराध को उस क्रूस में मसीह यीशु के बहते हुए रक्त में पाक और पवित्र करने हेतु प्रार्थना में प्रभु यीशु को याद किए और उस धन्य आशा में जिसे हमारे प्रभु यीशु ने मृत्यु को हराकर तीसरे दिन जीवित होकर हमे अनंत जीवन का वारिस बनाया न्योता दिया। उसे रविवार के दिन सुबह पुनरुत्थान पर्व को मनाने अति उत्साहित हैं जिसकी तैयारियां सभी कलीसिया के सदस्य मिलकर कर रहे हैं।

तालाब-नदी, कुएं सूखे, हैंडपंप व बोर खनन का जल स्तर गिरते जा रहा

भीषण गर्मी के साथ पेयजल की गंभीर समस्या से लोगों की परेशानियां बढ़ी

मुंगेली/नवप्रदेश। ग्राम पंचायत सेतगंगा में इन दिनों भीषण गर्मी के साथ-साथ पेयजल की गंभीर समस्या से लोगों की परेशानियां बढ़ा दी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जैसे जैसे गर्मी तेज हो रही है, वैसे-वैसे परिक्षेत्र में पानी की किल्लत गंभीर रूप लेती जा रही है। तालाब नदी, कुआं, डबरी, कुंड सूखने लगी है वहीं हैंड पंप व बोर खनन का जल स्तर गिरते जा रहा है। लोगों के सामने पेयजल गंभीर होते जा रही है।

जनश्रुति अनुसार कालांतर में यहां जल श्रोत ऊपरी सतह पर होने के कारण तथा उसकी निर्मलता एवं पवित्रता के कारण मां गंगा के समान मानकर तपस्वी, साधकों ने श्वेतगंगा रखा होगा। जन मान्यता है कि बाजार क्षेत्र में स्थित मौत की कुआं व श्रीराम जानकी मंदिर के पास कुंड में जल श्रोत अधिकता होने के कारण कई बोरी सीमेंट डाल कर जल स्रोत बंद किया था। लेकिन



इन दिनों यहां पेय जल की समस्या विकराल रूप ले रही है। ग्राम में एक तालाब, एक कुंड, टेसुआ नदी और लगभग दस कुआं था जो लगभग अपनी अस्तित्व खोने के कगार पर है सोनारिन तालाब में पानी गंदगी व आसपास के लोगों के द्वारा कचरा डाल देने और जल कुंभी उग आने के कारण पानी उपयोग लायक नहीं है। शासन प्रशासन की ओर से वर्षा की पानी को तालाब और नदी में संरक्षित करने का कोई प्रयास नहीं किया जाता और तालाबों का नियमित साफ-सफाई नहीं की जाती।

परिणाम स्वरूप लोगों को पानी की समस्या से जूझना पड़ रहा है। ग्रामीण कन्हैया गुप्ता धन प्रसाद, खेदूराम ने बताया कि ग्राम पंचायत परिक्षेत्र में लगभग 400 घरों में नल जल योजना के तहत नल कनेक्शन की गई है जिसकी स्थिति दयनीय है। ठेकेदार की लापरवाही और विभागीय अधिकारी की उदासीनता के कारण लोग परेशान हैं। वहीं वार्ड क्रमांक एक, दो, पांच, छह सात और तेरह और पंद्रह में पेयजल की गंभीर समस्या बनी हुई है।

सेंट्रल बैंक में कर्मचारियों की असुविधा से खातेदारों में नाराजगी

लखनपुर/नवप्रदेश। लखनपुर स्थित सेंट्रल बैंक की शाखा में कर्मचारियों के रूखे व्यवहार से खातेदार बेहद परेशान हैं। शासकीय कर्मचारी, किसान, पेंशनधारी और आम बैंक उपभोक्ता अपने जमा पैसे या शासन द्वारा जारी राशि के आहरण के लिए बैंक में घंटों तक इंतजार कर रहे हैं।

समय सीमा में खाता नहीं खोले जाने के कारण उपभोक्ताओं को कई बार बैंक के चक्कर लगाने पड़ते हैं। नए खाताधारकों को पासबुक प्रदान करने में भी बैंक कर्मचारियों को परेशानी होती है। कैशियर का अभद्र व्यवहार और हिटलर शाही से खाताधारी असंतुष्ट हैं। आरोप है कि ग्राहकों को घंटों लाइन में खड़ा कर दिया जाता है और पासबुक एंट्री के लिए मशीने खराब होने का बहाना बनाया जाता है। इस अव्यवस्था के चलते खातेदार बैंक के प्रति असंतोष महसूस कर रहे हैं। बैंक के एटीएम में कैश की कमी के कारण उपभोक्ता सही तरीके से लाभ नहीं उठा पा रहे हैं। बैंक प्रबंधक द्वारा इस प्रकार की समस्याओं पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है, जिससे खातेदार दूसरे बैंकों के एटीएम का सहारा लेने को मजबूर हो रहे हैं। बुजुर्ग महिलाएं और पुरुष काउंटर में 11ः00 बजे से अपना पैसा निकालने के लिए दो-तीन बजे तक इंतजार करते दिखाई देते हैं।खाताधारकों को आवश्यकता के अनुसार पूरा पैसा नहीं मिल रहा, जिसके चलते कई लोग अपने खाते बंद कराने पर मजबूर हो गए हैं। बैंक में बैठने और पीने के पानी जैसी बुनियादी सुविधाओं का भी अभाव है, जिससे आम उपभोक्ताओं को गर्मी में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सेंट्रल बैंक के शाखा प्रबंधक आलोक बेक के अनुसार, ÷हम अपने कैशियर पर ज्यादा दबाव नहीं डाल सकते। बैंक में भीड़भाड़ रहने के कारण ये दिक्कतें उत्पन्न हो रही हैं। जल्द ही इन्हें सुधार लिया जाएगा। हालांकि, खातेदारों ने बैंक प्रबंधन के इस तर्क को नाकाफी बताया है और बेहतर सेवाओं की मांग की है। इस समस्या के समाधान के लिए बैंक प्रशासन द्वारा जल्द ही ठोस कदम उठाए जाने की आवश्यकता है ताकि खातेदारों को आवश्यक सुविधाएं मिल सकें।

नए एट्रिब्यूटर्स पर परिचर्चा का आयोजन

मुंगेली/नवप्रदेश। शासकीय कन्या महाविद्यालय में नैक मूल्यांकन से संबंधित नए एट्रिब्यूटर्स पर परिचर्चा का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में प्राचार्य शासकीय महाविद्यालय सीपत डॉ. आरएस खेर, प्राचार्य शबरी माता नवीन कन्या महाविद्यालय बिलासपुर डॉ. केके भंडारी, प्राचार्य शासकीय महाविद्यालय अकलतरा डॉ. मनेंद्र मेहता एवं सहायक प्राध्यापक बिलासा कन्या महाविद्यालय बिलासपुर डॉ. किरण ठाकुर रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. प्राची सिंह ने की। अपने उद्बोधन में डॉ. आरएस खेर ने नैक के पुराने तथा नए नियमों के बीच क्या अंतर है इसके संबंध में विशेष जानकारी प्रदान की। डॉ. भंडारी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रत्येक महाविद्यालय को अपने उपलब्ध संसाधनों के साथ नैक का मूल्यांकन कराकर ग्रेडिंग हासिल करना चाहिए। डॉ. मनेंद्र मेहता ने बताया कि नैक के दृष्टिकोण से संस्था के समस्त प्राध्यापकों को शोध एवं अनुसंधान पर अपना ध्यान केंद्रित करना चाहिए, जिससे महाविद्यालय के छात्राओं को लाभ मिल सके, साथ ही नैक की ग्रेडिंग अच्छी हो सके। डॉ. किरण ठाकुर ने पूर्व में अपनी संस्था में नैक के समय किए जाने वाले गतिविधियों एवं कार्यों में ध्यान देने योग्य बातों को विस्तार पूर्वक रखा। कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय के प्राचार्या के द्वारा अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

कार्यक्रम के संयोजक आर. के. घोसले ने आभार प्रदर्शन किया, संचालन प्रो. जितेंद्र कुमार शर्मा के द्वारा किया गया। महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक मदनलाल कश्यप, प्रेमा कुजूर, सुरेंद्र कुमार तिग्गा एवं समस्त अतिथि प्राध्यापक एवं कार्यालय कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में महाविद्यालय की छात्राएं उपस्थित रही।

एक ही परिवार के दो पक्षों में मारपीट, मामला दर्ज

लखनपुर/नवप्रदेश। थाना क्षेत्र के ग्राम लटोरी में एक ही परिवार के दो पक्षों के बीच हुये मारपीट में पुलिस ने काउंटर अपराध पंजीबद्ध किया है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक कुलवंत राम पिता स्व दसई राम 65 वर्ष साकिन ग्राम लटोरी ने 18 अप्रैल को थाना उपस्थित आकर देवप्रसाद राजवाड़े तथा फलेन्द्र राजवाड़े के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराया है। उसका कहना है कि दोनों आरोपी उसके साथ बेवजह मारपीट किए है जिससे शारीरिक रूप से चोटें आई हैं। वहीं इसी मामले में देवप्रसाद राजवाड़े पिता स्व बेचूं राम उम्र 42 वर्ष निवासी लटोरी ने कुलवंत राम तथा उसके पुत्र राम बली पत्नी गोरसमति के खिलाफ मारपीट किये जाने का रिपोर्ट दर्ज कराया है।

विकासखंड पेंड्रा में हुई कुकिंग प्रतियोगिता

पेंड्रा/नवप्रदेश। विकास खंड शिक्षा अधिकारी आर एन चंद्रा जी और विकास खंड स्रोत समन्वयक आर के बघेल जी के मार्गदर्शन में प्रधान मंत्री पोषण शक्ति योजना अंतर्गत विकास खंड स्तरीय कुकिंग प्रतियोगिता आयोजित किया गया जिसमें रसोइया द्वारा चावल , दाल सब्जी , आचार, पापड़ तथा सलाद और स्थानीय हरा सब्जी मीनू में शामिल किया गया जिसमे निर्णायक मंडल द्वारा निरीक्षण कर स्वच्छता ,प्रस्तुतिकरण , भोजन की गुणवत्ता और स्वाद को चेक किया गया जिसमे प्रथम स्थान प्राथमिक शाला कुडकई से मां नर्मदा स्व सहायता समूह के रसोइया रामेश्वरी और रामकुवर ,द्वितीय स्थान माध्यमिक शाला

बालक नवागांव से जय मां काली स्व सहायता समूह के रसोइया चंद्रकला , चंपाबाई तृतीय स्थान पर प्राथमिक शाला भाड़ी मां महामाया स्व सहायता समूह के रसोइया देव सिंह ,सरिता ओट्टी चतुर्थ स्थान सेजेस अंग्रेंजी माध्यम पेंड्रा से ओम साईं स्व सहायता समूह से रसोइया यशोदा बैगा और ललिता रजक पंचम स्थान पर प्राथमिक शाला कोटमी कला मां लक्ष्मी स्व सहायता समूह से मानकुंवर रही जिसमे विकास खंड पेंड्रा की ओर से प्रथम पुरस्कार 3000रू द्वितीय पुरस्कार 2000रू तृतीय स्थान 1000 रू तथा चतुर्थ और पंचम स्थान वाले को 500-500 रू नगद दिया गया विकास खंड शिक्षा अधिकारी ने अपने उद्बोधन में सभी को अपने शाला में गुणवत्ता युक्त स्वच्छता आधारित पौष्टिक भोजन बच्चो को देने के लिए प्रेरित किए शासन के महत्त्वाकांक्षी पोषण शक्ति योजना अंतर्गत न्योता भोजन को बढ़ावा देने हेतु प्रेरित किए, आज के कुकिंग प्रतियोगिता में बीईओ और बीआरसी के समस्त स्टाफ,निर्णायक मंडलऔर सी ए सी उपस्थित रहे सभी ने रसोइया के द्वारा तैयार किए गए।

फलों के दाम आसमान छू रहे, आम की बिक्री में कमी

मुंगेली/नवप्रदेश। फलों का राजा आम अभी खास बना हुआ है। गर्मी में आम की आवक शुरू हो गई है पर महंगाई के चलते सीमित लोग ही इसकी खरीदारी कर रहे हैं। क्षेत्र के फुटकर मार्केट में आम 70 से 120 रुपए किलो तक बिक रहा है। फल विक्रेताओं की मानें तो माह भर बाद ही इसके दाम कम होंगे। इधर आचार के लिए कच्चा आम भी 20 से 30 रुपए प्रति किलो बिक रहा है जिससे गरीब वर्ग के लोग इसे लेने से अभी परहेज कर रहे हैं। जानकारों के अनुसार पिछले वर्ष की तुलना में इस बार आम

की फसल को बेमौसम बारिश व आंधी-तूफान से काफी नुकसान पहुंचा है। इससे आम की पैदावार कम हुई है। फसल कम होने का असर इसके दाम पर दिख रहा है। फल विक्रेता कहते हैं कि आमतौर पर अप्रैल माह में आम की कीमत 40 से 50 रुपए तक रहती है, लेकिन इस साल अभी इसकी आवक शुरू हुई है। शुरूआती चरण में आवक कम होने से इसकी कीमत बढ़ी हुई है। आवक कम होने पर इसका स्पष्ट असर रेट पर पड़ता है। गर्मी के सीजन में फलों के दाम दोगुने से तिगुने हो जाते हैं। रही-सही कसर आंधी-तूफान और बेमौसम बारिश ने पूरी कर देती है। आंधी की वजह से आम पेड़ों से गिर गए। अन्य फलों के भी बढ़े भाव- अंगूर समेत अन्य फलों के दाम भी गर्मी में बढ़ गए हैं। आवक कम होने से मार्केट में अंगूर 90 से 100 रुपए किलो के भाव से बिक रहा है। केले का भाव 40-60 रुपए दर्जन तक है। संतरा 80 से 90 रुपए किलो, सेब 180 से 200 रुपए किलो, अनार 160 रुपए किलो के भाव से बिक रहा है। फल विक्रेताओं ने बताया कि फल का मार्केट पूरी तरह बाहरी आवक पर टिका हुआ है।

अभियान | प्रदेश में जरूरतमंद परिवारों को पक्का मकान बनाने का सपना सीएम साय के नेतृत्व में हो रहा साकार

हितग्राहियों में आवास प्लस सर्वे को लेकर दिखा उत्साह

लखनपुर/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत आवास प्लस 2.0 सर्वेक्षण विशेष पखवाड़ा मोर द्वार - -साय सरकार अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत प्रदेश में जरूरतमंद परिवारों को पक्का मकान बनाने का सपना मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में साकार होने जा रही है।

15 अप्रेल 2025 से प्रदेश व्यापी मोर दुआर -साय सरकार÷ अभियान के अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास का सर्वे प्रारंभ हो चुका है। जो 30 अप्रैल तक चलेगा। सरकार द्वारा चलाये जा रहे इस मुहिम को लेकर ग्रामीण इलाकों के लोगों में जबरदस्त उत्साह देखी जा रही है। लखनपुर ब्लाक क्षेत्र के ग्राम पंचायत परसोडी कला पंचायत भवन में जन चौपाल लगाकर कर जिला पंचायत सदस्य विजय अग्रवाल ने प्रधानमंत्री आवास सर्वे प्लस सर्वेक्षण के बारे में चर्चा किये तथा पात्र हितग्राहियों को सम्मानित किया। साथ ही मोर द्वार -साय सरकार अभियान के संदर्भ में विस्तृत जानकारी दी।

उन्होंने अपने संबोधन में कहा गरीबों को शासन के ओर से रहने के लिए आवास योजना के तहत मकान दिये जा रहे है ,और इस योजना का लाभ रह किसी जरूरतमंद को मिले यह हमारी सोच होनी चाहिए। उन्होंने सम्बंधित विभागीय जिम्मेदारो को

तथा आवास मित्रों को ताकिद किया कि हितग्राहियों के साथ भेदभाव न करें तथा आवास निर्माण में किसी भी तरह की लापरवाही ना बरतें । शिकायत होने दोषियों पर सख्त कार्रवाही की जायेगी।आवास हितग्राहीयो ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार प्रकट किया। जिला पंचायत सदस्य अग्रवाल ने आगे कहा मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सुशासन काल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की एक और गारंटी पूरी हो रही है। मोर दुआर -साय सरकार, पखवाड़ा के तहत गांव-गांव में प्रधानमंत्री आवास प्लस का सर्वे किया जा रहा है ताकि कोई भी पात्र परिवार पक्के मकान से वंचित न रहे। उन्होंने सभी ग्रामीणों से अपील किया कि वे इस अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लें। और प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ उठाते हुए पक्का मकान बनाएं।

जन चौपाल में सुरेन्द्र साहू, पूर्व जंप अध्यक्ष श्रीमती राम कुमारी सिंह,पसिन्दर राजवाड़े जंप सीईओ वेदप्रकाश पांडेय करीब 2 सौ से अधिक आवास हितग्राही तथा पंचायत वासी काफी संख्या में उपस्थित रहे ।

11वीं-12वीं के छात्रों को 10 दिवसीय इंटर्नशिप कराया

लखनपुर/नवप्रदेश। लखनपुर में नवीन व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत संचालित व्यावसायिक ट्रेड ऑटोमोबाइल और आईटी में अध्ययनरत 11वीं एवं 12वीं के छात्रों को 10 दिवसीय इंटर्नशिप कराया गया इंटर्नशिप कराये जाने का मकसद विद्यार्थियों को ऑटोमोबाइल और आईटी क्षेत्र में प्रायोगिक ज्ञान, तथा कार्य प्रणाली को बेहतर ढंग से समझने का अवसर देना है। यह इंटर्नशिप लखनपुर के प्रतिष्ठित जय महाकाल ऑटो सेंटर तथा महामाया कंप्यूटर इंस्टीट्यूट में कराया गया । ऑटोमोबाइल तथा आईटी ट्रेड के व्यावसायिक प्रशिक्षक सुनील कुमार साहू तथा बेबी अफरोज ने बताया- इस इंटर्नशिप में 11वीं एवं 12वीं कक्षा के 96 विद्यार्थी शामिल है जिसमें ऑटोमोबाइल 46 छात्र तथा आईटी के 50 छात्र है इंटर्नशिप के बाद विद्यार्थियों को विद्यालय स्तर पर प्रमाण पत्र भी उपलब्ध कराया गया । विद्यालय के प्राचार्य श ऋषिकुमार पांडेय के मार्गदर्शन में ऑटोमोबाइल तथा आईटी के छात्रों को सैद्धांतिक के साथ-साथ प्रैक्टिकल ज्ञान के लिए समय-समय पर औद्योगिक भ्रमण, अतिथि व्याख्यान, ऑन जॉब ट्रेनिंग एवं इंटर्नशिप कराया गया ।

गर्मी बढ़ते ही देशी फ्रीज की बढ़ी मांग, 120 से 8 सौ रुपए तक मटके बाजार में उपलब्ध

अक्षय तृतीया तक मटके की खरीदारी में दिखेगी बढ़ोतरी, मिट्टी के बर्तनों का बढ़ा उपयोग

बिलासपुर/नवप्रदेश। गर्मी बढ़ते ही बाजार में इन दिनों देशी फ्रीज मिट्टी के मटके की मांग बढ़ गई है। बाजार में सौ रुपए से लेकर आठ सौ रुपए तक के मटके उपलब्ध हैं। वर्तमान समय में पानी को ठंडा रखने के लिए कई तरह के विकल्प मौजूद हैं। इसके बावजूद मिट्टी के मटके की मांग बनी हुई है।



मिट्टी के सामानों के विक्रेता मुकेश मानिकपुरी ने बताया कि बढ़ते गर्मी के साथ ही मटके और सुराही की मांग बढ़ रही है। अक्षय तृतीया तक इनकी मांग बनी रहेगी। उसके बाद बिक्री में कमी आती है। श्री मानिकपुरी ने बताया कि बीस साल से उनका परिवार इस व्यवसाय से जुड़ा हुआ है। बदलते परिवेश के साथ इन दिनों मिट्टी के बर्तनों की मांग भी बढ़ गई है। लोग अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरुक हैं। मिट्टी के तवे, कढ़ाई, गिलास, जग, बॉटल, हॉटपॉट की बिक्री भी काफी बढ़ गई है। लोगों के बीच में ऐसी धारणा है कि चंदिया का घड़ा ज्यादा ठंडा पानी करता है, लेकिन ऐसा नहीं है कि मिट्टी के बने किसी भी पात्र में पानी रखने से ठंडकता बनी रहती है। बाजार में सामान्य मटके 120 से 190 रुपए, नल लगे मटके 140 से 220 रुपए, राजस्थानी घड़ा 450 से 850 रुपए, बॉटल 170 रुपए से 270 रुपए तक उपलब्ध है। राजस्थानी घड़े बाहर से मंगवाए जाते हैं, जिसका किराया 80 से 90 हजार रुपए होता है इसलिए इनकी कीमत ज्यादा है। दुकानदार ने बताया कि निर्धारित जगह नहीं मिलने की वजह से व्यवसाय करने में उन्हें दिक्कत होती है। छत्तीसगढ़ में जन्म, मरनी, शादी सहित सभी परंपरा में मिट्टी के बर्तनों का उपयोग किया जाता है। इसके बाद भी सरकार से हमें किसी तरह की सहायता या निर्धारित स्थान नहीं मिलने की वजह से दिक्कतें होती हैं।

मिट्टी के बर्तनों की बढ़ी मांग

दुकानदार ने बताया कि राजस्थानी घड़े अपनी चिकनाहट और उसमें की गई कारीगरी की वजह से पसंद किया जा रहा है। महंगा होने के बावजूद उसकी बिक्री बनी हुई है। इसके साथ ही मिट्टी के बर्तनों की बिक्री पिछले दो-तीन सालों से बढ़ गई है। ग्राहक रसोई में काम आने वाले ज्यादातर बर्तन जो मिट्टी से बने उपलब्ध हैं उनकी खरीदारी कर रहे हैं। लोगों में स्वास्थ्य के प्रति जागरुकता इसकी वजह है। दाल, चावल बनाने के लिए मिट्टी के कुकर या हांडी की मांग कर रहे हैं। पानी रखने के लिए मिट्टी के बॉटल का चलन बढ़ा हुआ है। कामकाजी सहित कॉलेज के बच्चे भी बॉटल की जमकर खरीदारी कर रहे हैं।

90 से 160 रुपए की कीमत पर मिल रही सुराही

मिट्टी की सुराही 90 से 160 रुपए की कीमत तक बाजार में उपलब्ध है। दुकानदार ने बताया कि मटके की तुलना में सुराही की बिक्री में थोड़ी कमी है जिसकी वजह इसमें पानी निकालने में होने वाली असुविधा है। बड़े बुजुर्ग सुराही को लेना ज्यादा पसंद कर रहे हैं। विविध तरह की सजावट वाली सुराही भी बाजार में उपलब्ध है।

न्यूज गैलरी

कॉलेज के शैक्षणिक परिसर का कमर्शियल उपयोग, हाईकोर्ट ने मांगा जवाब

बिलासपुर/नवप्रदेश। सीएमडी कालेज के सामने रहने वाले अब्दुल जुनैद ने अपने अधिवक्ता अब्दुल वहाब खान के जरिए हाईकोर्ट में याचिका दायर कर सीएमडी कालेज प्रबंधन द्वारा कालेज के मैदान का व्यवसायिक उपयोग करने की शिकायत की है। याचिकाकर्ता ने अपनी याचिका में कहा है कि शैक्षणिक परिसर को कालेज प्रबंधन ने व्यवसायिक अड्डा बना दिया है। ऐसा कोई दिन और महीना नहीं जब यहां कार्यक्रम नहीं होते। कानफोड़ू आवाज के कारण लोगों का रहना मुश्किल हो गया है। मामले की सुनवाई करते हुए हाई कोर्ट ने सीएमडी कालेज प्रबंधन के अलावा कलेक्टर व एसपी को नोटिस जारी कर जवाब पेश करने का निर्देश दिया है। याचिकाकर्ता ने अपनी याचिका में कहा है कि उनका निवास घर सीएमडी कॉलेज के सामने ही स्थित है। जहां पर उनका पूरा परिवार निवास करता है। निवास के ठीक सामने सीएमडी कॉलेज का मैदान स्थित है। जिस मैदान पर कॉलेज के खेल व अन्य शैक्षणिक गतिविधियों के अतिरिक्त 12 महीने सीएमडी कॉलेज शिक्षण एवं प्रशासी समिति के द्वारा व्यवसायिक आयोजन करवाए जाते हैं। जिसमें विभिन्न प्रकार की प्रदर्शनी वग़ैरह भी शामिल है। आयोजन के दौरान बड़े-बड़े लाउडस्पीकर का उपयोग किया जाता है।

हाईकोर्ट ने सजायाफ्ता कर्मचारियों को लेकर सुनाया महत्वपूर्ण फैसला

अपराध में संलिप्त कर्मचारी पिछला वेतन लेने का हकदार नहीं: हाईकोर्ट

बिलासपुर/नवप्रदेश। हाईकोर्ट ने अपने एक महत्वपूर्ण फैसले में किसी अपराध में कोर्ट से सजा सुनाने और जेल में बंद रहने के बाद अदालत से दोषमुक्त होने की स्थिति के बाद भी ऐसे कर्मचारी पिछला वेतन पाने का हकदार नहीं होगा। इस महत्वपूर्ण टिप्पणी के साथ जस्टिस बीडी गुरु के सिंगल बेंच ने बिजली कंपनी के एक रिटायर कर्मचारी की याचिका को खारिज कर दिया है।

घुसखोरी के आरोप में एसीबी ने कार्रवाई करते हुए स्पेशल कोर्ट में चालान पेश किया था। स्पेशल कोर्ट ने याचिकाकर्ता कर्मचारी को घुसखोरी में संलिप्तता के आरोप में सजा सुनाया था। याचिकाकर्ता राम प्रसाद नायक की वर्ष 1977 में विद्युत मंडल में नियुक्ति हुई थी। इसके बाद, उन्हें वर्ष 1995 में पर्यवेक्षक (सिविल) के पद पर पदोन्नत किया गया। मनसुख लाल ने भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, रायपुर में अतिरिक्त अधीक्षण अभियंता और उसके खिलाफ रिश्वत मांगने की शिकायत की थी। एसीबी ने भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 की धारा 7, 13 (1) (डी), 13 (2) के तहत एफआईआर दर्ज किया था। एफआईआर दर्ज होने के कारण उसे 12.10.2007 को आदेश जारी कर निलंबित कर। ट्रायल 3 साल की अवधि के भीतर समाप्त नहीं किया जा सका, इसलिए 04.09.2010 को एक आदेश जारी कर निलंबन को रद्द कर दिया गया। इस बीच, सुनवाई पूरी होने के बाद याचिकाकर्ता को विशेष न्यायाधीश (भ्रष्टाचार निवारण) की अदालत ने दोषी करार दिया है। ज्वाइनिंग के बाद याचिकाकर्ता ने पिछले वेतन की मांग करते हुए अभ्यावेदन पेश किया। कंपनी ने अभ्यावेदन को खारिज करते हुए पिछला वेतन देने से इंकार कर दिया। मामले की सुनवाई जस्टिस बीडी गुरु के सिंगल बेंच में हुई।

एसीबी कोर्ट के फैसले को हाईकोर्ट में दी चुनौती

एसीबी कोर्ट के फैसले को याचिकाकर्ता ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर चुनौती दी थी। याचिका के अनुसार एसीबी कोर्ट के फैसल के आधार पर बिजली कंपनी ने उसकी सेवा समाप्ति का आदेश जारी कर दिया है। मामले की सुनवाई के बाद कोर्ट ने 8 मई 2020 को आदेश जारी कर याचिकाकर्ता को आरोपों से बरी कर दिया। हाई कोर्ट के फैसले के बाद बिजली कंपनी ने याचिकाकर्ता को 31.8.2018 को सेवा से वापस ले लिया। याचिकाकर्ता ने कंपनी में ज्वाइनिंग भी कर ली।

विधायक अटल ने कोटा क्षेत्र में करोड़ों के विकास कार्यों का किया भूमिपूजन

■ **ग्राम लालपुर में आवास प्लस 2.0 का किया सर्वेक्षण**

कोटा/नवप्रदेश। कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव विधानसभा क्षेत्र के दौरे पर रहे ग्राम करवा में जनमन योजना के तहत मिट्ठू नवागांव से बैगापारा पहुंच मार्ग पक्की सड़क निर्माण लागत 117.91 लाख का भूमि पूजन कर सड़क का सौगात दिया वही ग्राम टेंगनमाड़ा में जल प्रदाय योजना के अंतर्गत पानी टंकी निर्माण एवं पाईप लाईन विस्तार लागत 71.35 लाख रूपये का भूमि पूजन किया।

ग्राम लालपुर में आयोजित आवास योजना की समीक्षा एवं सर्वेक्षण में शामिल हुए ग्राम लालपुर की हितग्राही शिवकुमारी राजपुत का एप्प के माध्यम से सर्वे किया। विधानसभा में आवास निर्माण की वास्तविक जानकारी प्राप्त की एवं स्वीकृत आवास के निर्माण पर जल्दी कार्यवाही करने हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया। अटल श्रीवास्तव ने कहा कि सभी पात्र हितग्राहियों का आवास आवश्यक रूप से मिलना चाहिए कोई भी पात्र हितग्राही आवास योजना से वंचित न रहे। विधायक अटल श्रीवास्तव ने कहा कि कोटा विधानसभा क्षेत्र में चल रहे समस्त शासकीय योजनाओं के विकास कार्यो को गुणवत्ता पूर्वक एवं समय सीमा पर पूर्ण करने का ध्यान रखते हुए अधिकारियों को काम करना होगा। वर्तमान में क्षेत्र में पीने के पानी एवं निस्तारी हेतु जल संकट दिखाई दे रहा है सरपंच जनपद सदस्य एवं कांग्रेस के कार्यकर्ता लगातार जल संकट की जानकारी प्रदान कर रहे।

चापड़ लेकर मारपीट करने वाले नाबालिग सहित 6 आरोपी गिरफ्तार

बिलासपुर/नवप्रदेश। लोहे का चापड़ लेकर मारपीट करने व गांव का माहौल खराब करने वाले 6 आरोपियों को कोनी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों को सीसीटीवी फुटेज के आधार पर गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। पुलिस के अनुसार सुमित कुमार वर्मा साकिन जलसो थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया की 14 मार्च की दोपहर 3 बजे होली के दिन गोपी वर्मा, मोनू वर्मा, चंदर वर्मा, प्रखर वर्मा, किशन वर्मा एवं विधि से संघर्षरत बालक ने गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देकर लोहे के छूरी से मारपीट कर चोट पहुंचाये है तथा घर के दरवाजे, खिड़की, सीसीटीवी कैमरा को ईट, पत्थर, लाठी से तोड़फोड़ किए हैं। प्रार्थी के रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया। घटना के बाद से ग्राम जलसों का माहौल खराब था, रिपोर्ट के बाद से आरोपीगणों की लगातार पतासाजी किया जा रहा था, सीसीटीवी फुटेज भी देखा गया। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान कर आरोपीगण गोपी वर्मा पिता लाल वर्मा उम्र 22 साल मोनू वर्मा पिता दाऊराम वर्मा उम्र 23 साल चंदर वर्मा उर्फ टोबो पिता दिलहरण वर्मा उम्र 19 साल प्रखर वर्मा उर्फ राका वर्मा पिता सीताराम वर्मा उम्र 23 साल किशन वर्मा पिता श्री लाल वर्मा उम्र 26 साल सकिनान जलसों थाना कोनी जिला बिलासपुर को अभिरक्षा में लेकर एवं एक विधि से संघर्ष बालक को निरुद्ध में लेकर पूछताछ किया गया है। उक्त घटना कारित करना स्वीकार करने पर घटना में प्रयुक्त लोहे का चापड़, चाकू, ईंट, पत्थर, लाठी को पेश करने पर जप्त कर कब्जा कर लिया है।

एक क्विंटल कबाड़ जब्त

पुराना बस स्टैण्ड के पास अवैध रूप से लोहे का राड, एंगल, कुलर बाडी मैटेरियल करीब 110 किलो अवैध कबाड़ सहित सरकंडा पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार एसएसपी रजनेश सिंह द्वारा लगातार कबाड़ियों के विरूद्ध कार्यवाही करने निर्देशित करने पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) राजेन्द्र जायसवाल एवं नगर पुलिस अधीक्षक कोतवाली अक्षय प्रमोद साबद्रा के मार्गदर्शन में मुखबीर की सूचना के आधार पर 18 अप्रैल को पुराना बस स्टैण्ड के पास अवैध रूप से लोहे का राड, एंगल, कुलर बाडी मैटेरियल रखा हुआ है जिसे रेड कार्रवाई की गई है।

जगतगुरु शंकराचार्य जयंती उत्सव 2 को

बिलासपुर/नवप्रदेश। सनातन दशनाम गोस्वामी समाज ज़िला बिलासपुर द्वारा जगतगुरु शंकराचार्य जयंती उत्सव 2 मई को राम मंदिर में ज़िला दशनाम गोस्वामी समाज के पदाधिकारियों ने शंकराचार्य जयंती उत्सव धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया है। आयोजन समिति के अध्यक्ष मुकेश पुरी गोस्वामी, सचिव उमेश गिरी गोस्वामी, राजकुमार गोस्वामी कोषाध्यक्ष व समाज के वरिष्ठ सम्मानित सदस्य युवा नारी शक्ति व गोस्वामी बंधु द्वारा धूमधाम से शंकराचार्य जयंती उत्सव मनाएंगे।

मोदी की गारंटी के तहत गांव-गांव का हो रहा चहुंमुखी विकास: सूर्या

सीपत/नवप्रदेश। मस्तूरी विधानसभा के ग्राम एरमसही में शुक्रवार को मोर आवास मोर अधिकार, आपके द्वार साय सरकार कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत बाबा साहब अंबेडकर की मूर्ति पर माल्यार्पण कर किया गया। इसके बाद छोटी बच्ची एवं महिलाओं ने सुंदर चित्रकला एवं रंगोली बनाकर अपनी प्रतिभा दिखाई। कार्यक्रम में साय सरकार के द्वारा लाभार्थियों से भाजपा जिला अध्यक्ष अनुसूचित जाति मोर्चा चंद्रप्रकाश सूर्या एवं जिला पंचायत प्रतिनिधि ने सबसे मुलाकात कर उन्हें बधाई दी एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का आभार व्यक्त किया। भागमती के घर में जाकर आवास के लिए उसका फॉर्म भरकर अपलोड किया एवं ओमप्रकाश बघेल का फॉर्म मोबाइल के द्वारा ऑनलाइन सबमिट किया। श्री सूर्या ने छत्तीसगढ़ सरकार की जननीतियों को सबके सामने रखा और उनके उपलब्धियां गिनाई। उन्होंने कहा कि हम जनप्रतिनिधियों का कर्तव्य है कि सरकार की योजनाओं को जन जन तक पहुंचाएं मोदी की गारंटी है कि गांव-गांव में विकास होगा। विष्णु सरकार के सुशासन हमने बनाया है हम ही संवारेंगे। ग्राम जाने के सपनों को साकार कर रहे हैं साय सरकार सबका साथ सबके विकास की बात को आगे बढ़ा रहे हैं। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य अरुणा चंद्र प्रकाश सूर्या प्रतिनिधि अनुसूचित जाति मोर्चा अध्यक्ष के अलावा जनपद सदस्य अंजलि भास्कर पटेल, सरपंच विश्व मनी खांडेकर, पूर्व जनपद सदस्य राधा दुर्गा पटेल, भाजपा मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र पटेल, डॉ कपिल पटेल, छवि पटेल, अमरनाथ बंजारे राजेश्वर पटेल के अलावा बड़ी संख्या में ग्रामीण जन एवं लाभार्थी शामिल हुए।

भैरव बाबा मंदिर रतनपुर में 31 बटुकों का किया उपनयन संस्कार

संगठन विस्तार के साथ कई पदाधिकारियों को मिली नई जिम्मेदारियां

रतनपुर/नवप्रदेश। रतनपुर स्थित प्राचीन भैरव बाबा मंदिर प्रांगण में शुक्रवार को अखंड ब्राम्हण समाज सेवा समिति के तत्वावधान में 31 बटुकों का वैदिक रीति-रिवाजों के साथ भव्य उपनयन संस्कार सम्पन्न हुआ। यह आयोजन धार्मिक परंपराओं, वेद मंत्रों और गुरु-शिष्य परंपरा की साक्षात अनुभूति कराने वाला रहा। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए भैरव बाबा मंदिर के प्रबंधक एवं मठाधीश पं. जागेश्वर अवस्थी ने बताया कि उपनयन संस्कार सनातन धर्म के सोलह संस्कारों में सर्वोपरि माना गया है। यह वह पुण्य अवसर होता है जब बटुक को वेदों की दीक्षा देकर ब्राह्मणत्व की दिशा में पहला आध्यात्मिक कदम उठाने का अधिकार प्राप्त होता है। उन्होंने बताया कि यह संस्कार जीवन में केवल एक बार ही होता है और इसका प्रभाव व्यक्ति के पूरे जीवन पर परिलक्षित होता है। पं. अवस्थी ने आगे कहा कि भगवान भैरव बाबा के सान्निध्य और आशीर्वाद से यह आयोजन अत्यंत शुभ और पावन वातावरण में सम्पन्न हुआ। आचार्यों द्वारा बटुकों को वैदिक मंत्रों और आचारशास्त्र की बुनियादी शिक्षाएं दी गईं। समिति के प्रदेशाध्यक्ष योगेश तिवारी ने कहा कि रतनपुर धर्मनगरी में विप्र बटुकों के उपनयन संस्कार आयोजन किया गया, जिसमें समाज की व्यापक भागीदारी रही। उन्होंने कहा कि यह संस्कार बटुकों को साधारण जीवन से उठाकर ब्रह्मचर्य और आचार्यत्व की दिशा में अग्रसर करता है।

आंगनबाड़ी में पोषण पखवाड़ा के तहत गोद भराई का आयोजन

सीपत /नवप्रदेश। आंगनबाड़ी केंद्र सीपत में पोषण पखवाड़ा एवं गोद भराई कार्यक्रम किया गया। जिसमें गांव की गर्भवती , शिशुवती व अन्य महिलाओं ने भाग लिया। जिसमे गर्भवती माता प्राप्ति कुर्रे की गोद भराई किया गया। गोदभराई के बाद गर्भवती माता को गर्भावस्था के दौरान उचित देखभाल एवं पोषण के महत्व को बताया गया। सभी महिलाओं को अच्छी सेहत के लिए पोषण की आवश्यकता एवं महत्व के बारे में जागरूक किया गया। महिलाओं को एनीमिया एवं संतुलित आहार (6 पोषक तत्व) के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं में रूखमणी महंत, सविता कौशिक, मधु गुप्ता, जंत्री केशर, चंद्रप्रभा वंशकार, ईश्वरी दरवे, रामेश्वरी सूर्यवंशी सहायिका उत्तरा सूर्यवंशी उपस्थित रहे।

पूजा-अर्चना

जमशेदपुर से आए महाकाल सेना के कलाकारों ने काली के रुप में मां का किया श्रृंगार

श्री श्री सोलापुरी माता को महिलाएं आज 21 प्रकार का लगाएंगी भोग

बिलासपुर/नवप्रदेश। श्री श्री सोलापुरी माता पूजा समिति शुभम विहार हरदी रोड में पूजा का 8 वा दिन शनिवार को रात्रि 9 बजे देवी मां को काली के रूप में श्रृंगार किया गया झारखंड जमशेदपुर से आए महाकाल सेना के कलाकारों, पश्चिम बंगाल से आए कलाकारों के द्वारा पूजा पांडाल में खूब धूम मचाते हुए उपस्थित शरददालुवो को मन मोहलिया 18 अप्रैल सुहागिन महिलाएं कुम कुम पूजा किए। कल 20 अप्रैल को दोपहर 12 बजे देवी मां को 21 प्रकार भोग लगाया जाएगा यह भोग 21थालियों में महिलाए अपने अपने सर पर डोकर डफली, तसा बैंड के सात देवी मां के जय जय कार करते हुए शोभा यात्रा के माध्यम से पूजा पांडाल में लाया जाएगा वह विधि विधान से पूजा किया जायेगा और इस महा भोग को प्रसाद के रूप में बटा जायेगा इस आयोजन को सफल बनाने के लिए अध्यक्ष यू मुरली राव, अन्य पदाधिकारी गण मुख्य रूप से पी नोका राजू, धन राज बोयर, संजीव पाल प्रेम लाल चौहान पार्षद विजय कुमार मरावी, नागेश ध्रुव, एम तवुडू, एन गोविंद राजू, बी रामा राव, वेद रात्रे पी भिस्मा राव, पार्षद एम श्रीनु राव, जी राजेश्वर राव, एन रमना मूर्ति, जी धर्मा राव, साई राम शर्मा,महावीर बोयार, दिनेश कौशिक, बी राजा राव, एम नारायण, जी राजा राव, वेणुगोपाल, ई कृष्णा, महिलाये जिस में पी वरलक्ष्मी, जोगी दमयंती, बी ज्योति, एम शारदा, एन लक्ष्मी, वाई दुर्गा, मंजू पटेल, अंजू साहू, क्षमा तिवारी, जी पार्वती, मंजूषा, एस सूर्यकुमारी, एम इंदु, टी अनुषा, जी पोली रत्नम, पी अनिता, अनीता यादव, सीमा टोंडे, संध्या मिश्रा, ज्योति पाल, लिपिका चक्रवर्ती, पी पेनार्जी, रीना सिंह, यू ज्योति, जी लक्ष्मी, जी राधा, बी मोनिका, जी हेमा, ममता डहरिया आदि पूजा की तैयारी में सहयोग प्रदान कर रहे हैं।

लकी ड्रा में विनीता प्रथम

महिलाओं के लक्की ड्रा, नियमित ड्रा निकला गया जिसमें प्रथम विनीता सिता विहार सिरगिट्टी, द्वितीया पी राजेश्वरी अन्नपूर्णा कॉलोनी, तृतीया एस शिल्पी भार्गव वाटिका सिरगिट्टी, चौथा प्रमिला गोविंद नगर सिरगिट्टी कुम कुम पूजा में प्रथम मंजूषा पटेल आयुष पैलेस सुभम विहार, द्वितीय जी पार्वती गोविंद नगर सिरगिट्टी, तृतीया सूर्या प्रभा रुचिका विहार सिरगिट्टी, पी हरम्मा विशाखापत्तनम आंध्रा प्रदेश,पंचम पुरस्कार में एस सूर्या कुमारी सुभम विहार सिरगिट्टी को उपस्थित अतिथियों के द्वारा सम्मानित किया गया।

न्यूज गैलरी

दो और स्वतंत्र निदेशकों का इस्तीफा, सह-संस्थापकों के खिलाफ सेबी की कार्रवाई शुरू होने के बाद फैसला

नई दिल्ली। संकटग्रस्त कंपनी जेनसोल इंजीनियरिंग के दो स्वतंत्र निदेशकों ने इस्तीफा दे दिया है। कंपनी ने गुरुवार को इसकी जानकारी दी। कंपनी के संस्थापक और उनके भाई के खिलाफ सेबी की कार्रवाई के बाद कंपनी से अब तक तीन लोग बाहर हो चुके हैं। संकटग्रस्त कंपनी जेनसोल इंजीनियरिंग के दो स्वतंत्र निदेशकों ने इस्तीफा दे दिया है। कंपनी ने गुरुवार को इसकी जानकारी दी। कंपनी के संस्थापक और उनके भाई के खिलाफ सेबी की कार्रवाई के बाद कंपनी से अब तक तीन लोग बाहर हो चुके हैं। नियामकों ने कंपनी के सह-संस्थापकों पर धन का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया है। कंपनी पर आरोप है कि उसने अपनी इलेक्ट्रिक वाहन से जुड़ी अपनी एक सहयोगी कंपनी के लिए निर्धारित धन का इस्तेमाल एक लग्जरी अपार्टमेंट खरीदने के लिए किया। भारतीय प्रतिभूति व विनिमय बोर्ड (सेबी) ने इस सप्ताह अनमोल जग्गी और उनके भाई पुनीत को शेयर बाजार से प्रतिबंधित कर दिया। सेबी ने सौर ऊर्जा कंपनी जेनसोल की फोरेंसिक ऑडिट का आदेश दिया, जिसने ब्लूस्मार्ट के लिए इलेक्ट्रिक वाहन खरीदे थे। ब्लूस्मार्ट एक टैक्सी सेवा प्रदाता कंपनी है जिसे ऊबर का प्रतिद्वंद्वी माना जाता है। इसकी सह-स्थापना अनमोल ने की थी, जो जेनसोल के प्रबंध निदेशक भी हैं। जेनसोल ने गुरुवार को कहा, ÷हर्ष सिंह और कुलजीत सिंह पोपली ने तत्काल प्रभाव से स्वतंत्र निदेशकों के पद से इस्तीफा दे दिया है।÷ इससे पहले कंपनी के एक अन्य स्वतंत्र निदेशक अरुण मेनन ने भी इस्तीफा दे दिया था। ब्लूस्मार्ट ने गुरुवार को यह भी कहा कि उसने अपने एप पर ÷बुकिंग अस्थायी रूप से बंद करने÷ के निर्णय के साथ अपने परिचालन को निलंबित कर दिया है। जेनसोल, अनमोल सिंह जग्गी और पुनीत सिंह जग्गी ने सेबी के आरोपों पर फिलहाल कोई जवाब नहीं दिया है।

पीएम मोदी ने एलन मस्क से की फोन पर बातचीत, प्रौद्योगिकी और नवाचार पर की गई चर्चा

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री मोदी ने टेस्ला के मुखिया एलन मस्क से बातचीत की है। पीएम ने सोशल मीडिया पर बताया कि हमने प्रौद्योगिकी और नवाचार के क्षेत्रों में सहयोग की अपार संभावनाओं पर चर्चा की। भारत इन क्षेत्रों में अमेरिका के साथ अपनी साझेदारी को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रधानमंत्री मोदी ने टेस्ला के मुखिया एलन मस्क से बातचीत की है। पीएम ने इस बारे में सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट के जरिए जानकारी दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने पोस्ट में बताया कि इस वर्ष की शुरुआत में वाशिंगटन डीसी में हमारी बैठक के दौरान शामिल किए गए विषयों सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। हमने प्रौद्योगिकी और नवाचार के क्षेत्रों में सहयोग की अपार संभावनाओं पर चर्चा की। भारत इन क्षेत्रों में अमेरिका के साथ अपनी साझेदारी को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। पीएम ने एक्स पर एक अन्य पोस्ट में गुरु तेग बहादुर जी के पावन प्रकाश पर्व पर उन्हें अपनी विनम्र श्रद्धांजलि भी अर्पित की। पीएम ने बताया कि उनका जीवन साहस और करुणामय सेवा का प्रतीक है। अन्याय के खिलाफ लड़ने में वे अडिग थे। उनकी शिक्षाएं हमें उनकी ओर से देखे गए समाज के निर्माण में प्रेरित करती रहेंगी।

शुरुआती कारोबार में बेंचमार्क शेयर सूचकांक उछले

भारी बढ़त के साथ खुला शेयर बाजार, सेंसेक्स 1500 अंक चढ़ा

नई दिल्ली। अमेरिका की ओर से 9 जुलाई तक 90 दिनों के लिए भारत पर पर लगने वाले जवाबी टैरिफ को टालने की घोषणा के बाद शुक्रवार को शुरुआती कारोबार में बेंचमार्क शेयर सूचकांक उछले। सुबह 11 बजकर 59 मिनट पर बीएसई सेंसेक्स 1,469.21 अंक बढ़कर 75,342.70 अंक पर पहुंच गया। वहीं एनएसई निफ्टी 472.25 (2.11त्र) बढ़कर 22,871.40 के स्तर पर कारोबार करता दिखा। व्हाइट हाउस के कार्यकारी आदेश के अनुसार, अमेरिका ने इस वर्ष 9 जुलाई तक 90 दिनों के लिए भारत पर अतिरिक्त शुल्क निलंबित करने की घोषणा की है। 2 अप्रैल को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अमेरिका को माल निर्यात करने वाले लगभग 60 देशों पर सार्वभौमिक शुल्क लगा दिया और भारत जैसे देशों पर अतिरिक्त शुल्क लगा दिया था। इससे विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था में झींगा से लेकर इस्पात तक के उत्पादों की बिक्री पर संभावित रूप से असर पड़ने की आशंका थी। सेंसेक्स की कंपनियों में टाटा मोटर्स, सन फार्मा, टाटा स्टील, एचसीएल टेक, टेक महिंद्रा, बजाज फिनसर्व, अदाणी पोर्ट्स और रिलायंस इंडस्ट्रीज सर्वाधिक लाभ में रहीं। केवल एशियन पेंट्स और नेस्ले ही पिछड़े रहे। इससे पहले, कारोबारी सप्ताह के आखिरी दिन भारतीय शेयर बाजार जबरदस्त बढ़त के साथ खुला है। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 1210.68 अंक उछलकर 75,057.83 के स्तर पर पहुंच गया। वहीं निफ्टी ने भी तेज छलांग लगाई है। निफ्टी 388.35 अंकों की बढ़त बनाकर 22,787.50 पर कारोबार कर रहा है। बाजार में सभी सेक्टोरल इंडेक्स हरे निशान में कारोबार कर रहे। इसमें सबसे ज्यादा तेजी निफ्टी मेटल और निफ्टी फार्मा

इंडेक्स में देखने को मिल रही है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत समेत दुनिया के 75 देशों पर अतिरिक्त 26 प्रतिशत टैरिफ को 9 जुलाई तक निलंबित करने के एक दिन बाद शेयर बाजार में ये तेजी देखने को मिली है। हालांकि चीन पर ट्रंप ने जवाबी टैरिफ को बढ़ाकर 145 फीसदी कर दिया है। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.36 प्रतिशत घटकर 63.10 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। बुधवार को बीएसई का बेंचमार्क इंडेक्स 379.93 अंक या 0.51 फीसदी गिरकर 73,847.15 पर बंद हुआ। निफ्टी 136.70 अंक या 0.61 फीसदी गिरकर 22,399.15 पर बंद हुआ। जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी.के. विजयकुमार ने कहा, ÷वर्तमान अनिश्चित संदर्भ में बाजार में निरंतर तेजी की कोई गुंजाइश नहीं है। लेकिन निवेशक इस तथ्य से राहत महसूस कर सकते हैं कि भारतीय वृहद आर्थिक स्थिति अच्छी है और हम इस व्यापार युद्ध से सबसे कम प्रभावित देशों में से एक हैं।÷ विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने बुधवार को 4,358.02 करोड़ रुपये मूल्य की इक्विटी बेची। रिलायंस सिक्योरिटीज के शोध प्रमुख विकास जैन ने कहा, ÷हालांकि दिन के दौरान उतार-चढ़ाव जारी रहने की उम्मीद है, लेकिन भारत के लिए एक सकारात्मक बात यह है कि चीन पर अमेरिका द्वारा लगाए गए उच्च टैरिफ से अमेरिका को भारतीय निर्यात को बढ़ावा मिल सकता है। इसके अलावा, चीन की जवाबी कार्रवाई से एफआईआई का चीन से भारत की ओर रुख बढ़ सकता है। गुरुवार को अमेरिकी बाजारों में तेज उछाल के बाद काफी गिरावट दर्ज की गई। नैस्डैक कंपोजिट में 4.31 प्रतिशत, एसएंडपी 500 में 3.46 प्रतिशत और डॉव जोन्स इंडस्ट्रियल एवरेज में 2.50 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई।

सुरक्षित निवेश के लिहाज से निवेशकों का भरोसा मजबूत

वैश्विक अनिश्चितता के बीच सोने का आयात 192 प्रतिशत बढ़ा

नई दिल्ली। बीते वित्त वर्ष 2024-25 में सोने का आयात 27.27 फीसदी बढ़कर 58 अरब डॉलर पहुंच गया, जो 2023-24 में 45.54 अरब डॉलर रहा था। देश के कुल आयात में सोने की हिस्सेदारी 8 फीसदी है। बीते वित्त वर्ष में चांदी का आयात 11.24 फीसदी घटकर 4.82 अरब डॉलर रह गया। टैरिफ वार के कारण दुनियाभर में उपजी वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच देश का सोना आयात मार्च, 2025 में 192.13 फीसदी की भारी बढ़ोतरी के साथ 4.47 अरब डॉलर पहुंच गया।

चालू खाता घाटे पर असर डालने वाले सोना के आयात में फरवरी, 2025 में करीब 62 फीसदी की गिरावट आई थी, जबकि जनवरी में इसमें 40.8 फीसदी और दिसंबर, 2024 में 55.39 फीसदी का उछाल देखने को मिला था। हालांकि, मार्च में चांदी का आयात 85.4 फीसदी घटकर 11.93 करोड़ डॉलर रह गया। वाणिज्य

मंत्रालय के मुताबिक, बीते वित्त वर्ष 2024-25 में सोने का आयात 27.27 फीसदी बढ़कर 58 अरब डॉलर पहुंच गया, जो 2023-24 में 45.54 अरब डॉलर रहा था।

देश के कुल आयात में सोने की हिस्सेदारी 8 फीसदी है। बीते वित्त वर्ष में चांदी का आयात 11.24 फीसदी घटकर 4.82 अरब डॉलर रह गया। कीमतों में लगातार उछाल के बावजूद बहुमूल्य धातु के आयात में वृद्धि से संकेत मिलता है कि निवेशकों का सोने पर भरोसा मजबूत बना हुआ है, क्योंकि यह निवेश का एक सुरक्षित साधन है। विशेषज्ञों का कहना है कि वैश्विक अनिश्चितताओं और कई?देशों में तनाव के बीच सोने की ओर एसेट डायवर्सिफिकेशन, केंद्रीय बैंकों के बीच बढ़ती मांग और कीमतों में उछाल भी आयात वृद्धि के कारक हो सकते हैं। करीब 40 फीसदी हिस्सेदारी के साथ स्विट्जरलैंड भारत के लिए सोना आयात का सबसे बड़ा स्रोत है। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) 16 फीसदी से अधिक हिस्सेदारी के साथ दूसरा और दक्षिण अफ्रीका करीब 10 फीसदी के साथ तीसरा सबसे बड़ा आयात स्रोत है। सोने की कीमतों में इस साल अब तक 18,780 रुपये या 23.65 फीसदी की तेजी देखने को मिली है।

एक जनवरी, 2025 को यह 79,390 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव बंद हुआ था, जबकि 17 अप्रैल को बढ़कर 98,170 रुपये प्रति 10 ग्राम की रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गया। सोना आयात में उछाल से देश का व्यापार घाटा (आयात व निर्यात के बीच अंतर) मार्च में बढ़कर 21.54 अरब डॉलर पहुंच गया। बीते वित्त वर्ष 2024-25 में यह 282.82 अरब डॉलर के सार्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। देश का विदेशी मुद्रा (फॉरेक्स) भंडार 11 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में 1.57 अरब डॉलर बढ़कर 677.83 अरब डॉलर पहुंच गया।?यह भंडार में लगातार छठे सप्ताह तेजी है।?आरबीआई के मुताबिक, विदेशी मुद्रा संपत्ति 89.2 करोड़ डॉलर बढ़कर 574.9 अरब डॉलर पहुंच गई।?

भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 1.56 अरब बढ़कर 677.83 अरब डॉलर पर पहुंचा

बिज़नेस डायरी। भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 11 अप्रैल को समाप्त सप्ताह के दौरान 1.567 अरब डॉलर बढ़कर 677.835 अरब डॉलर हो गया। रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। यह लगातार छठा सप्ताह है जब विदेशी मुद्रा भंडार में वृद्धि हुई है।

4 अप्रैल को समाप्त पिछले सप्ताह में कुल विदेशी मुद्रा भंडार 10.872 अरब डॉलर बढ़कर 676.268 अरब डॉलर हो गया था। सितंबर 2024 में विदेशी मुद्रा भंडार 704.885 बिलियन अमेरिकी डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर को छू गया। शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार 11 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का प्रमुख घटक विदेशी मुद्रा आस्तियां 892 मिलियन अमेरिकी डॉलर बढ़कर 574.98 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गईं। डॉलर के संदर्भ में अभिव्यक्त विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी इकाइयों के मूल्यवृद्धि या मूल्यह्रास का प्रभाव शामिल होता है। आरबीआई ने बताया कि सप्ताह के दौरान स्वर्ण भंडार 638 मिलियन अमेरिकी डॉलर बढ़कर 79.997 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया। शीर्ष बैंक ने कहा कि विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 60 लाख डॉलर घटकर 18.356 अरब डॉलर रह गए। शीर्ष बैंक के आंकड़ों के अनुसार, समीक्षाधीन सप्ताह में आईएमएफ के पास भारत की आरक्षित स्थिति 43 मिलियन अमेरिकी डॉलर बढ़कर 4.502 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गई।

इंफोसिस ने सीईओ सलिल पारेख के लिए 51 करोड़ रुपये की स्टॉक विकल्प योजना की मंजूरी दी

नई दिल्ली। इंफोसिस ने गुरुवार को बीएसई को दी गई सूचना में बताया कि ईएसओपी 2 मई, 2025 से प्रदान किए जाएंगे और आरएसयू की संख्या की गणना 2 मई, 2025 को कारोबार बंद होने के समय के बाजार मूल्य के आधार पर की जाएगी। कंपनी ने इस दौरान चौथी तिमाही और पूरे वित्त वर्ष 25 का स्कोरकार्ड जारी किया। भारत की दूसरी सबसे बड़ी आईटी कंपनी इंफोसिस के बोर्ड ने सीईओ और एमडी सलिल पारेख को 51 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य का स्टॉक प्रोत्साहन या कर्मचारी स्टॉक विकल्प योजना (ईएसओपी) देने को मंजूरी दे दी है। ये स्टॉक प्रोत्साहन ईएसजी और इक्विटी सहित विभिन्न मदों के तहत हैं, और इनकी कुल राशि 51 करोड़ रुपये से अधिक है। एक दस्तावेज में कंपनी ने कहा है कि बोर्ड ने नामांकन और पारिश्रमिक समिति की सिफारिशों के आधार पर शेयरधारकों की मंजूरी के बाद पारेख के लिए इस वार्षिक अनुदान को मंजूरी दे दी है। कंपनी के अनुसार इस अनुदान में प्रतिबंधित स्टॉक इकाइयों (आरएसयू) के रूप में वार्षिक प्रदर्शन-आधारित स्टॉक प्रोत्साहन (वार्षिक प्रदर्शन इक्विटी अनुदान) भी शामिल है। 2015 की स्टॉक प्रोत्साहन मुआवजा योजना में अनुदान की तिथि तक 34.75 करोड़ रुपये के बाजार मूल्य वाले कंपनी के इक्विटी शेयर शामिल हैं। इंफोसिस ने कहा कि पारेख को यह अनुदान घोषणा की की तारीख से 12 महीने के भीतर दिया जाएगा, बशर्ते कि कंपनी बोर्ड की ओर से प्रदर्शन के लिए निर्धारित लक्ष्यों हासिल कर ले। कंपनी ने गुरुवार को बीएसई को दी गई सूचना में बताया कि ईएसओपी 2 मई, 2025 से प्रदान किए जाएंगे और आरएसयू की संख्या की गणना 2 मई, 2025 को कारोबार बंद होने के समय के बाजार मूल्य के आधार पर की जाएगी।

दूसरी बार रिकॉर्ड 38.3 लाख करोड़ की परियोजनाओं में निवेश

निजी क्षेत्र की 69 व सरकारी की 31 प्रतिशत हिस्सेदारी

बिज़नेस डायरी। बैंक ऑफ बड़ौदा के मुताबिक, कुल घोषणाओं में से 69 फीसदी यानी 25.2 लाख करोड़ की परियोजनाएं निजी क्षेत्र की और 31 फीसदी यानी 11.1 लाख करोड़ रुपये की सरकारी क्षेत्र की हैं। सरकारी क्षेत्रों में केंद्र, राज्य और स्थानीय निकाय शामिल हैं। निजी क्षेत्र में 62 फीसदी (22.6 लाख करोड़) निवेश घरेलू कंपनियों के हैं। बाकी 2.6 लाख करोड़ रुपये विदेशी कंपनियों के हैं। देशभर में वित्त वर्ष 2024-25 में कुल 38.3 लाख करोड़ रुपये के निवेश की घोषणा हुई है। यह मूल्य के लिहाज से 2015-16 के बाद एक दशक में दूसरी बार रिकॉर्ड परियोजनाओं की घोषणा है। बैंक ऑफ

बड़ौदा के मुताबिक, कुल घोषणाओं में से 69 फीसदी यानी 25.2 लाख करोड़ की परियोजनाएं निजी क्षेत्र की और 31 फीसदी यानी 11.1 लाख करोड़ रुपये की सरकारी क्षेत्र की हैं। सरकारी क्षेत्रों में केंद्र, राज्य और स्थानीय निकाय शामिल हैं।

निजी क्षेत्र में 62 फीसदी (22.6 लाख करोड़) निवेश घरेलू कंपनियों के हैं। बाकी 2.6 लाख करोड़ रुपये विदेशी कंपनियों के हैं। निजी कंपनियों ने जिन क्षेत्रों में सबसे ज्यादा परियोजनाओं की घोषणा की हैं, उनमें अक्षय ऊर्जा शीर्ष पर है। केंद्र का जोर सड़क, रिफाइनरी और शिपिंग परियोजनाओं पर है।?वहीं, राज्य सड़क, शिक्षा, परिवहन और रेलवे पर ध्यान दे रहे हैं। बीते वित्त वर्ष में सबसे ज्यादा परियोजनाओं की घोषणा इस साल जनवरी-मार्च में की गई, जो 18.9 लाख करोड़ की थीं।?पहली तीन तिमाहियों में सिर्फ 19.4 लाख करोड़ रुपये की परियोजनाएं घोषित हुई थीं। सरकारी निवेश में केंद्र का हिस्सा 7.4 लाख करोड़ रहा। राज्य और स्थानीय निकायों का 3.7 लाख करोड़ रुपये रहा। कुल 38.3 लाख करोड़ की परियोजनाओं में ओडिशा, महाराष्ट्र और आंध्र प्रदेश की हिस्सेदारी सबसे ज्यादा 37 फीसदी है। कर्नाटक, बिहार, राजस्थान, गुजरात और छत्तीसगढ़ का योगदान 33 फीसदी है। सरकार के कुल निवेश में से 91 फीसदी हिस्सा पांच क्षेत्रों में हुआ है। इनमें रिन्यूएबल इलेक्ट्रिसिटी, सड़क परिवहन, रिफाइनरी, परंपरागत इलेक्ट्रिसिटी व शिपिंग हैं। इलेक्ट्रिसिटी और शिपिंग में 6.8 लाख करोड़ की परियोजनाएं शामिल हैं। अन्य क्षेत्रों में केमिकल, स्टील, रेलवे, खनिज, हाउसिंग व स्वास्थ्य सहित अन्य हैं। राज्य सरकारों का 67 फीसदी निवेश सड़क परिवहन क्षेत्र में है। रिन्यूएबल इलेक्ट्रिसिटी का हिस्सा 6.7 फीसदी, रेलवे का 4.2 फीसदी व शिक्षा का हिस्सा 2.6 फीसदी है।

खेल

पाकिस्तान ने भारत में होने वाले महिला वर्ल्ड कप के लिए किया क्वालीफाई

नई दिल्ली। पाकिस्तान महिला क्रिकेट टीम ने भारत में होने वाले महिला विश्व कप के लिए क्वालीफाई कर लिया है. उन्होंने गुरुवार, 17 अप्रैल को लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में रोमांचक मुकाबले में थाईलैंड को 87 रनों से हराकर क्वालीफायर में अपनी लगातार चौथी जीत दर्ज की. इसके साथ, यह तय हो गया कि इस साल के अंत में भारत में होने वाला आगामी महिला वर्ल्ड कप हाइब्रिड मॉडल में खेला जाएगा, क्योंकि अब पाकिस्तान भी टूर्नामेंट का हिस्सा होगा. हाइब्रिड मॉडल के तहत इस मेगा इवेंट में पाकिस्तान अपने सभी मैच अन्य स्थानों पर खेलेगा.

आपको याद दिला दें कि, आईसीसी मेंस चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का मेजबान पाकिस्तान था. लेकिन, सुरक्षा संबंधी कारणों का हवाला देते हुए भारतीय क्रिकेट टीम ने पाकिस्तान की यात्रा करने से मना कर दिया. इसी दौरान भारतीय क्रिकेट कंट्रोल और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के बीच यह हल निकाला गया कि दोनों देश आईसीसी प्रतियोगिता में भी एक-दूसरे के देश की यात्रा नहीं करेंगे और हाइब्रिड मॉडल के तहत तटस्थ स्थान पर अपने मुकाबले खेलेंगे। पाकिस्तान और थाईलैंड के बीच क्वालिफायर मैच की बात करें तो, थाईलैंड के गेंदबाजों ने शानदार गेंदबाजी करते हुए पाकिस्तान के बल्लेबाजों को खुलकर रन नहीं बनाने दिए, जिसके कारण नियमित अंतराल पर विकेट गिरते रहे. मेजबान टीम के लिए रन बनाना बहुत मुश्किल था और उन्होंने 36वें ओवर में 100 रन का आंकड़ा पार किया. पाकिस्तान के लिए सिदरा अमीन और कप्तान फातिमा सना ने 5वें विकेट के लिए 97 रन जोड़े. फातिमा ने 105 गेंदों पर 80 रन बनाए, वहीं सना ने 59 गेंदों पर 6 चौकों और 2 छक्कों की मदद से नाबाद 62 रन बनाए. जवाब में, थाईलैंड ने पाकिस्तान के मुकाबले तेज शुरुआत की. लेकिन सना, रमीन शमीम और नशरा संधू की तिकड़ी की धारदार गेंदबाजी के कारण वे लगातार विकेट खोते रहे. इस तिकड़ी ने थाई बल्लेबाजों को कभी जमने नहीं दिया. थाईलैंड के 6 बल्लेबाज दोहरे अंक तक पहुंचे, लेकिन उनमें से कोई भी 20 रन के आंकड़े को नहीं छू सका और 35वें ओवर में पूरी टीम 118 रन पर ऑल आउट हो गई. इस तरह पाकिस्तान ने 87 रन से मैच जीतकर महिला विश्व कप भारत के लिए क्वालीफाई कर लिया।

बीसीसीआई ने रोहित शर्मा को दिया स्पेशल गिफ्ट

मुंबई। आईपीएल 2025 का 33वां मैच मुंबई इंडियंस और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेला गया. जिसमें मुंबई ने हैदराबाद को 4 विकेट से हरा दिया है. मैच शुरू होने से पहले मुंबई इंडियंस के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा को बीसीसीआई द्वारा सम्मानित किया गया।

रोहित शर्मा के आईपीएल में 18 साल पूरे होने पर बीसीसीआई अध्यक्ष रोजर बिन्नी ने उन्हें स्पेशल मेमोंटो दिया. जिसके एक वीडियो आईपीएल के एक्स अकाउंट पर शेयर किया गया है, जिसके कैप्शन में लिखा है कि मुंबई इंडियंस के रोहित शर्मा को बीसीसीआई अध्यक्ष रोजर बिन्नी से विशेष स्मृति चिन्ह प्राप्त हुआ। बता दें कि आईपीएल 2025 में ऐसा सम्मान पाने वाले रोहित शर्मा तीसरे भारतीय खिलाड़ी बन गए हैं. इससे पहले आईपीएल में 18 साल पूरा करने की वजह से विराट कोहली और महेंद्र सिंह धोनी को भी सम्मानित किया जा चुका है। रोहित शर्मा, विराट कोहली, मनीष

पांडे और महेंद्र सिंह धोनी आईपीएल के पहले सीजन (2008) से लीग का हिस्सा हैं. रोहित शर्मा ने अपने आईपीएल करियर की शुरुआत डेक्कन चार्जर्स हैदराबाद से की थी, जो अब सनराइजर्स हैदराबाद हो गई है. पहले 3 सीजन वो इसी फ्रेंचाइजी का हिस्सा रहे थे। इसके बाद रोहित मुंबई इंडियंस से जुड़ गए और 2011 से वो लगातार मुंबई के लिए खेल रहे हैं. अब तक 6 बार आईपीएल की ट्रॉफी उठा चुके हैं, पांच बार मुंबई के लिए और एक बार हैदराबाद के लिए खेलते हुए। रोहित शर्मा आईपीएल में अब तक 262 मैचों की 257 पारियों में 29.31 की औसत से 6684 रन बना चुके हैं, जिसमें 2 शतक और 43 अर्धशतक भी शामिल हैं. रोहित आईपीएल में दूसरे सबसे ज्यादा मैच खेलने वाले और तीसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं।

सुशासन तिहार : लोगों की मांग और समस्याओं का तेजी से हो रहा निराकरण

नारायणपुर का वार्ड क्रमांक 10 स्ट्रीट लाईट से हुए जगमग, बैगा आदिवासी की समस्या का हुआ तुरन्त निदान, 24 घंटे के भीतर मिली ट्राइसिकल

- कई आवेदकों को मिला आयुष्मान कार्ड, श्रम कार्ड, राशन कार्ड, लर्निंग लाइसेंस
- तेलीटोला में प्राथमिक शाला भवन के लिए 15 लाख की मिली स्वीकृति
- पारदर्शी और गंभीरता के साथ प्राप्त आवेदनों का हो रहा है निराकरण

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में चल रहे प्रदेशव्यापी सुशासन तिहार-2025 के पहले चरण में 8 अप्रैल से 11 अप्रैल तक लोगों से प्राप्त आवेदनों के निराकरण की कार्यवाही जिलों में शुरू हो गई है। सभी जिलों में प्राप्त आवेदनों का निराकरण पूरी तत्परता के साथ किया जा रहा है। गौरतलब है अभियान के दूसरे चरण में प्राप्त आवेदनों का निराकरण एक माह के भीतर निराकरण किया जाना है। इसके बाद तीसरे चरण में 05 मई से 31 मई तक समाधान शिविर का आयोजन किया जाएगा। इन शिविरों में मुख्यमंत्री, मंत्री, विधायक, स्थानीय जनप्रतिनिधि तथा संबंधित अधिकारी-कर्मचारी जनता से रूबरू होंगे।

सुशासन अभियान के तहत बिलासपुर जिले में एक संवेदनशील पहल देखने को मिली। कोटा ब्लॉक के ग्राम के ग्राम पंचायत करका निवासी मंगल सिंह बैगा को आवेदन देते ही महज 24 घंटे के भीतर ट्राइसाइकिल मिली। वे दिव्यांग पेंशन की पात्रता सूची में भी आ गए हैं जल्द ही उन्हें पेंशन भी मिलने लगेगी। मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले के ग्राम पंचायत तेलीटोला के लिए जिला खनिज संस्थान न्यास से नवीन प्राथमिक शाला भवन निर्माण के लिए तत्काल दी 15 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है। तेलीटोला स्थित प्राथमिक शाला भवन जर्जर अवस्था में होने के चलते बच्चों के पढ़ाई लिखाई में समस्या उत्पन्न हो रही थी। अब ग्राम तेलीटोला को उनकी इस समस्या से निजात मिल गई है।

नारायणपुर: मांग के आधार पर स्ट्रीट लाईट की मिली सुविधा

सुशासन अभियान के तहत नारायणपुर जिले के जीवन राम साहू को उनके मांग के आधार पर स्ट्रीट लाईट की सुविधाएं उपलब्ध हो गई है। नारायणपुर के वार्ड क्रमांक 10 मुरियापारा निवासी जीवन साहू ने सुशासन तिहार में स्ट्रीट लाईट के लिए आवेदन किया था।

महासमुंद जिले के ग्राम पंचायत जंघोरा, विकासखंड पिथौरा निवासी मनोहर सिंह पटेल ने आयुष्मान भारत योजना के तहत आयुष्मान कार्ड बनवाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया था। पूर्व में किसी तकनीकी कारणवश उनका कार्ड नहीं बन पाया था, जिससे वे योजना का लाभ नहीं ले पा रहे थे। उनके आवेदन को गंभीरता से लिया गया और मात्र 24 घंटे के भीतर समाधान कर दिया गया।

राजनांदगांव: औपचारिकताओं के बाद लर्निंग लाइसेंस जारी

जिला राजनांदगांव के शीतला माता वार्ड निवासी भारती देवांगन के आवेदन पर उन्हें तत्काल श्रमिक कार्ड बनाकर दिया गया। इसी क्रम में रायपुर जिले के ग्राम सांकरा निवासी विकास मिश्रा के आवेदन प्राप्त होते ही परिवहन विभाग द्वारा मिश्रा से संपर्क किया गया। उनसे दस्तावेज लेकर प्रक्रिया पूर्ण करवाई गई और ड्राइविंग टेस्ट लिया गया। सभी औपचारिकताओं के उपरांत उन्हें लर्निंग लाइसेंस जारी कर किया गया। मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के विकासखण्ड भरतपुर के कर्री की निवासी निर्मला जोगी को 15 अप्रैल को राशन कार्ड जारी कर दिया गया। इस समाधान के लिए निर्मला जोगी मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को इस अभियान के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया है।

बस्तर: नाम जोड़कर शम्भूनाथ को मिला नया राशनकार्ड प्रदान

बस्तर जिले के लोहण्डीगुड़ा ब्लॉक अंतर्गत धुरागांव निवासी शम्भूनाथ कश्यप के परिवार में पहले केवल दो सदस्य माता समली कश्यप और वह स्वयं ही थे लेकिन तीन वर्ष पहले विवाह होने के बाद पत्नी महादई कश्यप और दो साल का बेटा प्रभात भी अब परिवार में सदस्य हैं। इन दोनों का नाम उन्हें प्रदत्त प्राथमिकता राशनकार्ड में शामिल नहीं था। शम्भूनाथ ने राशनकार्ड में अपनी पत्नी और बेटे का नाम जुड़वाने के लिए सुशासन तिहार के दौरान ग्राम पंचायत में आवेदन जमा किया था, आवेदन पर तत्परता के साथ कार्यवाही करते हुए एक सप्ताह के भीतर ही राशनकार्ड में नाम जोड़कर शम्भूनाथ को नया राशनकार्ड प्रदान कर दिया गया है।

रायगढ़: हितग्राहियों को मिला श्रमिक कार्ड

रायगढ़ जिले के ननसिया के सुन्दरलाल उरांव तथा अनीता बाई का पंजीयन कर हितग्राहियों को श्रमिक कार्ड प्रदान किया गया। पुसौर विकासखंड के ग्राम पंचायत ओड़ेकेरा के हितग्राही सुदर्शन खड़िया के आवेदन पर उन्हें ट्रायसायकल एवं बैसाखी प्रदाय किया गया। सुदर्शन 80 प्रतिशत दिव्यांग हैं। जिसके चलते उन्हें कहीं भी आने-जाने के लिए काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। सुदर्शन ने कहा कि ट्रायसाइकिल मिलने से अब उनकी दूसरों पर निर्भरता कम होगी और उन्हें कहीं आने जाने में सहूलियत होगी।

संक्षिप्त खबरें

शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म

रायपुर/नवप्रदेश। शादी का प्रलोभन देकर युवती से दुष्कर्म करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थिया की शिकायत पर धरसींवा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार सड्डू निवासी 22 वर्षीय प्रार्थिया ने धरसींवा थाना में शिकायत किया कि आरोपी धनराज यदु ने प्रार्थिया को शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाया और फिर शादी से इंकार कर दिया। प्रार्थिया की शिकायत पर धरसींवा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

दुकान के बाहर खड़ी ट्रैक्टर-ट्रॉली पार

रायपुर/नवप्रदेश। जरवाय रोड स्थित सिंह ट्रेडर्स के पास खड़े ट्रैक्टर-ट्रॉली को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर कबीरनगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार सुनील कुमार हजारे 54 वर्ष हीरापुर का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि वह अपने ट्रैक्टर क्रमांक सीजी 04 एनयू 7769 व ट्रॉली क्रमांक सीजी 04 एनएक्स 1911 को जरवाय रोड स्थित सिंह ट्रेडर्स के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए ट्रैक्टर-ट्रॉली की कीमत करीब 4 लाख रुपए के आसपास बताई जा रही है। मामले में कबीरनगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

माउंटेन व्हीकल डीजे जप्त

महासमुंद/नवप्रदेश। गुरुवार को स्थानीय आयोध्या नगर, महासमुंद में वाहन क्रमांक सीजी 04 पीए 2244 माडल डीआई योद्धा व्हीकल माउंटेड डीजे द्वारा समय 9 बजे रात्रि में सड़क मार्ग में डीजे बजाया जाना मौके पर पाया गया। उच्च आवृत्ति में डीजे बजाकर माननीय हाई कोर्ट के निर्देशों का उल्लंघन करते पाया गया जिसकी विडियोग्राफी भी की गई, उक्त वाहन को डीजे सहित जप्त किया गया। वाहन चालक के रूप में बलदाऊ साहू महासमुंद उपस्थित थे ।उक्त पंचनामा तैयार कर थाना के सुपुर्द किया गया। यह कारवाई अनुविभागीय अधिकारी श्री हरिशंकर पैकरा के निर्देश पर तहसीलदार मोहित अमिला द्वारा की गई। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर श्री विनय लंगेह द्वारा समय सीमा की बैठक में माननीय हाई कोर्ट द्वारा दिए गए निर्देशों का सख्ती के साथ पालन करने के निर्देश दिए हैं जिसके तहत माउंटेड व्हीकल डीजे प्रतिबंधित है।

सहायक शिक्षक सुरेन्द्र कुमार भाठिया निलंबित

महासमुंद/नवप्रदेश। विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी महासमुन्द से प्राप्त पत्र के अनुसार सुरेन्द्र कुमार भाठिया, सहायक शिक्षक (एल.बी.), शासकीय प्राथमिक शाला रामाडबरी, विकासखण्ड महासमुन्द को जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा निलंबित कर दिया गया है। जारी आदेश के अनुसार विगत 17 मार्च को श्री सुरेन्द्र कुमार द्वारा शराब सेवन कर शाला मे उपस्थित होने की सूचना मिली एवं चिकित्सीय मुलाहिजा में शराब सेवन करने की पुष्टि पाई गई, जिससे विद्यालय का अध्यापन कार्य प्रभावित हो रहा है। संबंधित शिक्षक को विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी महासमुन्द द्वारा स्पष्टीकरण जारी किया गया, जिसका जवाब असंतोषप्रद प्राप्त हुआ। श्री सुरेन्द्र कुमार भाठिया, सहायक शिक्षक (एल.बी.) का उक्त कृत्य छ.ग. सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम-3 के विपरीत है।

कोयला से लदी चलती ट्रेलर में अचानक लगी आग

कोरबा/नवप्रदेश। जिले के दीपका थाना क्षेत्र में एक बड़ा हादसा टल गया। कोयला लदे एक ट्रेलर में अचानक आग लग गई। घटना दीपका खदान से गौरव पथ रोड की तरफ जाते समय की है। ट्रेलर से धुआं निकलता देख राहगीरों ने वाहन चालक को रोकने का प्रयास किया। तेज रफ्तार के कारण वाहन काफी दूर जाकर रुका। चालक को आग की जानकारी मिलते ही उसने कंपनी को सूचित किया।

छत्तीसगढ़ में गैर संचारी रोग के ईलाज में आभा आईडी है वरदान

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य में अब गैर संचारी रोग (नॉन-कम्युनिकेबल डिज़ीज़- एनसीडी) जैसे हाई ब्लड प्रेशर, डायबिटीज़ , कैंसर के स्क्रीनिंग , इलाज और मॉनिटिरिंग में डिजिटल तकनीक का उपयोग बड़े स्तर पर किया जा रहा है। आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत शुरू की गई आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट (आभा) आईडी इस दिशा में गेमचेंजर साबित हो रही है। आभा आईडी के माध्यम से मरीज अपने स्वास्थ्य रिकॉर्ड को डिजिटल रूप में सुरक्षित रख सकते हैं और जरूरत पड़ने पर डॉक्टर या स्वास्थ्यकर्मी से आसानी से साझा कर सकते हैं। इस आईडी की मदद से अस्पतालों, क्लीनिकों और लेबोटरी के बीच जानकारी साझा करना भी आसान हो गया है, जिससे इलाज की गुणवत्ता में सुधार हो रहा है।छत्तीसगढ़ में आभा आईडी को राष्ट्रीय एनसीडी पोर्टल से जोड़ा गया है। इससे मरीजों की स्क्रीनिंग, डायग्नोसिस, इलाज और मॉनिटरिंग की प्रक्रिया अधिक सुव्यवस्थित हो गई है। एएनएम और कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर के लिए मोबाइल और टैबलेट आधारित ऐप्स तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के लिए वेब पोर्टल उपलब्ध कराए गए हैं, जिससे काम करना आसान हो गया है।संचालक स्वास्थ्य सेवाएं डॉ. प्रियंका शुक्ला का कहना है कि आभा आईडी बनाना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। इससे एनसीडी जैसी बीमारियों की रोकथाम और प्रबंधन में मदद मिलेगी। दुर्ग जिले में इस पहल का सकारात्मक असर देखने को मिल रहा है। जनवरी 2024 से फरवरी 2025 के बीच, 12,627 आभा आईडी को एनसीडी मरीजों के रिकॉर्ड से जोड़ा गया। इसके परिणामस्वरूप, आभा से जुड़े मरीजों में फॉलोअप रेट 68 प्रतिशत तक पहुंच गया, जबकि बिना आभा आईडी वाले मरीजों में यह केवल 37 प्रतिशत रहा। इसी तरह, ब्लड प्रेशर और डायबिटीज़ नियंत्रण में भी आभा से जुड़े मरीजों में सुधार देखा गया। 49 प्रतिशत मरीज नियंत्रण में रहे, जबकि गैर-जुड़े मरीजों में यह आंकड़ा 29 प्रतिशत रहा। डब्ल्यूएचओ की मदद से स्वास्थ्यकर्मियों को प्रशिक्षण दिया गया है।

पूरी प्रक्रिया पर सतत निगरानी

राज्य सरकार और विश्व स्वास्थ्य संगठन की टीम इस पूरी प्रक्रिया पर सतत निगरानी रख रही है। आभा आईडी को आधार की डेमोग्राफिक जानकारी से जोड़ने की प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए डब्ल्यूएचओ ने हिंदी में प्रशिक्षण वीडियो भी बनाया है। छत्तीसगढ़ में यह डिजिटल पहल ना सिर्फ बीमारियों के रोकथाम में मददगार साबित हो रही है, बल्कि इससे स्वास्थ्य विभाग की सेवाओं के प्रति विश्वास बढ़ा है।

वाहन ने बाइक सवार दंपति को मारी जोरदार टक्कर

एक की मौके पर मौत, महिला का पैर कटा, हालत नाजुक

बालोद /नवप्रदेश। जिले के बालोद थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पैरी के पास भीषण सड़क हादसे में एक व्यक्ति के मौके पर ही मौत हो गई। वाहन ने शव को काफी दूर तक घसीटा। गुंदना दही थाना क्षेत्र के ग्राम पैरी में उसे वाहन को रोका गया है। घटना बालोद थाना क्षेत्र की है लेकिन शव को घसीटते गुंदर दही थाना क्षेत्र तक ले गया। थाना प्रभारी मनीष शेंडे ने बताया की शव को बालोद भेज रहे हैं। वहीं एक महिला की हालत नाजुक बनी हुई है। मिली जानकारी के अनुसार, जिससे हादसा हुआ है वह माइंस की गाड़ी है, जो कि दुर्गा की ओर जा रही थी। दंपति बाइक से दुर्ग से बालोद की ओर आ रहे थे। इसी दौरान ट्रक ने दंपति की बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में महिला का पैर काट तो वहीं उसके पति की मौके पर मौत हो गई। बाइक सहित उसके पति को बड़ी गाड़ी ने काफी दूर तक घसीटा। थाना प्रभारी मनीष शेंडे ने बताया कि दोनों मृतक राजनांदगांव जिले के रवेलीडीह ननकट्ठी के रहने वाले हैं, जो निजी काम से आ रहे थे। घटना स्थल पर उनके परिजन पहुंचे हुए हैं। वहीं, मृतक के शव को जिला अस्पताल लाया गया है। महिला को भी नाजुक हालत में जिला अस्पताल लाया गया है।

आफत की बारिश: तेज हवाओं ने मचाया तांडव

उड़ा भागवत कथा का पंडाल, अनिरुद्धाचार्य महाराज करने वाले थे कथा वाचन

बिलासपुर/नवप्रदेश। बिलासपुर जिला के सीपत थाना क्षेत्र के ग्राम दर्राभाठा में शुक्रवार की शाम को बारिश और तेज अंधड़ ने भागवत कथा के लिए लगे पंडाल को क्षतिग्रस्त कर दिया। गांव में शनिवार 19 अप्रैल से पंडित अनिरुद्धाचार्य महाराज भागवत कथा का वाचन करने वाले थे जिसको लेकर स्थानीय लोग उत्साहित थे लेकिन बारिश और अंधड़ से लोगों के चेहरे पर मायूसी छा गई। पहली बार गांव में पंडित अनिरुद्धाचार्य महाराज भागवत कथा करने वाले थे। आयोजनकर्ता ने अनिरुद्धाचार्य महाराज के आगमन को लेकर पूरी तैयारी कर ली थी। दरअसल जिले में शुक्रवार की देर शाम अचानक मौसम ने करवट बदलते हुए जमकर तांडव मचाया। इस दौरान तेज आंधी तुफान के साथ ही कई क्षेत्रों में जमकर बारिश हुई। हालांकि कुछ समय में ही तुफान थम गया और बारिश भी बंद हो गई लेकिन इस अंधड़ और बारिश से सीपत क्षेत्र के ग्राम दर्राभाठ गांव में भव्य भागवत कार्यक्रम के लिए बना पंडाल भी धराशायी हो गया। बता दें कि प्रसिद्ध कथावाचक पंडित अनिरुद्धाचार्य महाराज के द्वारा भागवत कथा का आयोजन 19 से 25 अप्रैल तक दर्राभाठा में प्रस्तावित था।

खड़े वाहन से टकराए बाइक सवार तीन युवक, दो लोगों की मौत और एक घायल

दुर्ग/नवप्रदेश। भिलाई में बाइक सवार युवक खड़े मालवाहक से जा टकराए। इस घटना में दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि एक युवक घायल हो गया। घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना की सूचना मिलने पर मौके पहुंचकर शव को पीएम के लिए भेजवकर जांच में जुट गई है। छावनी थाना क्षेत्र के पावर हाउस में बाइक पर सवार तीन युवक घर से पार्टी में जाने के नाम से निकले थे। जैसे पावर हाउस के बिहारी होटल के पास पहुंचे, सड़क किनारे खड़े मालवाहक से जा टकराए। घटना में दो युवकों की मौके पर मौत हो गई और एक युवक आदित्य चौहान घायल हो गया। घायल युवक को अस्पताल में भर्ती कराया गया। दोनों मृतक की पहचान हर्ष मेश्राम और जय बंसोड़ गौतम नगर के रूप में हुई है। तीनों दोस्त एक बाइक पर सवार होकर भिलाई से खुर्सीपार की ओर जा रहे थे। छावनी पुलिस ने दोनो के शव को सुपेला अस्पताल पीएम के लिए भेजकर जांच में जुट गई है।

मीना हत्याकांड: आरोपी को पकड़ने में बालोद पुलिस को मिली बड़ी सफलता, जेठ ही निकला हत्यारा

बालोद/नवप्रदेश। बालोद थाना क्षेत्र के ग्राम निपानी में विगत दिनों घर पर हुई एक महिला मीना साहू उर्फ़ रामबती की हत्या की गुत्थी सुलझा ली है। हत्यारा कोई और नहीं उनके घर के बगल में ही रहने वाला परिवार का ही सदस्य उनका जेठ विजय साहू निकला है । पारिवारिक बढ़ते विवाद के कारण आक्रोश में आकर जेठ ने अपने भाई की पत्नी को बिना किसी हथियार के बाल पकड़कर सिर जमीन पर पटक कर हत्या की थी। पुलिस द्वारा शुरू से ही परिवार के सदस्यों पर संदेह जताया जा रहा था। शक की सुई परिवार के लोगों पर ही अटकी हुई थी। सभी परिजनों से अलग-अलग बयान लिए जा रहे थे। इस दौरान आरोपी अपना बयान बदल रहा था और गोल-गोल जवाब दे रहा था। जिसके बाद कड़ाई से पूछताछ और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने हत्या उसके द्वारा किया जाना पाया। शनिवार को प्रेस वार्ता के जरिए मामले में एसपी ने खुलासा किया। इस तरह हुई थी घटना ज्ञात हो कि 14 अप्रैल को सुबह मोबाईल से पुलिस को सूचना मिला कि ग्राम निपानी में एक महिला रामबती (मीना) साहू की संदेहास्पद मृत्यु हो गई है। आसपास खून बिखरे पड़े है। सूचना पाकर ग्राम निपानी घटना स्थल जाकर पुलिस ने छानबीन शुरू की। देखने पर हत्यात्मक प्रकृति का पाए जाने पर वरिष्ठ अधिकारियों को सूचना देकर, एफएसएल एवं डॉग टीम को बुलाया गया। मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया । मृतिका के पति रामेश्वर साहू के द्वारा बताया कि वे 12 अप्रैल को लोक कला नाचा पार्टी में काम करने ग्राम बुची भरदा के बाद 13 अप्रैल को भानुप्रतापुर के ग्राम अतामार में कार्यक्रम दे रहे थे। कार्यक्रम के दौरान काल नही उठा पाया। सुबह सुबह मेरे साथियों ने बताया कि तुम्हारे घर से फोन आया था, जल्दी चलना है कोई घटना हो गया है। तो वह अपने साथियों के साथ उनके वाहन में बैठकर निपानी आ गया, तो देखा कि घर के बेटियां और परिवार के अन्य लोग रो रहे थे।

व्यवस्था

शासन के आदेश को भी धता बता रहे पालिका अधिकारी - जादौन

भीषण गर्मी में पालिका की प्याऊ व्यवस्था नदारत, लोग परेशान

- नगर पालिका की सुस्त कार्यप्रणाली का खामियाजा भुगत रहे आमजन

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। आधी गर्मी बीत जाने के बाद भी नगर में कहीं पर भी ठंडे प्याऊ की व्यवस्था नहीं की गई है। बाहर से खरीदी करने आए लोगों एवं दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को प्याऊ नहीं होने से काफी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। सार्वजनिक प्याऊ नहीं लगाए जाने से लोगों में भारी असंतोष है। जिला प्रशासन एवं नगर प्रशासन इस ओर ध्यान नहीं दे रहा। दंतेवाड़ा नगर पालिका की सुस्त एवं अकर्मण्य कार्यप्रणाली का खामियाजा यहां के साथ साथ बाहर से आने वाले लोगों को भी भुगतना पड़ रहा है। दंतेवाड़ा नगर पालिका के पूर्व एल्डरमेन एवं कांग्रेस के जिला सचिव शेखर सिंह जादौन ने नपा प्रशासन पर आरोप लगाते कहा है कि नपा के अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि पुरी तरह से अकर्मण्य हो गए हैं। उन्होने कहा कि नगरीय प्रशासन मंत्रालय ने मार्च में ही सभी नगर निगमों/पालिकाओं को पत्र लिखकर ग्रीष्मकालीन पेयजल संकट निवारण के संबंध में एवं सार्वजनिक प्याऊ की माकुल व्यवस्था सुनिश्चित करने संबंधी निर्देश जारी किए थे बावजूद पालिका प्रशासन कुंभकर्णी नींद में सोया हुआ है।

आधा गर्मी बीतने को है मगर अब तक सार्वजनिक प्याऊ की व्यवस्था नहीं की गई है जो बेहद शर्मनाक है। भाजपा शासन में अधिकारी इस कदर अहंकारी एवं बेपरवाह हो गए हैं कि शासन के आदेश को ठेंगे पर रख रहे हैं। श्री जादौन ने कहा कि पिछले कार्यकाल में अप्रैल के पहले सप्ताह में ही जगह जगह प्याऊ घर की व्यवस्था करवाई गई थी लेकिन दुर्भाग्य से इस वर्ष अप्रैल माह बीतने को है मगर अब तक स्टेट बैंक चौक, से लेकर आंवराभाटा कलेक्ट्रेट तक एक भी जगह पर प्याऊ नहीं लगा है जबकि इसके लिए पर्याप्त बजट पालिका के पास होता है। श्री जादौन ने कहा कि नगर में जहां भी आरओ वाटर लगे हैं अधिकांश खराब पड़े हैं उनसे पानी नहीं निकलता।

बस स्टेंड के अंदर लगा लाखों का आर ओ प्लांट पालिका प्रशासन की लापरवाही के कारण सालों से बंद पड़ा है। इसे ठीक क्यों नहीं करवाया जा रहा? बस स्टेंड जैसे सार्वजनिक जगह पर पीने का साफ पानी की व्यवस्था नहीं होना बेहद चिंतनीय विषय है। बस स्टैंड में सार्वजनिक प्याऊ नहीं होने से यात्रियों को पीने के पानी के लिए ईधर उधर भटकना पड़ता है। वोट देकर सत्ता की कुर्सी तक पहुंचाने वाली एवं टैक्स देकर सरकारी खजानों को लबालब भर देने वाली आम जनता को एक अदद पीने के पानी के लिए भटकना पड़ रहा है यह दुर्भाग्यजनक है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा, मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर तृतीय तल, सुपर मार्केट कॉम्पेक्स, राजा रघुराज सिंह स्टेडियम के सामने अग्रसेन चौक, बिलासपुर से प्रकाशित, RNI NO.CHHHIN/2015/62431 संपादक-चन्द्रशेखर धोटे *(पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी), स्थानीय संपादक-विक्रम सिंह ठाकुर, फोन नंबर : 07752-468654, navpradeshbilaspur01@gmail.com